हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक )

www.naisochlive.com | पटना, स, 08 जून 2026, वर्ष- 09, अंक- 104, पृष्ठ-12, मूल्य - 3:00 | naisochexpress@gmail.com

पेज : 12

शुभमन को टी20 टीम से बाहर रखने का कारण सामने आया



# भारत-इंडोनेशिया संयुक्त आयोग बैठक

## विदेश मंत्रियों ने की व्यापक रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने रविवार को नई दिल्ली में इंडोनेशिया के विदेश मंत्री सुगियोनो के साथ 8वीं भारत-इंडोनेशिया संयुक्त आयोग बैठक (जेसीएम) की सह-अध्यक्षता की। विदेश मंत्रालय के अनुसार दोनों मंत्रियों ने भारत-इंडोनेशिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की। साथ ही, उन्होंने राजनीतिक, रक्षा और सुरक्षा, समुद्री, व्यापार और निवेश, फार्मा और स्वास्थ्य सेवा, डिजिटल, ऊर्जा, कनेक्टिविटी, अंतरिक्ष, शिक्षा, कांसुलर और सांस्कृतिक क्षेत्रों तथा लोगों के बीच आपसी आदान-प्रदान में सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। मंत्रियों ने इस बात पर गौर किया कि राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच हुई बातचीत ने द्विपक्षीय संबंधों को नई गति प्रदान की है। दोनों पक्षों ने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया और क्षेत्रीय तथा बहुपक्षीय मंचों पर करीबी सहयोग और समन्वय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। मंत्रियों ने द्विपक्षीय संबंधों के बढ़ते और सकारात्मक रुझान का स्वागत किया और निकट भविष्य में आपसी सुविधा के अनुसार अगली संयुक्त आयोग बैठक आयोजित करने पर सहमति व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि इंडोनेशिया भारत की 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' का एक प्रमुख स्तंभ है। गहरे सभ्यतागत संबंधों पर आधारित, भारत-इंडोनेशिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी सहयोग के स्थापित और नए क्षेत्रों में लगातार मजबूत हो रही है।

## भारत आने का बहाना ढूंढता रहूंगा : सुगियोनो



**नई दिल्ली**। भारत और इंडोनेशिया के बीच द्विपक्षीय संबंधों को नई गति देने के उद्देश्य से रविवार को नई दिल्ली में भारत-इंडोनेशिया संयुक्त आयोग (जॉइंट कमीशन) की 8वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों देशों के बीच राजनीतिक, रक्षा, समुद्री सुरक्षा, व्यापार, निवेश, स्वास्थ्य, शिक्षा और सांस्कृतिक सहयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और इंडोनेशिया के विदेश मंत्री सुगियोनो ने की। इस दौरान इंडोनेशियाई विदेश मंत्री ने भारत की मेहमाननवाजी की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें यहां हमेशा विशेष सम्मान और अपनापन महसूस होता है। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, "मैं कुछ सप्ताह पहले भी नई दिल्ली आया था और आगे भी भारत आने का कोई न कोई बहाना ढूंढता रहूंगा।" उनके इस बयान ने बैठक के दौरान सौहार्दपूर्ण माहौल को और मजबूत किया। बैठक के उद्घाटन सत्र में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि चार वर्षों के अंतराल के बाद आयोजित हो रही यह संयुक्त आयोग बैठक दोनों देशों के संबंधों को नई दिशा देने का अवसर है। उन्होंने याद दिलाया कि वर्ष 2025 में भारत और इंडोनेशिया ने अपने राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मनाई थी। साथ ही उन्होंने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो की भारत यात्रा और 76वें गणतंत्र दिवस समारोह में उनकी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे दोनों देशों की व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नई ऊर्जा मिली है। जयशंकर ने कहा कि भारत और इंडोनेशिया हिंद-प्रशांत क्षेत्र के दो महत्वपूर्ण साझेदार हैं और दोनों देशों के बीच सहयोग के अनेक क्षेत्र मौजूद हैं। उन्होंने रक्षा एवं सुरक्षा, समुद्री सहयोग, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, फार्मास्यूटिकल्स, पर्यटन, शिक्षा तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। इंडोनेशियाई विदेश मंत्री सुगियोनो ने कहा कि 2022 के बाद आयोजित यह बैठक दोनों देशों के बीच सहयोग की प्रगति की समीक्षा करने और भविष्य की दिशा तय करने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के बीच हुई चर्चाओं के परिणामों को आगे बढ़ाने में यह बैठक अहम भूमिका निभाएगी। उल्लेखनीय है कि भारत और इंडोनेशिया के बीच संयुक्त आयोग तंत्र की स्थापना वर्ष 2001 में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत की गई थी। इससे पहले सातवीं संयुक्त आयोग बैठक जून 2022 में नई दिल्ली में आयोजित हुई थी। दोनों देशों ने इस बार भी रणनीतिक साझेदारी को ठोस परिणामों में बदलने और क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# फिर बढ़े घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम, अब 29 रु. ज्यादा देने होंगे

## तीन महीने के भीतर दूसरी बार बढ़े दाम

**नई सोच एक्सप्रेस। नई दिल्ली**



आम जनता की जेब पर एक बार फिर महंगाई की मार पड़ी है। घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में रविवार को इजाफा कर दिया गया है। इस बार प्रति सिलेंडर 29 रुपये की बढ़ोतरी की गई है, और नए रेट आज से ही पूरे देश में लागू हो गए हैं। इस ताजा बढ़ोतरी के बाद देश की राजधानी दिल्ली में 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 913 रुपये से बढ़कर अब 942 रुपये पर पहुंच गई है। गौरतलब है कि बीते तीन महीने के भीतर यह दूसरी बार है जब घरेलू गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाए गए हैं। इससे पहले सात मार्च को भी कीमतों में 60 रुपये की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। इस ताजा संशोधन के बाद देश के प्रमुख शहरों में घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम बदल गए हैं। अब दिल्ली में यह 942 रुपये, मुंबई में 941.50 रुपये, कोलकाता में 968 रुपये और चेन्नई में 957.50 रुपये में मिल रहा है। इसके अलावा नोएडा में 939.50 रुपये, बेंगलुरू में 915.50 रुपये, भुवनेश्वर में 968 रुपये, चंडीगढ़ में 951.50 रुपये, हैदराबाद में 994 रुपये, जयपुर में 945.50 रुपये, लखनऊ में 979.50 रुपये, तिरुअनंतपुरम् में 951 रुपये और पटना में सबसे अधिक 1031.50 रुपये कीमत हो गई है। राहत की बात यह है कि आज कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है, क्योंकि इसी महीने की शुरुआत में इसके रेट पहले ही बढ़ाए जा चुके थे। वर्तमान में दिल्ली में कॉमर्शियल सिलेंडर 3113.50 रुपये, कोलकाता में 3255.50 रुपये, मुंबई में 3067.50 रुपये और पटना में 3400 रुपये का मिल रहा है। इसके साथ ही, मौजूदा विषम परिस्थितियों को देखते हुए सरकार ने एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग और वितरण के नियमों को बेहद सख्त कर दिया है। अब बिना रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर के गैस सिलेंडर की बुकिंग नहीं कराई जा सकेगी। इसके अलावा, जब सिलेंडर आपके घर पहुंचेगा, तो डिलीवरी बॉय को ओटीपी देने के बाद ही आपको सिलेंडर मिल सकेगा। सरकार का मुख्य उद्देश्य इस पारदर्शी प्रक्रिया के जरिए रसोई गैस की कालाबाजारी पर पूरी तरह रोक लगाना है। नए नियमों के तहत अब ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन और शहरी क्षेत्रों में 25 दिन के अनिवार्य अंतराल पर ही एलपीजी सिलेंडर की दोबारा बुकिंग की जा सकेगी।

**होर्मुज में पैदा हुए संकट बनी वजह** : रिपोर्टों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में पैदा हुए संकट की वजह से स्थितियां काफी खराब हुई हैं, जिसके चलते तेल और गैस कंपनियों को एक घरेलू एलपीजी सिलेंडर पर मौजूदा समय में 700 रुपये तक का भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसी स्थिति से निपटने के लिए भारत सरकार की तरफ से घरेलू स्तर पर प्रोडक्शन बढ़ाने के कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही सरकार ने कंपनियों को कम से कम 30 दिनों का गैस स्टोरेज बढ़ाने के लिए भी कहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएफएचएस-6 फैक्टशीट में बताया गया स्वास्थ्य और पोषण परिणामों में हुआ सुधार

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE
सत्यमेव जयते

**नई दिल्ली**। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस)-6 की फैक्टशीट जारी करके बताया है कि देश के स्वास्थ्य, पोषण और जनसंख्या से जुड़े कई आंकड़ों में सुधार हुआ है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच देश के आम लोगों तक बढ़ी है, टीकाकरण कवरेज में सुधार हुआ है। प्रसवपूर्व देखभाल के उपयोग में वृद्धि दर्ज की गई है और स्तनपान से जुड़े परिणामों में भी सकारात्मक प्रगति देखने को मिली है। साथ ही वित्तीय समावेशन, बुजुर्ग आबादी की हिस्सेदारी और जनसंख्या संरचना से जुड़े नए आंकड़े भी पहली बार फैक्टशीट में शामिल किए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने फैक्टशीट में देश के स्वास्थ्य, पोषण और जनसंख्या से जुड़े 101 प्रमुख संकेतकों की स्थिति प्रस्तुत की है। एनएफएचएस-6 में कई नए परिणामों को भी शामिल किया गया है। इनमें जनसंख्या संरचना, बुजुर्ग आबादी का अनुपात, वित्तीय समावेशन, प्रसव पूर्व देखभाल सेवाओं का उपयोग, टीकाकरण कवरेज, गंभीर डायरिया की व्यापकता और स्तनपान से जुड़े विस्तारित संकेतक शामिल हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि परिवार नियोजन, बाल स्वास्थ्य, महिलाओं के स्वास्थ्य तथा एचआईवी से जुड़े कई विस्तृत परिणामों को हटाया नहीं गया है।

### राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार में ई-जागृति को रजत सम्मान

**नई दिल्ली**। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के विभाग के डिजिटल मंच 'ई-जागृति' को उपभोक्ता शिकायत निवारण प्रणाली में डिजिटल बदलाव और सरकारी प्रक्रियाओं को सरल व तेज बनाने के लिए प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) की ओर से राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार-2026 में रजत सम्मान प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार 'प्रौद्योगिकी के उपयोग से सरकारी प्रक्रियाओं के पुनर्गठन और डिजिटल परिवर्तन' श्रेणी में दिया गया है। 341 नामांकनों के बीच हुए मूल्यांकन के बाद ई-जागृति का चयन किया गया। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने रविवार को बताया कि 01 जनवरी 2025 को शुरू किए गए ई-जागृति मंच ने उपभोक्ता शिकायत निवारण प्रणाली को डिजिटल, पारदर्शी और अधिक सुलभ बनाया है। इस मंच के जरिए अब तक 2.29 लाख से अधिक उपभोक्ता मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें से 2.07 लाख मामलों का निपटारा किया जा चुका है। मंच की कुल निपटान दर 90.75 प्रतिशत रही है। मंत्रालय के अनुसार, ई-जागृति ने ओसीएमएस, ई-दाखिल, एनसीडीआरसी सीएमएस और कन्फोनेट जैसी चार पुरानी प्रणालियों को एकीकृत कर एआई-सक्षम और पूर्णतः पेपरलेस मंच उपलब्ध कराया है। वर्तमान में इस पर 4.15 लाख से अधिक उपयोगकर्ता पंजीकृत हैं। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान उपभोक्ता आयोगों में 1.65 लाख से अधिक मामले दर्ज हुए, जबकि 1.52 लाख से अधिक मामलों का निपटारा किया गया। इस अवधि में निपटान दर बढ़कर 92.30 प्रतिशत हो गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 89.47 प्रतिशत थी।

## नेपाल-भारत के बीच क्रॉस-बॉर्डर रेमिटेंस सेवा शुरू, अब तुरंत भेज सकेंगे पैसा




**काठमांडू**। नेपाल और भारत के बीच क्रॉस-बॉर्डर पर्सन-टु-पर्सन (पी2पी) रेमिटेंस सेवा शुरू कर दी गई है। इस सेवा के माध्यम से ग्राहक सुरक्षित डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए नेपाल और भारत के बीच तत्काल धनराशि भेज और प्राप्त कर सकेंगे। बैंक के अनुसार यह सेवा दोनों देशों के ग्राहकों के लिए सीमा-पार भुगतान को सरल, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से तैयार की गई है। इस सेवा के तहत नेपाली बैंक में खाता रखने वाले भारतीय नागरिक अब अपने मोबाइल बैंकिंग एप 'एनबैंक' का उपयोग कर भारत में रहने वाले अपने परिवारजनों और मित्रों को तुरंत पैसा भेज सकेंगे। नबिल बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज कुमार ज्ञावली ने कहा कि यह सेवा सीमा-पार भुगतान को तेज और आसान बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह नेपाल और भारत दोनों देशों में डिजिटल बैंकिंग सेवाओं को सुदृढ़ करने तथा ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। बैंक ने बताया कि सेवा के उपयोग में नियामकीय प्रावधानों और ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लेनदेन की सीमा निर्धारित की गई है। नेपाल से भारत धनराशि भेजने पर ग्राहक प्रतिदिन अधिकतम 15 हजार भारतीय रुपये तथा प्रति माह अधिकतम 1 लाख भारतीय रुपये तक भेज सकेंगे। भारत से नेपाल धनराशि भेजने की दैनिक अधिकतम सीमा 2 लाख भारतीय रुपये निर्धारित की गई है, जबकि इस दिशा में मासिक सीमा लागू नहीं होगी।

# मानसरोवर मार्ग पर नेपाल को है आपत्ति

**नई सोच एक्सप्रेस। नई दिल्ली**

- नेपाल के विदेश मंत्री खनाल ने फिर उठाया कालापानी-लिपुलेख का मुद्दा
- जयशंकर और डोभाल से मुलाकात में कहा- सहमति के बिना नहीं होने चाहिए समझौते



भारत दौरे पर आए नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल ने एक बार फिर कालापानी और लिपुलेख क्षेत्र को लेकर नेपाल का दावा दोहराते हुए इस मुद्दे को सार्वजनिक रूप से उठाया है। नेपाली विदेश मंत्री के इस बयान ने दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे सीमा विवाद को फिर चर्चा में ला दिया है। यह बयान ऐसे समय आया है जब उन्होंने नई दिल्ली में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात की है। कैलाश मानसरोवर यात्रा से जुड़े एक प्रश्न के जवाब में खनाल ने कहा कि यात्रा कई अलग-अलग सीमा मार्गों से संचालित होती है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु नेपाल के रास्ते भी यात्रा करते हैं। उन्होंने कहा कि नेपाल की मुख्य चिंता कालापानी और लिपुलेख क्षेत्र को लेकर भारत और चीन के बीच हुए समझौतों से जुड़ी है। उनके अनुसार नेपाल लगातार यह कहता रहा है कि यह क्षेत्र उसका हिस्सा है और नेपाल की सहमति के बिना किसी तीसरे पक्ष के साथ इस क्षेत्र से संबंधित समझौते नहीं किए जाने चाहिए। नेपाल के विदेश मंत्री ने कहा कि उनके देश ने इस संबंध में कूटनीतिक माध्यमों और आधिकारिक नोट के जरिए अपना पक्ष भारत और चीन दोनों के समक्ष स्पष्ट रूप से रखा है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच संवाद और आपसी सम्मान के आधार पर किसी भी जटिल मुद्दे का समाधान निकाला जा सकता है। खनाल ने अपने बयान में भारत-नेपाल संबंधों को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों को अतीत के विवादों से आगे बढ़कर साझा विकास, आर्थिक सहयोग और क्षेत्रीय समृद्धि पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उनके अनुसार नेपाल एक महत्वाकांक्षी और विकासोन्मुखी राष्ट्र के रूप में भारत के साथ मजबूत साझेदारी चाहता है। नेपाल में हाल के राजनीतिक परिवर्तनों और युवाओं की भूमिका पर चर्चा करते हुए खनाल ने कहा कि हालिया जनआंदोलनों ने देश की राजनीति को नई दिशा दी है। वहीं अग्निवीर योजना में नेपाली युवाओं की भर्ती के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि यदि भारत इस विषय पर औपचारिक चर्चा करना चाहे तो नेपाल बातचीत के लिए तैयार है। अपने संबोधन में खनाल ने भारत की आर्थिक और तकनीकी प्रगति की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि भारत आज वैश्विक मंच पर तेजी से उभरती हुई आर्थिक और तकनीकी शक्ति के रूप में स्थापित हो रहा है और नेपाल इस विकास यात्रा का साझेदार बनना चाहता है।

## विपक्षी गठबंधन की बैठक में 23 दल होंगे शामिल, 8 जून को नई दिल्ली में बैठक



**नई दिल्ली**। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने कहा कि विपक्षी इंडी गठबंधन की 8 जून को नई दिल्ली में होने वाली बैठक में 23 राजनीतिक दलों ने भाग लेने की पुष्टि की है। यह बैठक दोपहर 12 बजे कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में आयोजित की जाएगी। जयराम रमेश ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि इंडी गठबंधन (इंडिया जनबंधन) के कुछ दल अलग-अलग कारणों से इस विशेष बैठक में शामिल होने में असमर्थता जता चुके हैं। हालांकि, उन्होंने भी केंद्र सरकार की उन नीतियों और कार्रवाइयों का विरोध किया है, जो लाखों भारतीयों के मताधिकार को प्रभावित कर रही हैं, संविधान पर हमला कर रही हैं और जांच एजेंसियों के माध्यम से विपक्षी नेताओं को निशाना बना रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों से करोड़ों लोगों की रोजी-रोटी प्रभावित हो रही है। लगातार बढ़ती महंगाई घरेलू बजट पर असर डाल रही है। साथ ही युवाओं की उम्मीदों और आकांक्षाओं के साथ विश्वासघात हो रहा है। सरकार निवेश के माहौल को कमजोर कर रही है और अपनी विदेश नीति के जरिए राष्ट्रीय हितों से समझौता कर रही है।

## भारत से सीमा विवाद पर तीसरे पक्ष की मध्यस्थता की आवश्यकता नहीं : खनाल



**काठमांडू**। नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल ने कहा है कि भारत के साथ सीमा विवाद के समाधान के लिए नेपाल ने ब्रिटेन से किसी प्रकार की मध्यस्थता नहीं मांगी है। नेपाल का स्पष्ट मत है कि इस मुद्दे का समाधान दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संवाद के माध्यम से ही होना चाहिए। नई दिल्ली स्थित नेपाली दूतावास में एक पत्रकार सम्मेलन में खनाल ने भारतीय पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों से नेपाल अपने भूभाग से जुड़े मुद्दों पर लगातार कूटनीतिक नोट भेजता रहा है। संबंधित समझौता भारत और चीन के बीच हुआ था। हमने दोनों देशों को कूटनीतिक नोट के माध्यम से अपनी आधिकारिक स्थिति से अवगत कराया है। उन्होंने कहा कि लिपुलेख और कालापानी का क्षेत्र नेपाल का है। ऐतिहासिक रूप से वह भूभाग हमारा रहा है। प्रधानमंत्री ने भी यही आधिकारिक रुख व्यक्त किया है। खनाल ने कहा कि नेपाल-भारत सीमा विवाद का संबंध लंबे ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से नेपाल और भारत के बीच की सीमा का निर्धारण वर्ष 1816 की सुगौली संधि के आधार पर हुआ था। हम इस विवाद का समाधान कूटनीतिक माध्यमों से करना चाहते हैं। इसके लिए ऐतिहासिक प्रमाणों की आवश्यकता है।

# अवैध प्रवासियों को लेकर भारत-बांग्लादेश सीमा पर बढ़ा तनाव

**नई सोच एक्सप्रेस। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले स्थित हकीमपुर चेकपोस्ट इन दिनों एक असामान्य स्थिति का गवाह बन रही है। वर्षों से भारत में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिक अब स्वयं सामने आकर अपनी पहचान दर्ज करा रहे हैं और बांग्लादेश लौटने की इच्छा जता रहे हैं। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकारियों के अनुसार प्रतिदिन 200 से 300 लोग सत्यापन के लिए चेकपोस्ट पहुंच रहे हैं, जिससे वहां लंबी कतारें लग रही हैं। सीमा पर ऐसे लोगों की भीड़ बढ़ने से तनाव जैसे हालात बन गए हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ऐसे तमाम लोगों को सीधे सीमा पार भेजने के बजाय उनका बायोमीट्रिक सत्यापन और दस्तावेजों की जांच की जा रही है। इसके बाद उन्हें राज्य सरकार द्वारा बनाए गए होल्डिंग सेंटरों में भेजा जा रहा है। कई ऐसे लोग भी हैं जो वर्षों से भारत में रह रहे हैं और उनके पास आधार कार्ड सहित भारतीय दस्तावेज तो हैं, लेकिन बांग्लादेशी पहचान संबंधी कोई प्रमाण नहीं है। यही स्थिति उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। भारत-बांग्लादेश सीमा पर मौजूदा स्थिति को लेकर बीएसएफ के एक अधिकारी ने मीडिया को बताया, कि यह पहली बार है जब अवैध प्रवासियों को खोजने की आवश्यकता नहीं पड़ रही, बल्कि वे स्वयं अपनी पहचान दर्ज कराने पहुंच रहे हैं। स्थानीय सामाजिक संगठन 'भूखा मानुसेर अधिकार अभियान' के अनुसार सत्यापन कराने वाले अधिकांश लोग बांग्लादेश के विभिन्न जिलों से वर्षों पहले अवैध रूप से भारत आए थे। इस बीच उन लोगों की चिंता ज्यादा बढ़ गई है, जिनके पास किसी भी देश के नागरिक होने के प्रमाण नहीं हैं। ऐसे लोगों को आशंका है कि यदि दोनों देशों में से किसी ने भी उन्हें स्वीकार नहीं किया तो उनका भविष्य अनिश्चित हो जाएगा।

# महंगाई की डबल मार: रसोई गैस, ईंधन के बाद दूध-दाल और अनाज भी महंगे

**नई सोच एक्सप्रेस। नई दिल्ली**



आम जनता को महंगाई के मोर्चे पर एक और बड़ा झटका लगा है। घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 29 रुपये की बढ़ोतरी के बाद अब ईंधन, खाद्य पदार्थों और रोजमर्रा के इस्तेमाल की वस्तुओं के दाम भी लगातार बढ़ रहे हैं। बढ़ती कीमतों का सीधा असर आम परिवारों के मासिक बजट पर पड़ रहा है और रसोई का खर्च पहले की तुलना में काफी अधिक हो गया है। विशेषज्ञों के अनुसार पेट्रोल और डीजल की कीमतों में हालिया बढ़ोतरी के कारण परिवहन और लॉजिस्टिक्स लागत बढ़ गई है। इसका असर सप्लाई चेन पर पड़ा है और खाद्य वस्तुओं सहित लगभग हर उत्पाद महंगा हो गया है। दूध उत्पादकों पर पशु चारा, पैकेजिंग और ईंधन लागत का दबाव बढ़ने से कई डेयरी कंपनियों ने दूध की कीमतों में करीब दो रुपये प्रति लीटर तक वृद्धि की है। दाल, खाद्य तेल, सब्जियां और अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री भी महंगी हो गई हैं। बाजार विशेषज्ञों का अनुमान है कि आम परिवार की थाली का खर्च पिछले कुछ महीनों में करीब 30 प्रतिशत तक बढ़ा है। इसके अलावा साबुन, डिटर्जेंट और अन्य उपभोक्ता उत्पाद बनाने वाली एफएमसीजी कंपनियों ने भी बढ़ती लागत का हवाला देते हुए कीमतों में 2 से 14 प्रतिशत तक वृद्धि की है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अपनी हालिया रिपोर्ट में चेतावनी दी है कि यदि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी रहीं तो आने वाले समय में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में और बढ़ोतरी हो सकती है। इससे महंगाई पर अतिरिक्त दबाव पड़ेगा और खाद्य पदार्थों के साथ-साथ कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, सीमेंट, सिरेमिक तथा निर्माण सामग्री जैसे क्षेत्रों में भी कीमतें बढ़ सकती हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार घरेलू एलपीजी पर लागत और बिक्री मूल्य के बीच का अंतर यानी अंडर-रिकवरी वित्त वर्ष 2025-26 के अंत तक 60,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह पिछले वर्ष के 41,338 करोड़ रुपये की तुलना में काफी अधिक है। इस स्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार ने तेल विपणन कंपनियों को 30,000 करोड़ रुपये के मुआवजे को मंजूरी दी है। वहीं, उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को प्रति सिलेंडर 300 रुपये की सब्सिडी जारी रहेगी, जिससे 10.58 करोड़ से अधिक परिवार लाभान्वित होंगे।

## मानसून देश के सात राज्यों में पहुंचा

### मध्यप्रदेश-राजस्थान में आंधी के साथ बारिश

**नई दिल्ली**। मानसून महाराष्ट्र के देवगढ़ पहुंच गया है। अनुमान है कि अगले दो में यह पूरे महाराष्ट्र को कवर कर लेगा। पूर्वोत्तर के मिजोरम और मणिपुर में भी मानसून पहुंच चुका है। सम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिन में यह महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश के बाकी हिस्सों के साथ तेलंगाना और पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों में पहुंच सकता है। मानसून के कारण केरलम, कर्नाटक, गोवा और तमिलनाडु में कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। हालांकि चेन्नई में लगातार 5वें दिन पारा 40 डिग्री का आंकड़ा पार कर गया। उत्तर भारत में भी पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ दिल्ली, यूपी, पूर्वी राजस्थान में तेज गर्मी का दौर दोबारा शुरू हो गया है। यहां कई इलाकों में लू का अलर्ट जारी किया गया है। देश में गुजरात को छोड़कर अन्य सभी राज्यों में प्री-मानसून बारिश हो रही है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, झारखंड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश समेत नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में शनिवार को तेज बारिश हुई। मध्यप्रदेश में भोपाल समेत चार जिलों में 50किमी की रफ्तार से आंधी चली। राजस्थान के बीकानेर में बारिश के साथ ओले गिरे। यूपी के मऊ और गाजीपुर में भी शनिवार को बारिश हुई।

## प्रधानमंत्री ने अभिनेता सलीम कुमार के निधन पर जताया शोक



**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अभिनेता सलीम कुमार के निधन पर गहरा शोक जताया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर कहा, "दिग्गज अभिनेता सलीम कुमार के निधन से मैं अत्यंत व्यथित हूं। अपने विशिष्ट करियर के दौरान, उन्होंने विभिन्न भूमिकाओं में अपनी बहुमुखी प्रतिभा और यादगार प्रदर्शनों से अमिट छाप छोड़ी। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और अनगिनत प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति! उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता सलीम कुमार को बुखार और सांस लेने में तकलीफ के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहाँ शनिवार रात 10:43 बजे हृदयाघात के कारण मौत हो गयी।वह 56 साल के थे। प्रशंसकों ने 'आदमिंते मकान अबू' और 'पुलिवल कल्याणम' जैसी 300 से अधिक फिल्मों में उनकी यादगार भूमिकाओं को याद किया। उनके परिवार में पत्नी सुनीता और तीन बच्चे हैं। केरल ने उनके अंतिम संस्कार के लिए राजकीय सम्मान प्रदान किया है।

संक्षिप्त समाचार

## 15 जून से शुरू होंगी डीपीएड की परीक्षाएं

**पटना।** बिहार बोर्ड ने डिप्लोमा इन फिजिकल एजुकेशन कोर्स के प्रथम और द्वितीय वर्ष की परीक्षाओं की तारीखें घोषित कर दी हैं। शारीरिक शिक्षा के शिक्षकों के लिए आयोजित होने वाली यह परीक्षा 15 जून से शुरू होकर 25 जून तक चलेगी। बोर्ड ने परीक्षा शेड्यूल के साथ-साथ एडमिट कार्ड गाइडलाइंस भी जारी किए हैं। ? सत्रों की परीक्षा, हर दिन दो परीक्षाएं में होंगे इम्तिहानः शेड्यूल के मुताबिक, डीपीएड प्रथम वर्ष (सत्र 2025-27) की परीक्षा 15 जून से 19 जून 2026 तक आयोजित की जाएगी। इसके तुरंत बाद द्वितीय वर्ष (सत्र 2024-26) की परीक्षाएं 20 जून से शुरू होंगी, जो 25 जून 2026 तक संचालित की जाएंगी। बोर्ड ने बताया कि दोनों ही वर्षों की परीक्षाएं प्रतिदिन दो पालियों में ली जाएंगी। परीक्षा का कुल समय 3 घंटे 15 मिनट का तय किया गया है, सवाल समझने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त मिलेगा। बोर्ड ने सभी परीक्षार्थियों के एडमिट कार्ड आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं। हालांकि, छात्र इसे सीधे डाउनलोड नहीं कर सकेंगे। संबंधित कॉलेजों के प्राचार्यों को अपने यूजर आईडी और पासवर्ड से लॉगइन कर एडमिट कार्ड डाउनलोड करना होगा। इसके बाद कॉलेज प्रशासन उस पर अपने हस्ताक्षर और मुहर लगाकर ही छात्रों को सौंपेगा। बिहार बोर्ड ने साफ किया है कि बिना प्रिंसिपल के साइन और मुहर वाले एडमिट कार्ड के सहारे परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा।

## लाखों बेटियों तक पहुंचा एचपीवी सुरक्षा कवच

**पटना।** बिहार में सर्वाइकल (कोख) कैंसर से बचाव के लिए चल रहा एचपीवी टीकाकरण अभियान भ्रांतियों को पीछे छोड़ जन आंदोलन बन चुका है। आशा कार्यकतार्ओं (जैसे पुनपुन प्रखंड की मधु देवी) और एएनएम के घर-घर संवाद की बदौलत बिहार ने 13 लाख 62 हजार किशोरियों के लक्ष्य में से 86 प्रतिशत (11,50,701 किशोरियां) को सुरक्षित कर देश में चौथा स्थान हासिल किया है। यह संख्या शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने वाले गुजरात और मध्य प्रदेश की कुल लक्षित आबादी से भी दोगुनी है। बिहार में महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर मृत्यु का दूसरा सबसे बड़ा कारक है, जहाँ संक्रमण दर 14.1 प्रति लाख और मृत्यु दर 7.1 प्रति लाख है। पटना एम्स की डॉ. इंदिरा प्रसाद के अनुसार, टीकाकरण व स्क्रीनिंग ही सबसे प्रभावी रणनीति है। पटना के एक क्षेत्रीय कैंसर अस्पताल में 96 नमूनों की जांच में 77% मामलों में एचपीवी-16 और 17% में एचपीवी-18 वेरिएंट मिले थे। शुरूआत में अभियान के सामने प्रजनन क्षमता और दुष्प्रभावों से जुड़ी अफवाहें बड़ी चुनौती थीं। जनवरी 2025 में 'नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन' द्वारा पटना के 801 छात्रों पर किए गए शोध से पता चला कि चिकित्सा पृष्ठभूमि के 84% के मुकाबले गैर-चिकित्सा क्षेत्र के केवल 16% छात्रों को ही एचपीवी की जानकारी थी। इस भ्रम को दूर करने के लिए बिहार सरकार ने व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया। अभियान की सफलता सुनिश्चित करने में कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के कुशल मार्गदर्शन और अनुश्रवण की अहम भूमिका रही। कटिहार, औरंगाबाद, अरवल, सारण, गोपालगंज, वैशाली के जिला पदाधिकारी के मेहनत ने अभियान की सफलता सुनिश्चित की। अभियान के दौरान पंपलेट, पोस्टर्स, कूड़ा संग्रहण गाड़ियों और डॉ. मंजू गीता मिश्रा व डॉ. शांति राय जैसे विशेषज्ञों के वीडियो संदेशों के जरिए शंकाओं का समाधान किया गया। दो चरणों की विस्तृत माइक्रो-प्लानिंग के कारण यह अभियान सफल रहा है। अब शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए इसकी अवधि तीन महीने और बढ़ाई गई है।

## विश्व साइकिल दिवस पर पटना में आयोजित हुआ विशेष "फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल" कार्यक्रम

**पटना।** भारतीय खेल प्राधिकरण के खेल प्रशिक्षण केंद्र द्वारा विश्व साइकिल दिवस 2026 के अवसर पर बिहार सरकार एवं विभिन्न सहयोगी संस्थाओं के साथ मिलकर फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के विशेष संस्करण का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य साइकिलिंग के माध्यम से फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना था।इस अवसर पर 1,000 से अधिक साइकिल चालकों, खिलाड़ियों, युवा स्वयंसेवकों, फिटनेस प्रेमियों, अधिकारियों,अर्द्धसैनिक बलों, सार्वजनिक उपक्रमों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम फिट इंडिया मूवमेंट के तहत नागरिकों को नियमित शारीरिक गतिविधियों के लिए प्रेरित करने की दिशा में आयोजित किया गया।कार्यक्रम के आयोजन में डेकाथलॉन पटना, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी, एनडीआरएफ, आरपीएफ, एनसीसी पटना, ईएसआईसी क्षेत्रीय कार्यालय पटना, बिहार ओलंपिक संघ, बिहार साइक्लिंग संघ, बिहार योगासन संघ, बिहार सेपक टकरॉ संघ, बिहार जिम्नास्टिक संघ, पीईएफआई बिहार चैप्टर, क्रीड़ा भारती, सीए एसोसिएशन ऑफ इंडिया (पटना चैप्टर), पतंजलि वेलनेस सेंटर, टीम सीआईएसआरओ, माई भारत सहित कई संस्थाओं का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।साइकिल रैली का शुभारंभ आयकर गोलंबर, पटना से हुआ। रैली पटना जू तक पहुंची और पुनः आयकर गोलंबर लौटकर संपन्न हुई। लगभग 10 किलोमीटर की इस साइकिल यात्रा को सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ पूरा किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पटना साहिब के विधायक रत्नेश कुशवाहा थे। इस अवसर पर बिहार ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अजय कुमार, ईएसआईसी पटना के क्षेत्रीय निदेशक निरंजन कुमार, बिहार साइक्लिंग संघ के सचिव कौशल कुमार, कर्नल प्रकाश सिंह (एनसीसी) एवं कर्नल राम (एनसीसी) सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अपने संबोधन में रत्नेश कुशवाहा ने नागरिकों से साइकिलिंग को नियमित जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सप्ताह में कम-से-कम एक दिन साइकिल चलाने के लिए अवश्य निकालना चाहिए। उन्होंने कहा कि साइकिलिंग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान देती है।

## विक्रमशिला सेतु पर रिकॉर्ड समय में बने चार बेली ब्रिजों का पथ निर्माण मंत्री ने किया उद्घाटन

**भागलपुर।** बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री ई. कुमार शैलेंद्र ने आज भागलपुर स्थित विक्रमशिला सेतु पर रिकॉर्ड समय में निर्मित चार बेली ब्रिजों का उद्घाटन कर उन्हें आम जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के मार्गदर्शन एवं सहयोग से राज्य सरकार, जिला प्रशासन, सीमा सड़क संगठन (सीमा सड़क संगठन), पथ निर्माण विभाग तथा अन्य संबंधित एजेंसियों के संयुक्त प्रयासों से यह महत्वपूर्ण कार्य रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि विक्रमशिला सेतु के कुछ स्लैब क्षतिग्रस्त होने के बाद आम जनता को हो रही कठिनाइयों को देखते हुए सरकार ने त्वरित कार्रवाई की। परिणामस्वरूप मात्र 16 से 20 दिनों के भीतर चार बेली ब्रिजों का निर्माण कर उन्हें जनता के उपयोग हेतु उपलब्ध कराया गया। न्होंने बताया कि स्टील संरचना से निर्मित ये बेली ब्रिज आपात परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी अवसंरचना निर्माण का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता आम लोगों को सुरक्षित, सुगम एवं निर्बाध यातायात सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बेली ब्रिजों के चालू होने से भागलपुर सहित आसपास के जिलों के लाखों लोगों को बड़ी राहत मिलेगी ।विक्रमशिला सेतु के क्षतिग्रस्त हिस्से के स्थायी पुनर्निर्माण के संबंध में पूछे गए प्रश्न पर मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा निर्धारित समयसीमा के अनुरूप कार्य पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जो संकल्प लेते हैं, उसे पूरा करने की प्रतिबद्धता भी रखते हैं तथा निर्धारित अवधि के भीतर क्षतिग्रस्त स्लैब का पुनर्निर्माण सुनिश्चित किया जाएगा।इस अवसर पर मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि चारों बेली ब्रिजों का नियमित निरीक्षण एवं रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन रात्रि में एक घंटे का ब्लॉक लेकर आवश्यक मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य किया जाए। साथ ही प्रतिदिन ड्रोन के माध्यम से वीडियोग्राफी कर संरचना की स्थिति का आकलन किया जाए, ताकि किसी भी संभावित समस्या की समय रहते पहचान कर उसका समाधान किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान बीआरओ, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों, अभियंताओं, कर्मियों तथा निर्माण कार्य से जुड़े सभी सहयोगियों को उनके उत्कृष्ट योगदान, समर्पण एवं अथक परिश्रम के लिए सम्मानित किया गया।

# गायत्री परिवार का युवा आंदोलन राष्ट्र के नैतिक पुनर्जागरण की आधारशिला : राज्यपाल

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर गायत्री परिवार प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ, बिहार द्वारा आयोजित युवा सम्मेलन में राज्यपाल बिहार लेफ्टिनेंट जनरल सैय्यद अता हसनैन ने कहा कि वर्तमान समय में समाज को ऐसे युवाओं की आवश्यकता है जो ज्ञान के साथ संस्कार, क्षमता के साथ संवेदनशीलता तथा सफलता के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व का भी निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार का युवा आंदोलन इसी दिशा में एक प्रभावी एवं अनुकरणीय प्रयास है। अपने विस्तृत उद्बोधन में ने वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि उनका सम्पूर्ण जीवन सेवा, त्याग, करुणा और मातृत्व का जीवंत उदाहरण रहा है। उन्होंने कहा कि माताजी ने लाखों लोगों के जीवन में मानवीय संवेदनाओं और आध्यात्मिक चेतना का संचार किया तथा महिलाओं एवं युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया। राज्यपाल ने परम पूज्य पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आचार्य श्री केवल एक संत नहीं, बल्कि युगद्रष्टा चिंतक, राष्ट्रनिमार्ता एवं सामाजिक क्रांति के प्रणेता थे। उनके द्वारा स्थापित युग निर्माण आयोजन आज विश्व के अनेक देशों में मानवता, नैतिकता एवं सामाजिक जागरण का संदेश पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा कि विचार क्रांति का उनका संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना उनके जीवनकाल में था। इस अवसर पर प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ, बिहार के संयोजक मनीष कुमार ने स्वागत भाषण एवं गतिविधि प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि युवा प्रकोष्ठ पिछले 32 वर्षों से बिहार में युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण, नैतिक जागरण एवं सामाजिक दायित्वों के विकास हेतु सतत कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा पटना के विभिन्न क्षेत्रों में 32 बाल संस्कारशालाओं का संचालन किया जा रहा है, जहाँ हजारों निर्धन एवं वंचित बच्चों को निःशुल्क शिक्षा, संस्कार, योग, प्रार्थना, नैतिक शिक्षा एवं व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।मनीष ने बताया कि प्रकोष्ठ द्वारा नियमित रूप से युवा चेतना अभियान, वृक्षारोपण, नशामुक्ति जागरण, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, आपदा राहत सेवा, कैरियर मार्गदर्शन शिविर तथा सामाजिक समरसता के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि संगठन का लक्ष्य केवल कार्यक्रम करना नहीं, बल्कि युवाओं में सेवा, नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करना है।उन्होंने यह भी कहा कि आज का युवा यदि अपने समय का कुछ हिस्सा समाज और राष्ट्र के लिए समर्पित करे तो अनेक सामाजिक समस्याओं का समाधान संभव है। गायत्री परिवार युवाओं को ह्लमैं नहीं, हमह्व की भावना के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने महामहिम राज्यपाल के आगमन को संगठन के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन युवा शक्ति को नई दिशा एवं ऊर्जा प्रदान करेगा।

# आवासीय विद्यालय से लापता तीन छात्र 48 घंटे के भीतर सकुशल बरामद

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**काशनगर थाना क्षेत्र स्थित आवासीय विद्यालय कैरियर मेकर से लापता हुए तीन छात्रों को पुलिस ने 48 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विशेष जांच दल (SIT) का गठन किया और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर छात्रों का पता लगाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 4 जून की सुबह करीब 4 बजे तीन छात्र बिना किसी को बताए विद्यालय से निकल गए थे। लापता छात्रों में निरज कुमार, शिवम कुमार और आदित्य कुमार शामिल हैं। घटना की सूचना 5 जून को काशनगर थाना को मिली, जिसके बाद थाना कांड संख्या 48/26 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधिकारियों ने विद्यालय पहुंचकर जांच प्रारंभ की। घटनास्थल का निरीक्षण किया गया, एफएसएल टीम को बुलाया गया तथा ई-साक्ष्य पोर्टल पर भी घटना दर्ज की गई। छात्रों की सकुशल बरामदगी के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में SIT का गठन किया गया। जांच के दौरान विद्यालय से बाहर जाने वाले संभावित मार्गों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, तकनीकी अनुसंधान किया गया तथा छात्रों के परिजनों, विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों से पूछताछ की गई। लगातार प्रयासों के बाद शनिवार को करीब 1:30 बजे तीनों छात्रों को मानसी रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद कर लिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि लापता होने की सूचना मिलने के 48 घंटे के भीतर ही तीनों छात्रों को सुरक्षित बरामद कर लिया गया, जिससे परिजनों ने राहत की सांस ली है। मामले में आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# जुलाई के पहले सप्ताह तक पूरा होगा जाएगा कच्ची दरगाह विदुरपुर गंगा सेतु परियोजना

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने रविवार को कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना के निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने सचिव को बताया कि इस परियोजना को तेजी से पूरा किया जा रहा है और परियोजना का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। बचे हुये कार्य को जुलाई के पहले सप्ताह तक पूर्ण कर लिया जायेगा। बिहार के परिवहन बुनियादी ढांचे के लिए यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना है, जो राजधानी पटना और उत्तर बिहार के बीच कनेक्टिविटी को पूरी तरह से बदल देगी। विभाग के सचिव ने कार्य की गुणवत्ता की सराहना करते हुए निर्माण एजेंसी और परियोजना से जुड़े अभियंताओं को निर्देश दिए कि अंतिम चरण के कार्यों में कोई ढिलाई न बरती जाए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि सभी तकनीकी मानकों का पालन करते हुए कार्य को जुलाई, 2026 के पहले सप्ताह तक हर हाल में पूरा कर लिया जाय, ताकि आम जनता के लिए इस मार्ग को शीघ्र खोला जा सके। पटना जिला अन्तर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-30 पर अवस्थित कच्ची दरगाह एवं वैशाली जिला अन्तर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ सख्या-103 पर अवस्थित बिदुपुर के बीच गंगा नदी पर कुल 19.76 किमी लम्बाई के 6 लेन ग्रीनफिल्ड पुल परियोजना का निर्माण किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत 9.76 किमी लम्बा पुल तथा 10 किमी लम्बा पहुंच पथों का निर्माण कार्य शामिल है। इस परियोजना का भौतिक कार्य 98.1 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। वर्तमान में पुल पर फिनिशिंग कार्यों के साथ-साथ एक्सपेंशन जॉइंट्स की स्ट्रेसिंग और अन्य तकनीकी कार्य चल रहे हैं। प्रथम चरण में कच्ची दरगाह, पटना से राघोपुर दियारा, वैशाली (कुल लम्बाई 4.57 किमी) का उद्घाटन किया जा चुका है। यह सिक्स-लेन पुल, जो कि पटना के सबलपुर को एनएच-103 (बिदुपुर) से जोड़ता है, पटना-बख्तियारपुर बाईपास (एनएच-30) से सीधे जुड़ा होगा। सचिव ने कहा कि कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना के पूर्ण होने से इस क्षेत्र के लोगों को राजधानी पटना से निर्बाध सड़क सम्पर्कता मिलेगी। इस क्षेत्र में कृषि, उद्योग सहित अन्य व्यवसायों का और तेजी से विकास होगा। आकस्मिक चिकित्सा की स्थिति में इलाज के लिये पटना पहुँचने में मरीजों को भी काफी सुविधा होगी। यह परियोजना न केवल गंगा नदी को पार करने का एक सुगम मार्ग प्रदान करेगा, बल्कि हाजीपुर और समस्तीपुर की ओर जाने वाले यातायात को भी सुगम बनाएगा। यह मेगा प्रोजेक्ट पटना और उत्तर बिहार के बीच आवागमन को तेज, सुरक्षित और सुगम बनाएगा। यात्रा समय में बड़ी कमी आएगी और विकास को नई रफ्तार मिलेगी।सिक्स लेन पुल बिदुपुर तक शुरू किए जाने के बाद गांधी सेतु पर दबाव कम होगा।

# दिल्ली में होने वाली इंडिया गठबंधन की बैठक विपक्षी एकता का एक खोखला नाराः मंगल

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**दिल्ली में इंडिया गठबंधन की एक और बैठक होने जा रही है। बंगाल की पूर्व सीएम और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सपा प्रमुख अखिलेश यादव सहित दर्जनों विपक्षी दलों के नेता इस महामंथन् में शामिल होंगे। एजेंडा वही घिसा-पिटा है - केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना। जनता पिछले एक दशक से यह तमाशा देख रही है। जब-जब चुनाव नजदीक आता हैं, विपक्षी दल एकता-एकता का राग अलापने लगते हैं। पर धरातल पर इस एकता का नतीजा क्या रहा? इंडिया ब्लॉक की बैठक से पहले सहयोगी दलों ने कांग्रेस पर साथ न देने का आरोप लगाया है। शनिवार को सीपीआई (एम) के महासचिव ने भी पत्र लिखकर नाराजगी जाहिर की। जेएमएम कांग्रेस द्वारा झारखंड में राज्यसभा उम्मीदवारों के नाम घोषित करने से नाराज है। वहीं डीएमके भी 8 जून को होने वाली बैठक में शामिल नहीं होगी। श्री पांडेय ने कहा कि बिहार में कांग्रेस, वामदल और राजद साथ हैं, पर केरल में कांग्रेस और वाम दल एक-दूसरे के खिलाफ लाठियां भांजते हैं। बंगाल में तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस कार्यकतार्ओं को पिटवाती है और दिल्ली में वही ममता दीदी संविधान बचाओ का भाषण देंगी। यूपी में सपा और कांग्रेस एक-दूसरे को धोखेबाज कहते हैं, पर दिल्ली की प्रेस कॉन्फ्रेंस में गले मिलेंगे। यही है इनकी एकता का सच। राहुल जी हर मंच से नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने की बात करते हैं। मगर हकीकत यह है कि उनके गठबंधन की दुकान का शटर हमेशा आधा गिरा रहता है। पार्टी के अंदर ही गुटबाजी है। श्री पांडेय ने कहा कि कांग्रेस पहले अपनी पार्टी को तो एकजुट कर लें फिर देश की एकता की बात करें। अखिलेश जी परिवारवाद को बढ़ावा देते हैं। वहीं ममता बनर्जी ने बंगाल में विरोधियों की आवाज दबाने का काम किया, अब लोकतंत्र की रक्षा का ठेका लेंगी। श्री खड़गे की कांग्रेस में चलती तब है जब राहुल इजाजत दें। यहां दर्जन दल दर्जन प्रधानमंत्री पद के दावेदार हैं। चुनाव के समय सीट बंटवारे की बात आते ही यह गठबंधन धराशायी हो जाता है। पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला। आयुष्मान भारत से करोडों लोगों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मिला। उज्ज्वला से करोड़ों माताओं-बहनों को धुएं से मुक्ति मिली। कोविड में दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चलाया। जी-20 की सफल मेजबानी की। आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इन उपलब्धियों पर चर्चा करने की बजाय विपक्ष केवल नकारात्मकता फैलाता है।

## राजद को लोकतांत्रिक मर्यादाओ और जनहित के मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए : हम

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता श्याम सुन्दर शरण ने कहा है कि राष्ट्रीय जनता दल और लालू परिवार मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के बढ़ते राजनीतिक प्रभाव और जनस्वीकृति से असहज दिखाई दे रहे हैं। यही कारण है कि उनके खिलाफ लगातार एक सुनियोजित राजनीतिक अभियान चलाया जा रहा है तथा कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को भी व्यक्तिगत दुर्भावना के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया जा रहा है।श्री शरण ने कहा कि लोकतंत्र में कानून और संवैधानिक व्यवस्थाओं का सम्मान सर्वोपरि होना चाहिए। जो लोग स्वयं कानून और संवैधानिक मूल्यों की बात करते हैं, उन्हें सबसे पहले अपने आचरण में उसका पालन सुनिश्चित करना चाहिए। सार्वजनिक जीवन में शुचिता, जवाबदेही और मयार्दा लोकतंत्र की बुनियादी आवश्यकताएं हैं।उन्होंने कहा कि बिहार की जनता आज विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसानों और युवाओं के मुद्दों पर सार्थक राजनीति की अपेक्षा रखती है। ऐसे समय में नेता प्रतिपक्ष श्री तेजस्वी यादव को जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाना चाहिए और जनता के बीच जाकर उनके हितों के लिए संघर्ष करना चाहिए। दुर्भाग्यवश, जनहित के प्रश्नों के बजाय व्यक्तिगत सुरक्षा और आवास जैसे विषयों को राजनीतिक मुद्दा बनाने का प्रयास किया जा रहा है, जो विपक्ष की प्राथमिकताओं पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।श्री शरण ने कहा कि लगातार चुनावी पराजयों के बावजूद यदि कोई दल आत्ममंथन करने के बजाय राजशाही मानसिकता से बाहर नहीं निकलता, तो जनता उससे और अधिक दूर होती चली जाती है। लोकतंत्र में विशेषाधिकार नहीं, बल्कि जनसेवा सर्वोच्च होती है।उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल और उसके नेतृत्व को सलाह दी कि वे व्यक्तिगत और पारिवारिक मुद्दों की राजनीति से ऊपर उठकर जनता के वास्तविक सरोकारों पर ध्यान केंद्रित करें। जनहित, विकास और सुशासन के मुद्दों पर सकारात्मक भूमिका निभाकर ही वे जनता का विश्वास पुनः अर्जित कर सकते हैं तथा लोकतंत्र में एक जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं।

## राजद को मिला नया प्रखंड अध्यक्ष, उदय कुमार को सौंपी गई जिम्मेदारी

नई सोच एक्सप्रेस



**पुनपुन।**राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के पुनपुन प्रखंड अध्यक्ष पप्पू चंद्रवंशी का कार्यकाल समाप्त होने के बाद पार्टी ने संगठन को नया नेतृत्व देते हुए उदय कुमार को पुनपुन प्रखंड अध्यक्ष नियुक्त किया है। उदय कुमार, कृष्ण प्रसाद यादव के पुत्र हैं और लखनपार पंचायत, थाना पुनपुन, जिला पटना के निवासी हैं। राजद के जिला अध्यक्ष दीनानाथ यादव ने उदय कुमार को पुनपुन प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष उदय कुमार ने कहा कि वे पार्टी की विचारधारा और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा उन्हें जो भी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।कार्यक्रम में मोरवा विधायक रणविजय साहू, मोहम्मद अफरोज आलम, कुमार विमल, अनिल यादव, अशोक यादव, विजय यादव, दिलीप कुमार सहित बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने उदय कुमार को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए संगठन के विस्तार और मजबूती की कामना

## एलपीजी की कीमत में बढ़ोतरी जन विरोधीः भाकपा

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने घरेलू गैस की कीमत में की गई बढ़ोत्तरी का विरोध प्रकट करते हुए केन्द्र सरकार से बढ़ी कीमत वापस लेने की मांग की है। एलपीजी सिलेंडर के दाम में 29 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोत्तरी की गई, जो पिछले तीन महीनों में दूसरी बार घरेलू गैस में वृद्धि बताई गई है। अब बिहार के उपभोक्ताओं को कम से कम 1040 रुपये एक सिलेंडर गैस के लिए भुगतान करना पड़ेगा। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि ईंधन की कीमतों में लगातार बढ़ोत्तरी, एक चुनौतीपूर्ण वैश्विक स्थिति में जनता के हितों की रक्षा करने में मोदी सरकार की विफलता को दशार्ती है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि आम जनता पर महंगाई का असहनीय बोझ बढ़ता जा रहा है। केन्द्र की मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियों के कारण गैस की कीमतों में लगातार वृद्धि ने आम आदमी, किसान, मजदूर, छोटे दुकानदार और मध्यम वर्ग का कमर तोड़ दी है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मानती है कि पैट्रोल, डीजल, गैस की मूल्यवृद्धि कर-आधारित लूट और कॉरपोरेट पक्षधर नीति का नतीजा है। पेट्रोल, डीजल और एलपीजी को जीएसटी के दायरे में लाकर अधिकतम 18 प्रतिशत कर लगाया जाए। केन्द्र सरकार पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क और राज्य सरकारें वैट तत्काल कम करें। रसोई गैस की कीमत 500 रुपये से अधिक न हो और गरीब परिवारों को सब्सिडी दी जाए। आवश्यक वस्तुओं पर मूल्य नियंत्रण लागू कर कालाबाजारी और जमाखोरी पर रोक लगे। भाकपा राज्य सचिव ने गैस की बेतहाशा मूल्यवृद्धि की कड़ी निंदा की है और राज्य की जनता से इस लूट के विरुद्ध व्यापक रूप से गोलबंद होने की अपील की है। भाकपा ऐसे जन-विरोधी कदमों का कड़ा विरोध करती है, और सरकार द्वारा आम उपभोक्ताओं पर किए गए इस हमले को वापस लेने के लिए संघर्ष का आह्वान करती है।

# मोकामा शटल ट्रेन के पूरे हुए 100 साल

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**बिहार के रेलवे इतिहास का एक स्वर्णिम अध्याय 100 वर्ष पूरा कर गया। लाखों यात्रियों की यादों, रोजमर्रा की जिंदगी और सफर से जुड़ी प्रतिष्ठित "मोकामा शटल" ने अपनी सेवा के 100 वर्ष पूरे कर लिए हैं। एक जून 1926 को शुरू हुई यह ट्रेन आज भी पटना और मोकामा के बीच हजारों छात्रों, कर्मचारियों, व्यापारियों और आम यात्रियों की जीवनरेखा बनी हुई है। आज भले ही इसे बरौनी-मोकामा-दानापुर शटल के नाम से जाना जाता हो, लेकिन इसकी पहचान अब भी "मोकामा शटल" के रूप में ही कायम है। यह सिर्फ एक ट्रेन नहीं, बल्कि बिहार के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक इतिहास का जीवंत हिस्सा है। इस सवाल का जवाब बिहार के भूगोल और इतिहास में छिपा है। गंगा के दक्षिणी तट पर बसा मोकामा कभी उत्तर और दक्षिण बिहार को जोड़ने वाला सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव हुआ करता था। "मोकामा" शब्द अरबी-फारसी मूल के शब्द "मकाम" से निकला माना जाता है, जिसका अर्थ होता है पड़ाव, ठिकाना या विश्राम स्थल। पटना जिला भी मोकामा से शुरू होता है और 89 किमी दूर पटना जंक्शन रेलवे स्टेशन है। ब्रिटिश काल में जब मोकामा में गंगा नदी पर राजेंद्र सेतु का निर्माण नहीं हुआ था, तब गंगा पार करने के लिए स्टीमर और नाव ही प्रमुख साधन थे। बेगूसराय, समस्तीपुर और उत्तर बिहार के अन्य इलाकों से लोग पहले स्टीमर के जरिए मोकामा घाट पहुंचते थे और फिर यहां से ट्रेन पकड़कर पटना जाते थे। इसी वजह से मोकामा पूर्वी भारत का एक महत्वपूर्ण रेलवे और व्यापारिक केंद्र बन गया।तत्कालीन ईस्ट इंडियन रेलवे ने 1 जून 1926 को मोकामा से पटना के बीच शटल सेवा शुरू की थी। इसके संचालन की आधिकारिक सूचना 5 जून 1926 को 'बिहार हेराल्ड' अखबार में प्रकाशित हुई थी। उस दौर में ट्रेन मोकामा से सुबह रवाना होकर बाढ़, बख्तियारपुर, फतुहा और पटना सिटी होते हुए पटना जंक्शन पहुंचती थी। उस समय यह सीमित स्टेशनों पर रुकती थी और यात्रियों के लिए सबसे भरोसेमंद साधन मानी जाती थी। रेल यात्रियों के बीच मोकामा शटल की एक खास पहचान आज भी कायम है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि शटल किसी स्टेशन से रवाना हो जाए तो उसके पीछे आने वाली कई महत्वपूर्ण एक्सप्रेस और प्रीमियम ट्रेनों को भी उसके पीछे चलना पड़ता है। यही कारण है कि यह ट्रेन रेलवे परिचालन के लिहाज से भी विशेष महत्व रखती है। समय के साथ इसका विस्तार मोकामा से आगे बरौनी तक कर दिया गया। हालांकि यात्रियों का कहना है कि रूट बढ़ने के बाद इसकी समयबद्धता पर कुछ असर पड़ा है, लेकिन इसकी लोकप्रियता आज भी कम नहीं हुई है। पिछले 100 वर्षों में बिहार ने अनेक बदलाव देखे, लेकिन मोकामा शटल ने हर दौर में लोगों को जोड़ने का काम किया। शिक्षा, रोजगार, व्यापार और सामाजिक संपर्क का माध्यम बनी यह ट्रेन आज भी हजारों लोगों की दैनिक जिंदगी का अभिन्न हिस्सा है। अपनी शताब्दी पूरी करने के साथ मोकामा शटल सिर्फ एक रेल सेवा नहीं, बल्कि बिहार की विरासत, विकास और जनजीवन की कहानी बन चुकी है।

# विनय कुमार बने केंद्र सरकार की हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**केन्द्र सरकार ने बिहार तथा झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार और राष्ट्रीय समाचार एजेंसी यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया के बिहार-झारखंड के कोऑर्डिनेटर विनय कुमार को केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया है। इस समिति के अध्यक्ष केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान हैं। मंत्रालय के उप सचिव डीएसएस श्रीनिवासा राव द्वारा जारी पत्र के अनुसार मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन किया गया है। इस समिति में लोकसभा और राज्यसभा के कई सदस्यों के अलावा भारतीय प्रशासनिक सेवा के सचिव तथा अध्यक्ष स्तर के अधिकारी भी बतौर सदस्य शामिल हैं। इस संबंध में भारत सरकार के गजट के माध्यम से अधिसूचना जारी कर दी गई है । गौरतलब है कि करीब साढ़े तीन दशक से बिहार और झारखंड में कई दैनिक समाचार पत्रों के अलावा यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया, हिंदुस्थान समाचार के ब्यूरो प्रमुख और विशेष संवाददाता के रूप में कार्य कर चुके श्री कुमार ने इसके पूर्व भी केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, ग्रामीण विकास , इस्पात मंत्रालय समेत कई मंत्रालयों की विभिन्न समितियों के सदस्य के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने सूरीनाम में आयोजित सातवें विश्व हिंदी सम्मेलन को भी एक पत्रकार के रूप में कवर किया था। श्री कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन पर जो विश्वास व्यक्त किया गया है, उस पर वह पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। गौरतलब है कि विनय कुमार जमुई जिले के खैरा प्रखंड के खैरा गांव के रहने वाले हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 42 पुड़िया स्मैक के साथ एक महिला व एक पुरुष गिरफ्तार

**दानापुर**। शाहपुर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तुरहाटोली इलाके से एक महिला समेत एक व्यक्ति को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 42 पुड़िया स्मैक और करीब 14,770 रुपए नगद बरामद किए गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार शाहपुर पुलिस अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ छापामारी करते हुए तुरहाटोली इलाके से एक महिला श्यामला देवी और राजेश राम को 42 पुड़िया स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के क्रम में अभियुक्तों ने बताया कि सभी स्मैक की पुड़िया ग्राहकों को बेचने के लिए रखे थे। शाहपुर थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह ने बताया कि दोनों अभियुक्त इलाके में स्मैक बेचने का काम करते थे। गुप्त सूचना के आधार पर उनकी गिरफ्तारी की गई है। स्मैक की पुड़िया व नगद रुपए बरामद किया गया है। दोनों आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### माइक्रोफाइनेंस कंपनी और एजेंट पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**पटना**। सदर थाना क्षेत्र पूर्णिया में एक महिला के साथ माइक्रोफाइनेंस ऋण दिलाने के नाम पर कथित धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। इस संबंध में सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, जानकीनगर निवासी कल्याणी कुमारी ने आवेदन देकर आरोप लगाया है कि 3 जून को एक माइक्रोफाइनेंस कंपनी के प्रतिनिधियों ने उन्हें ऋण उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। आरोप है कि कंपनी के कर्मियों ने बैंक खाता खुलवाने और ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया के नाम पर उनसे नकद राशि ली तथा बाद में उनके खाते में बड़ी राशि जमा होने का आश्वासन दिया। शिकायत में कहा गया है कि आरोपियों ने पहले उनसे करीब 5,000 रुपये जमा कराए और बाद में खाते में एक लाख रुपये ऋण राशि आने की बात कही। हालांकि निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी न तो ऋण राशि प्राप्त हुई और न ही खाता खोला गया। इसके बाद महिला को अपने साथ ठगी होने का संदेह हुआ। पुलिस ने पीड़िता के आवेदन के आधार पर माइक्रोफाइनेंस कंपनी, उसके कथित संचालक तथा एक एजेंट के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4), 316(2) एवं 336(2) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। सदर थाना पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आरोपों की सत्यता के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### दिल्ली श्री माता वैष्णो देवी स्पेशल ट्रेन के एक स्लीपर कोच में क्रैक डेवलप होने के बाद तुरंत उठाए कठोर कदम

**पटना**।विगत 6 जून 2026 को दिल्ली श्री माता वैष्णो देवी स्पेशल ट्रेन के एक स्लीपर कोच में लुधियाना में क्रैक डेवलप होने के बाद तुरंत सुधारात्मक और कठोर कदम उठाए गए हैं. रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी कि सभी ICF कोचों के लिए सेफ्टी ड्राइव चलाया गया है जिसमें कोच के संवेदनशील एरिया में जंग / क्षरण पर विशेष बल दिया गया है. सभी कोचों की अगले 1 सप्ताह के अंदर जांच की जाएगी I जिनमें अत्यधिक क्षरण है , उसे हटाया जाएगा I मुख्यालय, वर्कशॉप तथा मंडल के अधिकारी इनका सुपर - चेक करेंगे I इससे संबंधित जानकारीयुक्त वीडियो क्षेत्रीय रेलवे द्वारा जारी किया गया है I उपकरणों के प्रयोग जैसे - इंडोस्कोपी कैमरा, अल्ट्रासोनिक थिकनेस गेज आदि को संवेदनशील एरिया को जांचने के लिए उपयोग में लाया जाएगा I पीरियॉडिक ओवरहॉलिंग करने वाले सभी वर्कशॉप का अगले एक माह में ऑडिट किया जाएगा I स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोटोकॉल को सरलीकृत किया जा रहा है ताकि उच्च क्षरण या ऐसे कोच जिनमें बहुत ज्यादा मरम्मत की लागत है, वैसे कोचों को अपेक्षाकृत तेजी से निरस्त किया जा सके I

### ट्रॉली सहित चोरी हुआ ट्रैक्टर बरामद, चोरों की तलाश में जुटी पुलिस



**पुनपुन**।पुनपुन थाना क्षेत्र अंतर्गत पकड़ी गांव स्थित लक्ष्मण झूला पुल के समीप बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने ट्रॉली सहित एक ट्रैक्टरf चोरी कर लिया। घटना के बाद पीड़ित ने पुनपुन थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी।जानकारी के अनुसार, पकड़ी गांव निवासी शंकर यादव उर्फ पतली यादव, पिता जगशोहरी यादव, ने बताया कि उनका ट्रैक्टर ट्रॉली सहित घर के पास सड़क किनारे खड़ा था। गुरुवार, 4 जून 2026 की सुबह जब वे घर से बाहर निकले तो ट्रैक्टर गायब मिला। काफी खोजबीन के बावजूद जब कोई सुराग नहीं मिला, तब उन्होंने पुनपुन थाना को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुनपुन पुलिस सक्रिय हो गई और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान करने में जुट गई। इस संबंध में पुनपुन थाना अध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि शंकर यादव द्वारा ट्रैक्टर एवं ट्रॉली चोरी होने का लिखित आवेदन दिया गया था।पुलिस की कार्रवाई के दौरान चोरी हुआ ट्रैक्टर बेलदारीचक सड़क किनारे लावारिस अवस्था में बरामद कर लिया गया। हालांकि ट्रॉली और चोरी में शामिल आरोपियों का अब तक पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर चोरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।स्थानीय लोगों ने ट्रैक्टर बरामद होने पर राहत जताई है, वहीं क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं को लेकर चिंता भी व्यक्त की है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### सच्चे भक्त की पुकार पर भगवान सदैव उसकी रक्षा और कल्याण के लिए उपस्थित होतेः कृष्णा नंद



**पटना**। बुद्धा हेरिटेज हॉल पाटलिपुत्र कॉलोनी में आयोजित 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन वृंदावन के कथा व्यास श्री कृष्णानंद जी महाराज के श्रीमुख से कंश वध,गोपी उद्धव संवाद और रुक्मिणी विवाह का वर्णन सुन भावविभोर गए श्रद्धालु । कथा के किरदार के रुप में सजे श्रद्धालुओं की भागीदारी ने कथा वाचन और भजन गायन को और जीवंत बना दिया। कृष्णानंद ने भगवान श्री कृष्ण के बाल रूप के एक रोचक प्रसंग को सुनाते हुए कहा कि एक बार यशोदा माँ यमुना नदी में दीप दान कर रहीं थीं। पत्तों में दीप रखकर जब वह उन्हें प्रवाहित कर रहीं थीं तब उन्होंने देखा कि कोई भी दीप आगे नहीं जा रहा था। ध्यान से देखने पर उन्होंने पाया कि कान्हा जी एक लकड़ी लेकर सारे दीप जल से बाहर निकाल रहे थे। यशोदा माँ ने कान्हा से पूछा "लल्ला ! तुम ये क्या कर रहे हो? कान्हा ने कहा मैय्या ! यह सब डूब रहे थे। इस कारण मैं इन्हें बचा रहा हूँ। कान्हा का उत्तर सुनकर यशोदा मैय्या हँसने लगीं और बोलीं- "लल्ला ! तुम किस-किस को बचाओगे ?यह सुनकर कान्हा जी ने बहुत ही सुन्दर जवाब दिया- "मैय्या ! मैंने सबका ठेका नहीं लिया हुआ है लेकिन जो मेरी ओर आयेंगें मैं उन्हें अवश्य बचाऊँगा।इसलिए हमें सदैव प्रभु का ध्यान करना चाहिए और उनकी शरण में रहना चाहिए।रुक्मिणी विदर्भ के राजा भीष्मक की परम सुशील, गुणवान और भगवान श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त पुत्री थीं। उन्होंने श्रीकृष्ण के दिव्य गुणों का श्रवण करके उन्हें अपने हृदय का स्वामी मान लिया था। किन्तु उनके भाई रुक्मी ने उनका विवाह शिशुपाल से निश्चित कर दिया।विवाह से पूर्व रुक्मिणी ने एक ब्राह्मण के माध्यम से श्रीकृष्ण को संदेश भेजा कि वे आकर उन्हें स्वीकार करें। भक्त की पुकार सुनकर श्रीकृष्ण तुरंत विदर्भ पहुँचे। जब रुक्मिणी देवी मंदिर से लौट रही थीं, तब श्रीकृष्ण उन्हें अपने रथ पर बैठाकर ले गए। रुक्मी और अन्य राजाओं ने उनका पीछा किया, परंतु भगवान के पराक्रम के सामने सब पराजित हो गए।

# कैंसर सर्वाइवर्स दिवस पर 60 से अधिक कैंसर विजेता सम्मानित

नई सोच एक्सप्रेस



» मेदांता ने योग व स्वास्थ्य जागरूकता का दिया संदेश

**पटना**।कैंसर सर्वाइवर्स दिवस के अवसर पर जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना द्वारा दो महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. एक ओर अस्पताल परिसर में कैंसर से जंग जीत चुके 60 से अधिक कैंसर विजेताओं को सम्मानित किया गया, वहीं दूसरी ओर पतंजलि योगपीठ के सहयोग से कंकड़बाग स्थित शिवाजी पार्क में योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कैंसर सर्वाइवर्स दिवस पर आयोजित विशेष इंटरैक्टिव कार्यक्रम में कैंसर से सफलतापूर्वक उपचार प्राप्त कर चुके मरीजों ने अपने संघर्ष, उपचार और स्वस्थ जीवन की ओर वापसी की प्रेरणादायक कहानियां साझा कीं. मरीजों ने बताया कि समय पर उपचार, परिवार का सहयोग, चिकित्सकों का मार्गदर्शन और सकारात्मक सोच ने उन्हें बीमारी से लड़ने की ताकत दी. इस अवसर पर अस्पताल के कैंसर विशेषज्ञों ने कहा कि कैंसर अब केवल भय का विषय नहीं है. समय पर पहचान, आधुनिक चिकित्सा तकनीक, सही उपचार और नियमित फॉलोअप के माध्यम से कई मरीज सामान्य और बेहतर जीवन जी रहे हैं. विशेषज्ञों ने शरीर में होने वाले असामान्य बदलावों को नजरअंदाज नहीं करने और समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने की अपील की. डॉ. चंदन कुमार झा, डॉ. अमरेन्द्र अमर, डॉ. अमित कुमार, डॉ. संदीप कुमार तथा डॉ. माला सिन्हा ने कैंसर के प्रति जागरूकता, समय पर जांच और आधुनिक उपचार पद्धतियों की महत्ता पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि कैंसर सर्वाइवर्स समाज के लिए साहस, उम्मीद और सकारात्मक सोच के प्रतीक हैं. वहीं मेदांता पटना एवं पतंजलि योगपीठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में 200 से अधिक लोगों ने भाग लिया. कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को स्वस्थ जीवनशैली, योग, रोग प्रतिरोधक क्षमता और निवारक स्वास्थ्य देखभाल के प्रति जागरूक करना था. कार्यक्रम में योगाभ्यास, प्राणायाम तथा स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया. इस दौरान मेदांता के डायरेक्टर क्लिनिकल कार्डियोलॉजी डॉ. अजय कुमार सिन्हा ने कहा कि हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचाव के लिए नियमित व्यायाम, संतुलित खान-पान, समय पर जांच और योग बेहद आवश्यक है. कार्यक्रम में भारत स्वाभिमान न्यास, पतंजलि योग समिति तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भी सहभागिता रही. वक्ताओं ने स्वस्थ समाज के निर्माण में योग और जागरूकता की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया. मेदांता प्रबंधन ने कहा कि अस्पताल केवल उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि जन-जागरूकता, निवारक स्वास्थ्य सेवाओं और सामुदायिक स्वास्थ्य पहलों के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने के लिए भी प्रतिबद्ध है.

## वाहन चेकिंग के दौरान चोरी का ऑटो बरामद, एक गिरफ्तार



नई सोच एक्सप्रेस

**पुनपुन**।पुनपुन थाना क्षेत्र के अजय चौक के समीप रविवार सुबह चलाए गए वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने चोरी के एक ऑटो के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक की पहचान नीतीश कुमार, पिता सूरज यादव, ग्राम हब्बीपुर, थाना पुनपुन, जिला पटना निवासी के रूप में हुई है। पुनपुन थाना अध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि रविवार को अजय चौक के पास नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक टेंपो (ऑटो) को रोककर उसके दस्तावेजों एवं रजिस्ट्रेशन नंबर की जांच की गई। सत्यापन के क्रम में पता चला कि ऑटो का रजिस्ट्रेशन नंबर BR01PM3184 है, जो गौरीचक थाना कांड संख्या 269/26, दिनांक 09 अप्रैल 2026, धारा 303(2) बीएनएस में दर्ज चोरी के मामले से संबंधित है।जांच में यह भी सामने आया कि उक्त ऑटो 9 अप्रैल 2026 को गौरीचक बाजार से चोरी हो गया था। वाहन चेकिंग के दौरान चोरी के ऑटो के साथ पकड़े गए युवक को पुलिस ने तत्काल हिरासत में ले लिया।थाना अध्यक्ष ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है तथा मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि चोरी की इस घटना में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। वाहन चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि अपराध और वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

## नशे की आदत मौत को दावत : प्रेम कुमार

नई सोच एक्सप्रेस



» प्रेम यूथ फाउंडेशन ने किया नशामुक्ति कार्यक्रम का आयोजन स्वयंसेवको ने ली शपत

**पटना**।नशा हर तरह के अपराध की जननी है . आजकल का युवा वर्ग पहले तो फ़ैशन के तौर पर नशीले पदार्थ का प्रयोग शुरू करता है लेकिन बाद में जाकर यह आदत बन जाती है . नशे की आदत मौत को दावत देकर बुलाने के बराबर है इसलिए ख़ासकर युवा वर्ग को नशे से बिल्कुल परहेज़ करना चाहिए . उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक व बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पटना के महासचिव गांधीवादी प्रेम जइब द्वारा आयोजित नशामुक्ति अभियान सह संकल्प सभा के दौरान कही गोविंदपुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि गुटखा, खैनी, तम्बाकू के सेवन से हर साल लाखों नौजवान बेमौत मारे जा रहे हैं . नशा बर्बादी का कारण है जिसका ख़ात्मा आपसी सहयोग के बल पर ही सम्भव है . डा. मानव ने छात्र युवाओं के साथ साथ आम नागरिकों से भी आह्वान किया कि वे नशा विरोधी मुहिम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें और समाज को नशामुक्त बनाने में अपनी सशक्त भूमिका अदा करें . नशे से होने वाली हानियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए इसके ख़िलाफ़ अपने अपने घर से ही जंग शुरू कर देने की सलाह दी है । उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुये कहा कि बिहार तम्बाकू उत्पादन और उपभोग में अवल्ल है । 80 प्रतिशत मुह का कैंसर का मुख्य बजह तम्बाकू का ही सेवन है । बिहार में सुखा नशा का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है यह गम्भीर चिंता का विषय है । फाउंडेशन के स्वयंसेवक घर घर जाकर लोगो को आगाह कर रहे है । मौके पर फाउंडेशन के मुख्य स्वयंसेवक दिलीप कुमार, निदेशक देवानंद, प्रोग्राम ऑफिसर मन्नी कुमार , स्वयंसेवक राजू कुमार, सन्नी कुमार, रंजन कुमार, प्राची कुमारी, कुमकुम कुमारी, प्रिया कुमारी , सुरुचि कुमारी, रोहित कुमार समेत सैंकड़ो स्वयंसेवको ने भाग लिया ।

## बच्चों को स्कूल के टिफिन में घर का बना हुआ खाना हीं दें : डॉ गीता जैन

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मलेन के तत्वावधान एवं कला जागरण पटना के सहयोग से दादी मंदिर, शक्तिधाम, बैंक रोड, पटना में बच्चों के लिए चलाये जा रहे समर कैम्प में आज बच्चों के मम्मी, पापा को भी बुलाया गयाथा। योग प्रशिक्षिका रीना कुमारी ने आज मम्मी पापा को भी योग कराया। योग के बाद महिला अध्यक्ष डॉ गीता जैन ने मम्मी पापा से बच्चों के बारे में बात करते हुए बताया कि बच्चों को स्कूल के टिफिन में घर का बना हुआ खाना हीं दें। यही खाना उनका संतुलित आहार होता है। बच्चो को लंच में मैगी, फ्रायम, पिज्जा, बर्गर इत्यादि नहीं दें. उन्हें प्रतिदिन टिफिन बदल बदलकर दें। मौके पर अभिभावकों ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये। मौके पर शक्तिधाम के मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया की समर कैंप में उन्हें सभी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही है। आज वरिष्ठ रंगमंच निदेशक सुमन कुमार ने बच्चों को नाटक हमसब एक हैं का अभ्यास कराया। साथ हीं रंगमंच कलाकार रणविजय कुमार ने बच्चों को कला की बारीकियां बताई. कैम्प में बच्चों ने निभा कुमारी से घर सजाने के लिए विभिन्न चीजें बनाने के गुर सीखें तथा बनाया। कैम्प में रोज सिंह ने छोटे बच्चों को लोक संगीत पर डांस करना सिखाया। मौके पर आज हैदराबाद सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी, थियेटर आर्ट्स डिपार्टमेंट से पास आउट प्रसिद्द नृत्य निदेशक प्रो.नितेश कुमार द्वारा बच्चों एवं उनकी मम्मियों को राजस्थानी गान का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर अग्रवाल सम्मलेन के महामंत्री अक्षय अग्रवाल ने कहा की बच्चो को गर्मी में परेशानी न हो इसके लिए सम्मेलन की ओर से कैम्प में सभी बच्चों एवं उनके अभिभावकों को बिस्कुट, ठंडा मिनरल पानी, जलेबी, केला इत्यादि दिया जा रहा है। मौके पर अग्रवाल महिला सम्मलेन की तनुजा अग्रवाल भी लगातार कैंप में बच्चों को अपना सहयोग दे रही है।

## प्रदेश के सभी स्कूलों में लगेगा दंत चिकित्सा जांच शिविर : डॉ मनोज श्रीवास्तव

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना**।इंडियन डेंटल एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मनोज श्रीवास्तव ने कहा की बिहार में आइडीए को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय संगठन के द्वारा बिहार में कई तरह के कार्यक्रम किए जाएंगे। इसी के तहत प्रदेश के सभी निजी एवं सरकारी विद्यालय में स्कूली बच्चों के लिए डेंटल चेकअप अभियान चलाया जाएगा ताकि प्रदेश के बच्चे स्वस्थ रह सके। डॉ मनोज श्रीवास्तव रविवार को राजधानी पटना के ज्ञान भवन में इंडियन डेंटल एसोसिएशन पटना ब्रांच के द्वारा आयोजित डेंटवर्षे 2026 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा की बिहार में राष्ट्रीय कार्यालय के द्वारा एफडीआई प्रोग्राम चलाया जाएगा जिसके तहत स्वास्थ्य मुख अभियान महिलाओं के लिए अभया तथा युवा डेंटिस्ट के लिए उड़ान सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा बिहार में आने वाले समय में कार्यक्रम करके आइडीए के संगठन को भी मजबूत किया जाएगा। इस मौके पर आइडीए बिहार के अध्यक्ष डॉ मानवेंद्र ने कहा कि बिहार में लोगों को दंत चिकित्सा अच्छी तरह मिले इसके लिए आइडीए की ओर से जगह-जगह पर स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर आई डी ए बिहार के सचिव डॉ नील भरत केडिया ने कहा कि आईडीए पटना शाखा के मानद सचिव के रूप में, 'डेंटवर्स 2026' में आप सभी का स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी और गर्व हो रहा है।आज का दिन सिर्फ़ एक एकेडमिक कार्यक्रम का उद्घाटन नहीं है; यह ज्ञान, मार्गदर्शन, इनोवेशन और डेंटिस्ट्री की कभी न खत्म होने वाली भावना का उत्सव है। यह अनोखा मिलन सीखने की निरंतरता का सुंदर प्रतीक है, जहाँ अनुभव का उत्साह से, समझदारी का जिज्ञासा से और ज्ञान का एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक आदान-प्रदान होता है।उन्होंने कहा कि 'डेंटवर्स' के पीछे का विज़न एकेडमिक चर्चाओं से कहीं आगे है। यह एक ऐसा प्लेटफ़ॉर्म है जिसे सीखने को बढ़ावा देने, प्रोफेशनल सहयोग को प्रोत्साहित करने, मार्गदर्शन को बढ़ावा देने और हमारे डेंटल समुदाय को जोड़ने वाले रिश्तों को मजबूत करने के लिए बनाया गया है। जब हम मिलकर इस सफ़र की शुरुआत कर रहे हैं, तो उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे सक्रिय रूप से भाग लें, खुलकर विचारों का आदान-प्रदान करें और 'डेंटवर्स' द्वारा दिए जाने वाले सीखने और नेटवर्किंग के अवसरों का लाभ उठा सके।उन्होंने कहा कि ज्ञान एक ऐसा खजाना है जिसे न तो चोर चुरा सकते हैं, न राजा छीन सकते हैं, न ही रिश्तेदारों के बीच बांटा जा सकता है, और न ही यह अपने मालिक पर बोझ बनता है। इसे जितना बांटा जाता है, यह उतना ही बढ़ता है। यह सभी संपत्तियों में सबसे महान है।" इन्हीं विचारों के साथ उन्होंने कामना की कि डेंटवर्स 2026 ज्ञानवर्धक, समृद्ध और यादगार साबित हो। इस मौके पर बीएचयू के प्राध्यापक प्रोफेसर टीपी चतुर्वेदी, बुद्धा इंस्टिट्यूट ऑफ़ डेंटल साइंसेज के अध्यक्ष डॉ विनय कुमार सिंह, संस्थान के प्राचार्य डॉ उज्जवल चटर्जी, बुद्धा डेंटल कॉलेज के अध्यक्ष डॉ अनुज भारद्वाज, डॉ संदीप सिंह, डॉ इंद्रजीत, डॉ अंशु बंसल झा, डॉ राजीव लाल, डॉ अभिनव कुमार सिंह, डॉ मधुरेश सहित सैकड़ो की संख्या में दंत चिकित्सकों ने अपने विचार व्यक्त किया।

## होटल मौर्या में बिहार के जैविक ग्रीष्मकालीन फलों के महोत्सव ग्रीष्मा 2026 का आयोजन



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**।बिहार की समृद्ध फल जैव-विविधता, जैविक खेती और जलवायु अनुकूल कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्रीष्मा 2026 - बिहार के जैविक ग्रीष्मकालीन फलों का महोत्सव का आयोजन होटल मौर्या, पटना के सहयोग से हुआ। 6 और 7 जून को आयोजित इस दो दिवसीय महोत्सव में राज्य के विभिन्न जिलों से आए जैविक किसानों, किसान उत्पादक संगठनों, शोधकर्ताओं, खाद्य उद्यमियों तथा उपभोक्ताओं ने भाग लिया। महोत्सव में आम, लीची, जामुन, बेल, कटहल, फालसा, करोंदा समेत बिहार के विविध जैविक ग्रीष्मकालीन फलों की प्रदर्शनी एवं बिक्री हुई। वहीं महुआ, कैथा, लसोड़ा, खिरनी, तेंदू और अन्य भूले-बिसरे व स्वजन्मा फलों को समर्पित विशेष जैव-विविधता मंडप आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से प्रभावित फल उत्पादक किसानों को मंच प्रदान करना, बिहार की फल विरासत को संरक्षित करना तथा उपभोक्ताओं को जैविक एवं स्थानीय खाद्य प्रणालियों के प्रति जागरूक करना रहा। इस दौरान किसान बाज़ार, पारंपरिक फल व्यंजनों, ग्रीष्मकालीन पेय पदार्थों की प्रस्तुति तथा सांस्कृतिक एवं संवाद सत्रों का भी आयोजन हुआ। ग्रीष्मा 2026 ने बिहार की समृद्ध जैविक फल परंपरा, पोषण सुरक्षा और जलवायु अनुकूल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में अपनी पहचान बनाई।

# एमपीए फिजिकल एकेडमी खगौल के 90 से अधिक अभ्यर्थियों का बिहार पुलिस में चयन, सम्मान समारोह आयोजित

नई सोच एक्सप्रेस




**खगौल**।एमपीए फिजिकल एकेडमी, खगौल में शारीरिक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 90 से अधिक अभ्यर्थियों के बिहार पुलिस में अंतिम रूप से चयनित होने पर महादेव स्थान स्थित अभिनंदन आईएएस एकेडमी के प्रांगण में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एमपीए फिजिकल एकेडमी के निदेशक एवं फिजिकल ट्रेनर मुन्ना कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर बिहार पुलिस में चयनित सभी सफल अभ्यर्थियों को सम्मानित किया गया। विशेष रूप से चयनित अभ्यर्थियों में महिला एवं पुरुष उम्मीदवारों के साथ-साथ 12 ट्रांसजेंडर अभ्यर्थी भी शामिल हैं। इन ट्रांसजेंडर अभ्यर्थियों की सफलता को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए मुन्ना कुमार ने उन्हें पुलिस की वर्दी भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और सही मार्गदर्शन के बल पर अभ्यर्थियों ने यह सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि ट्रांसजेंडर अभ्यर्थियों का पुलिस सेवा में चयन समाज में समान अवसर और समावेशी विकास की दिशा में एक सकारात्मक संदेश है। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध शिक्षाविद् गुरु रहमान सर उपस्थित रहे। इसके अलावा शशि प्रभा, विकास योजना की उपनिदेशक, वरिष्ठ पत्रकार सुधीर मधुकर, रेंजर ऑफिसर संजीव कुमार जवाहर, अभिनंदन आईएएस एकेडमी के निदेशक अभिनंदन यादव, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के वशिष्ठ भाई सहित अनेक गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। अपने संबोधन में मुन्ना कुमार ने कहा कि एमपीए फिजिकल एकेडमी का उद्देश्य केवल अभ्यर्थियों को शारीरिक प्रशिक्षण देना ही नहीं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन और सेवा भावना का विकास करना भी है। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता आने वाले युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। कार्यक्रम के अंत में सभी चयनित अभ्यर्थियों को सम्मान-पत्र प्रदान किए गए तथा उनके उज्ज्वल एवं सफल भविष्य की कामना की गई। समारोह का वातावरण उत्साह, गर्व और प्रेरणा से परिपूर्ण रहा।

हर खबर पर पैनी नजर
नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



## संक्षिप्त समाचार

### रिल बनाने के दौरान गंडक नहर में डूबे दो युवक कि मौत

**बेतिया**।मझौलिया प्रखंड क्षेत्र के अमवा मझार स्थित गंडक नहर के 55 पुल बड़ा केवड़ा के समीप रिल, वीडियो बनाने के दौरान दो युवकों की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में शोक की लहर दौड़ गई तथा मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।अंचलाधिकारी डॉ. राजीव रंजन कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतकों की पहचान धर्म कुमार 18 वर्ष, पिता विनोद यादव तथा करण कुमार 19 वर्ष, पिता नंद लाल महतो के रूप में हुई है। दोनों युवक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बारी टोला के निवासी थे।प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों युवक अपने कुछ साथियों के साथ अमवा मझार के समीप गंडक नहर के 55 पुल बड़ा केवड़ा के पास गए थे। इसी दौरान वे मोबाइल से रिल बनाने में व्यस्त थे। बताया जाता है कि वीडियो बनाने के क्रम में उनका संतुलन बिगड़ गया और वे नहर के गहरे पानी में जा गिरे। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन तेज बहाव और गहराई के कारण सफलता नहीं मिल सकी।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची। काफी खोजबीन के बाद दोनों युवकों के शव को बाहर निकाला गया। मुफस्सिल थाना पुलिस ने शवों को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए बेतिया जीएमसीएच भेज दिया।इस दुखद घटना के बाद मृतकों के गांव बारी टोला में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है तथा ग्रामीण भी इस हादसे से स्तब्ध हैं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि नदियों, नहरों और अन्य जलाशयों के किनारे वीडियो या रिल बनाने के दौरान विशेष सावधानी बरतें, ताकि इस प्रकार की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

### भरगावा का दमदार प्रदर्शन, दक्षिणी सुगाव को 89 रनों से हराया

**मोतिहारी**।सुगौली प्रखंड क्षेत्र के दक्षिणी सुगांव पंचायत में पंचायत स्तरीय नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में भरगावा की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दक्षिणी सुगाव की टीम को 89 रनों से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। रोमांचक मुकाबले में भरगावा के खिलाड़ियों ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में बेहतरीन प्रदर्शन किया।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भरगावा की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 140 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिणी सुगाव की टीम भरगावा के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और मात्र 50 रनों पर सिमट गई। इस तरह भरगावा ने 89 रनों के बड़े अंतर से मुकाबला अपने नाम कर लिया।मैच का शुभारंभ पूर्व विधायक प्रत्याशी अजय झा एवं दक्षिणी सुगाव के मुखिया प्रभाकर मिश्रा ने फीता काटकर किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का संदेश दिया।इस अवसर पर सार्थक वत्स, रूपेश मिश्रा, संदीप मिश्रा, संजय मिश्रा, मगनी मिश्रा सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।भरगावा की इस शानदार जीत पर खिलाड़ियों और समर्थकों में खुशी का माहौल है। आयोजकों एवं दर्शकों ने विजेता टीम को बधाई देते हुए आगामी मुकाबलों के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल

**मोतिहारी**।सुगौली थाना क्षेत्र के महादेव स्थान पर बाइक व मैजिक गाड़ी की ठोकर से चार लोग घायल हो गए।जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सुगौली से छपरा बहास की ओर जाने वाली पथ में वर्तन लदी पिकप वैन ने बाइक में ठोकर मार दी।बताया जाता है कि मैजिक पिकप सुगौली की ओर से छपरा बहास की ओर जा रहा था और बाइक सवार मोतिहारी से सुगौली की ओर जा रहे थे।इसी बीच थाना क्षेत्र के महादेव स्थान के समीप तीव्र गति से आ रही पिकप ने बाइक सवार को ठोकर मार दी।जिसमें भवानीपुर निवासी विक्कू कुमार और रूपा देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गए और बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पिकप वैन पर सवार दो लोग घायल हो गए।घटना को देख आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगो ने गाड़ी में फंसे व्यक्ति को बाहर निकाला। ग्रामीणों ने घटना की सूचना 112 को दी।जिसके बाद घटना स्थल पर पुलिस पहुंच गई।घायलों को सीएचसी सुगौली इलाज के लिए भेज दिया।जहां चिकित्सक के द्वारा घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। बाइक सवार घायलों की गंभीर स्थिति को देख बेहतर इलाज के लिए मोतिहारी भेज दिया गया।पुलिस ने वाहन को जब्त कर अग्रिम करवाई में जुटी हुई है।

### 840 लीटर देसी शराब बरामद



**वैशाली**। राजापाकर बरांटी थाना की पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान बोलेरो गाड़ी से 840 लीटर अवैध देशी शराब बरामद की है और उक्त बोलोरो वाहन को जप्त कर थाने पर लाया गया। बरांटी थानाध्यक्ष पप्पू कुमार ने बताया कि थाने में पदस्थापित पी०टी०सी० उपेंद्र कुमार सिंह सुरक्षा बल के साथ संध्या गस्ती पर थे। इसी दौरान हाजीपुर जंदाहा एन एच 322 पर घोड़ा चौक के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान बिदुपुर की ओर से आ रही एक चार पहिया बोलेरो गाड़ी आ रही थी। वाहन चेकिंग होता देख चालक गाड़ी को लेकर वापस भागने लगा। जिसका सरकारी गाड़ी से पीछा किया गया। पुलिस को आते देख चालक ने बोलेरो गाड़ी को रविदास चौराहा के पास खड़ा करके भाग निकला। चालक को पकड़ने का पुलिस ने प्रयास किया परंतु अंधेरा अधिक होने के कारण भागने में चालक सफल रहा। वहीं गाड़ी की तलाशी लेने पर उजले रंग के बोलोरो गाड़ी में इंजन नंबर एवं चेचिस नंबर के जगह पर रेती मारा हुआ पाया गया। तथा गाड़ी की तलाशी लेने पर गाड़ी के अंदर प्लास्टिक का 14 बोरा मिला। बोरा को खोलने पर प्रत्येक बोरा में 10-10 लीटर के 6 पॉलिथीन बरामद हुआ। इस प्रकार जप्त किए गए बोरा से कुल 840 लीटर अवैध देशी शराब बरामद किया गया। उसके बाद जप्त शराब एवं बोलेरो गाड़ी को थाने लाया गया और जपती सूची बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज की।

### बसपा नेता संतोष कुमार ने सामाजिक समरसता की नई मिसाल कायम की,गोबरछ की बेटी की शादी के लिए एक लाख दिए



**भभुआ**।राजनीति में अक्सर सिर्फ बयानबाजी होती है, लेकिन बहुजन समाज पार्टी के बिहार प्रदेश मुख्य जोन प्रभारी एवं सासाराम लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी संतोष कुमार ने जमीन पर उतरकर सामाजिक समरसता की मिसाल पेश की है।भगवानपुर थाना क्षेत्र के गोबरछ गांव निवासी सामाजिक कार्यकर्ता जितेंद्र कुमार भास्कर की पुत्री कुमारी अंजू की शादी 7 जून 2026,रविवार को निर्धारित है।जितेंद्र भास्कर को स्थानीय विधायक सह मंत्री का करीबी माना जाता है,बावजूद इसके आर्थिक तंगी के कारण वे बेटी की शादी के लिए कई लोगों के सामने हाथ फैला चुके थे। लेकिन अफसोस,कोई मदद के लिए आगे नहीं आया।जब यह बात बसपा के प्रदेश मुख्य जोन प्रभारी संतोष कुमार तक पहुंची तो उन्होंने तुरंत मानवीय पहल दिखाते हुए एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी।उनका यह कदम पूरे कैमूर जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है।संतोष कुमार ने कहा कि बसपा सुप्रीमो बहन कुमारी मायावती के मार्गदर्शन में उन्होंने संकल्प लिया है कि हर वर्ष बिहार में 21 गरीब बेटियों की शादी में वे स्वयं आर्थिक मदद करेंगे।बेटी किसी की भी हो,समाज की जिम्मेदारी है।पैसे के अभाव में कोई बेटी की शादी न रुके,यही हमारा प्रयास है।उनके इस कार्य से समाज में एकता और भाईचारे का संदेश गया है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर कांटी में जागरूकता रैली व जनसभा आयोजित

नई सोच एक्सप्रेस



**कांटी(मुजफ्फरपुर)**।विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर HDFC बैंक के सीएसआर कार्यक्रम 'परिवर्तन' के सहयोग से निर्देश संस्था द्वारा संचालित सर्वांगीण ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत कांटी प्रखंड के पानापुर हवेली पंचायत भवन में पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन विषयक जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एक जागरूकता रैली से हुई, जिसे जिला परिषद सदस्य रीना कुमारी, HDFC बैंक कांटी शाखा के प्रबंधक अविनाश कुमार तथा सहायक प्रबंधक शुभम कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली पानापुर हवेली से निकलकर हिछड़ा, शेरपुर और मुबारकपुर गांवों से होते हुए पुनः पंचायत भवन पहुंची। रैली के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के प्रति जागरूक किया गया। इसके बाद आयोजित सभा का उद्घाटन HDFC बैंक के शाखा प्रबंधक अविनाश कुमार, सहायक प्रबंधक शुभम कुमार, पानापुर हवेली की मुखिया प्रियंका कुमारी तथा निर्देश संस्था के डॉ. सत्येन्द्र कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विषय पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सुहानी कुमारी, दुर्गेश कुमार, अनुष्का राज सहित 10 प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। किशोरियों कोमल कुमारी, दिव्या कुमारी, अंशु कुमारी और माही कुमारी ने 'पेड़ बचाओ, पेड़ लगाओ' विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उनकी प्रस्तुति को उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। निर्देश संस्था के सचिव ने अपने संबोधन में जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभावों पर चिंता व्यक्त करते हुए ग्रामीणों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और खेती में रासायनिक उर्वरकों के बजाय वर्मी कम्पोस्ट (केंचुआ खाद) के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की। कार्यक्रम के समापन पर रम्भा सिंह ने सभी प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। उपस्थित लोगों ने हरित एवं सुरक्षित भविष्य के निर्माण के लिए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

## आईजी-एसएसपी ने लोक संवाद गोष्ठी में सुनीं जनता की समस्याएं




नई सोच एक्सप्रेस

**गया जी**।पुलिस महानिरीक्षक गया एवं वरीय पुलिस अधीक्षक गया की उपस्थिति में शुक्रवार को डेल्हा थाना क्षेत्र के बागेश्वरी परिसर तथा महिला थाना परिसर में लोक संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। लोक संवाद गोष्ठी कार्यक्रम में डेल्हा थानाध्यक्ष, महिला थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। गोष्ठी के दौरान अधिकारियों ने आमजनों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं, शिकायतें और सुझाव सुने। जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर जानकारी लेते हुए संबंधित मामलों के त्वरित प्रभावी एवं निष्पक्ष निष्पादन के लिए पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अधिकारियों ने लोगों से पुलिस-प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने तथा सामाजिक सौहार्द, आपसी भाईचारा और शांति व्यवस्था को मजबूत करने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास, सुरक्षित वातावरण और बेहतर कानून-व्यवस्था के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। नागरिकों से सकारात्मक सहयोग और सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का भी आह्वान किया गया।

## सृजन साथी जोड़ो अभियान के तहत जिला कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया गया

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)**। संगठन सृजन साथी जोड़ो अभियान के तहत जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रोफेसर संजीव कुमार के नेतृत्व में मखदुमपुर प्रखंड के महमदपुर पलैया सहित कई गांव में जनसंपर्क कर सृजन साथी जोड़ा गया। महमदपुर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष मोहमद शाहजहां खान को जिला अध्यक्ष ने सम्मानित किया, वही उनके पुत्र फजल शाहजहां उर्फ प्रिंस को कांग्रेस में शामिल कर सृजन साथी में जोड़ा गया तथा उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी बिहार में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए यह कार्यक्रम को चलाया है। जिसमें खासकर समाज के सभी वर्गो को जोड़ना है और इसमें युवाओं को अधिक से अधिक आगे लाकर संगठन को मजबूत करना है। नेताओं ने यह भी कहा कि आज देश में अराजकता है, आपस मे नफरत फैलाया जा रहा है। अंग्रेजी हुकूमत वाली पैटर्न पर फूट डालो राज करो कि नीति पर चल रही है। जनता अब समझ चुकी है। यह ज्यादा दिन चलने वाली नही है। आज देश में गैस सिलेंडर फिर 29 रुपये महंगा हो गया। देश में महंगाई से लोग परेशान हैं। सरकार खजाना भरने में लगी है और उद्योगपतियों को मालामाल कर रही है। बेरोजगारी चरम पर है, युवा रोजगार के लिए मारे फिर रहे हैं गरीब किसान छोटे रोजगार करने वाले भूखमरी के कगार पर हैं लेकिन सरकार सत्ता के नशे में चूर है। बिहार में डबल इंजन की सरकार है और जब से भाजपा सरकार बनी है कर्मचारियों को समय पर वेतन नही मिल रहा है। अपराध में कई गुना वृद्धि हो गई है, महिला सुरक्षित नहीं है। इसलिए पार्टी ने बिहार में संगठन मजबूत कर सरकार के खिलाफ राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन और आंदोलन कर इसे सत्ता से हटाएगी और जनता के हितकारी सरकार बनाएगी। पलैया गांव में वरिष्ठ कांग्रेस नेता चंद्रशेखर शर्मा को सम्मानित किया गया एवं उन्हें संगठन सृजन साथी में जोड़ा गया। युवाओ में कांग्रेस संगठन सृजन साथी में जुड़ने को लेकर काफी उत्साह है। इस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता प्रोफेसर भूषण कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष हरिनारायण द्विवेदी, प्रांतीय नेता अशोक प्रियदर्शी, पूर्व महासचिव प्रेम कुमार शामिल थे।

## गया में जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल से ठप हुई इमरजेंसी सेवा, दूसरे दिन भी मरीज बेहाल

नई सोच एक्सप्रेस



**गया जी**। अनुग्रह मगध मेडिकल अस्पताल में जूनियर डॉक्टरों के आंदोलन का असर लगातार दूसरे दिन भी जारी रही। अस्पताल की इमरजेंसी सेवा पूरी तरह ठप रही और मुख्य प्रवेश द्वार पर ताला जड़ा रहा।बताया जाता है कि इलाज के लिए पहुंचे मरीजों को बिना उपचार के लौटना पड रहा है जबकि गंभीर मरीजों को दूसरे अस्पतालों का सहारा लेना पड़ा।प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीते दो दिनों में 200 से अधिक मरीज प्रभावित हुए हैं। आंदोलनकारी डॉक्टरों ने इमरजेंसी सेवाओं को पूरी तरह बंद कर रखा है। इमरजेंसी सेवा बंद रहने से मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रविवार होने के कारण अस्पताल प्रशासन और संबंधित अधिकारियों की ओर से इमरजेंसी सेवा बहाल कराने के लिए अपेक्षित सक्रियता नहीं दिखी। इस स्थिति को लेकर मरीजों और उनके परिजनों में नाराजगी भी देखी गई। अस्पताल अधीक्षक डॉ. प्रवीण कुमार अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार देर रात तक जूनियर डॉक्टरों से बातचीत कर आंदोलन समाप्त कराने का प्रयास किया गया लेकिन कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकल सका। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी सेवाओं को जल्द बहाल कराने के लिए वैकल्पिक उपायों पर विचार किया जा रहा है।वही डॉक्टरों का आरोप है कि मेडिकल कॉलेज में पर्याप्त हॉस्टल सुविधा उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा अस्पताल और कॉलेज परिसर तक जाने वाली सड़कें जर्जर हैं तथा नालियों का पानी सड़कों पर बहता रहता है। उनका कहना है कि इन समस्याओं के कारण पढ़ाई और मरीजों के उपचार दोनों प्रभावित होते हैं। डॉक्टरों ने कहा कि हर बार आंदोलन के बाद प्रशासन केवल आश्वासन देता है, लेकिन समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जाते। जूनियर डॉक्टरों ने कहा कि जब तक उनकी प्रमुख मांगें पूरी नहीं की जातीं है तब तक धरना और आंदोलन जारी रहेगा।

# दरभंगा के 21 केंद्रों पर बीएड-शिक्षाशास्त्री संयुक्त प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

नई सोच एक्सप्रेस



**दरभंगा**।बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों में संचालित दो वर्षीय बीएड तथा कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय (केएसडीएसयू) के शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा रविवार को दरभंगा शहर के 21 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हुई। परीक्षा जिला प्रशासन की कड़ी निगरानी और व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित की गई। जिलाधिकारी कौशल कुमार के मार्गदर्शन तथा जोनल पदाधिकारी एडीएम मनोज कुमार के निर्देशन में परीक्षा का संचालन निर्धारित समय पर किया गया। जिला प्रशासन ने सुबह आठ बजे से ही गोपनीय परीक्षा सामग्री विभिन्न केंद्रों तक पहुंचाई। पुलिस बल की मौजूदगी में अभ्यर्थियों को सुबह 8:30 बजे से 10:30 बजे तक परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। 10:45 बजे ओएमआर शीट तथा 11 बजे प्रश्न पुस्तिका वितरित की गई। परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक चली। दिव्यांग अभ्यर्थियों को नियमानुसार 40 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया। इस वर्ष राज्यस्तरीय संयुक्त प्रवेश परीक्षा के आयोजन की जिम्मेदारी बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सौंपी गई है। राज्य नोडल पदाधिकारी प्रो. संजय कुमार के निर्देश पर परीक्षा की निष्पक्षता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न स्तरों पर अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। लोकभवन, पटना से नियुक्त विशेष पर्यवेक्षक अजय कुमार सिन्हा ने सुबह से ही विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन पर संतोष व्यक्त किया। राज्य नोडल पर्यवेक्षक प्रो. नागेंद्र झा, सीसीओ मुजफ्फरपुर से डॉ. मनीष कुमार झा तथा डॉ. आशुतोष सिन्हा ने भी ट्रेजरी से लेकर परीक्षा केंद्रों तक निगरानी रखी। केएसडीएसयू के नोडल पदाधिकारी डॉ. रामसेवक झा द्वारा आवंटित 12 केंद्रों के लिए दो सदस्यीय चार उड़नदस्ता दल और 12 पर्यवेक्षक तैनात किए गए थे। वहीं एलएनएमयू के नोडल पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार मिलन ने नौ केंद्रों के लिए दो सदस्यीय तीन उड़नदस्ता दल तथा नौ पर्यवेक्षकों की प्रतिनियुक्ति की थी। उड़नदस्ता दल परीक्षा अवधि के दौरान लगातार केंद्रों का निरीक्षण करते रहे और अभ्यर्थियों को प्रकाश, पेयजल, बिजली सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश केंद्राधीक्षकों को देते रहे। केंद्राधीक्षकों से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार दरभंगा शहर के 21 केंद्रों पर आयोजित परीक्षा के लिए 12,849 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इनमें से 11,766 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जबकि 1,083 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। केएसडीएसयू के शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम के लिए आवेदन करने वाले 229 अभ्यर्थियों में से 174 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। प्रशासनिक सतर्कता, सुरक्षा व्यवस्था और समन्वित निगरानी के कारण परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।

## वजीरगंज में पर्यावरण संरक्षण के लिए कुशल युवा कार्यक्रम के तीन सदस्य हुए सम्मानित



नई सोच एक्सप्रेस

**गया जी** । विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मनमीत एडवरटाइजिंग एंड न्यूज एजेंसी, गया के तत्वावधान में वजीरगंज प्रखंड सभागार भवन में "पर्यावरण संरक्षण में जनप्रतिनिधियों की भूमिका" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के उपरांत पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए वजीरगंज प्रखंड के चौहान गली स्थित कुशल युवा कार्यक्रम केंद्र के तीन सदस्यों को 'पर्यावरण मित्र सम्मान-2026' से सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वालों में केंद्र संचालक संतोष कुमार, केंद्र सहायक अमीषा कुमारी तथा सुमन कुमारी शामिल हैं। तीनों को मनमीत एडवरटाइजिंग एंड न्यूज एजेंसी के निदेशक प्रभाकर कुमार ने प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।इस अवसर पर प्रभाकर कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि कुशल युवा कार्यक्रम केंद्र के सदस्य कौशल प्रशिक्षण के साथ-साथ पौधारोपण और प्लास्टिक मुक्ति अभियान चलाकर समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहे हैं। ऐसे प्रयास पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।उन्होंने कहा कि 'पर्यावरण मित्र सम्मान-2026' के लिए चयनित जिन विभूतियों को कार्यक्रम में किसी कारणवश सम्मानित नहीं किया जा सका उन्हें उनके निवास अथवा कार्यस्थल पर जाकर सम्मानित किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को कुशल युवा कार्यक्रम केंद्र के संचालक एवं सहायकों को सम्मान प्रदान किया गया ।

## भारतमाला एक्सप्रेसवे निर्माण में लगी PNC कंपनी पर मनमानी का आरोप, ओवरलोड ट्रकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

नई सोच एक्सप्रेस



**चेनारी (रोहतास)**। भारतमाला एक्सप्रेसवे निर्माण कार्य में लगी PNC कंपनी पर मनमानी और लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए चेनारी विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी एवं भीम आर्मी के वरिष्ठ नेता अमित पासवान ने जिला प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि वार्ता और शिकायतों के बावजूद क्षेत्र में दिनदहाड़े हाईस्पीड, ओवरलोड मिट्टी लदे तथा बिना नम्बर प्लेट वाले ट्रक धड़ल्ले से चल रहे हैं, जिससे आम लोगों की जान जोखिम में पड़ रही है। अमित पासवान ने बताया कि चेनारी क्षेत्र के दौरे के दौरान उन्होंने स्वयं कई ट्रकों की जांच-पड़ताल की, जिसमें अनेक वाहन ओवरलोड पाए गए और कई ट्रक बिना नम्बर प्लेट के तेज रफ्तार से चलते नजर आए। उन्होंने इसकी सूचना रोहतास परिवहन पदाधिकारी, सासाराम अनुमंडल पदाधिकारी तथा चेनारी थाना को दी। उनके अनुसार, मौके पर पहुंचीं अनुमंडल पदाधिकारी ने भी स्थिति का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन, खनन विभाग और परिवहन विभाग की निष्क्रियता के कारण नियमों की खुलेआम अनदेखी हो रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि आम जनता की सुरक्षा से खिलवाड़ आखिर कब तक जारी रहेगा। अमित पासवान ने कहा कि कुछ दिनों पूर्व PNC कंपनी की कथित लापरवाही के कारण नेहाल आलम की मौत हो गई थी, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। उनका आरोप है कि घटना के बाद भी पीड़ित परिवार को कंपनी की ओर से कोई आर्थिक सहायता नहीं दी गई है और न ही घायलों के इलाज में अपेक्षित सहयोग किया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि संबंधित विभागों द्वारा जल्द प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो जनहित में व्यापक लोकतांत्रिक आंदोलन शुरू किया जाएगा। साथ ही उन्होंने लोगों से जनता की सुरक्षा और अधिकारों की लड़ाई में साथ आने की अपील की। अमित पासवान ने प्रशासन से ओवरलोडिंग, बिना नम्बर प्लेट वाले वाहनों के परिचालन तथा यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

## डीएम के नेतृत्व में 'संडे ऑन साइकिल' का आयोजन, फिटनेस व पर्यावरण संरक्षण का संदेश

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)**। फिट इंडिया मूवमेंट के तहत रविवार की सुबह जिला प्रशासन की ओर से 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के नेतृत्व में आयोजित यह साइकिल रैली +2 अंबेडकर बालिका आवासीय विद्यालय, दक्षिणी काको से गांधी मैदान जहानाबाद तक निकाली गई। कार्यक्रम की शुरुआत में जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं, युवाओं एवं आमजनों को विश्व साइकिल दिवस और फिट इंडिया मूवमेंट के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि साइकिल स्वास्थ्य, स्वच्छ पर्यावरण और ऊर्जा संरक्षण का सरल एवं प्रभावी माध्यम है। वर्तमान समय में पेट्रोल, डीजल और बिजली की बढ़ती खपत को देखते हुए साइकिल का उपयोग और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। उन्होंने युवाओं से फिट इंडिया मूवमेंट के अभिन्न अंग 'नशा मुक्त भारत अभियान' से जुड़ने तथा नशे से दूर रहने की अपील की। जिलाधिकारी ने कहा कि नियमित साइकिल चलाने से शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, प्रदूषण में कमी आती है तथा स्वच्छ और हरित वातावरण के निर्माण में सहायता मिलती है। गांधी मैदान पहुंचकर साइकिल रैली का समापन हुआ। जहां जिलाधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नियमित रूप से साइकिल उपयोग के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में राजीव कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिन्हा, डॉ.रोहित कुमार मिश्रा, डॉ.सुदर्शन कुमार, पूनम कुमारी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी निपुन कुमारी, संजय कुमार, गोविंदा कुमार, अमित कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी काको, अंचल अधिकारी काको सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### ऊपरी राजवार ठेकेदार संघ ने अपनी पहली कार्यकारी समिति का गठन किया

#### नसीर अहमद भट अध्यक्ष चुने गए



**राजवार**।राजवार के ठेकेदार समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, राजवार उपमंडल ठेकेदार संघ ने गलगाज़ाना, ज़ाचलदारा में आयोजित ठेकेदारों की बैठक के बाद औपचारिक रूप से अपनी पहली कार्यकारी समिति का गठन किया है। **नव निर्वाचित पदाधिकारी इस प्रकार हैं: अध्यक्षः** नसीर अहमद भट, खैपोरा, ज़ाचलदारा **उप-अध्यक्षः** अब्दुल अहद, बेहनीपोरा **सचिवः** मोहम्मद अमीन, सरमर्ग **कोषाध्यक्षः** रियाज़ अहमद शाह, ज़ाचलदारा संघ का गठन राजवार उपमंडल के ठेकेदारों के बीच समन्वय को मजबूत करने और क्षेत्र में विकास कार्यों, ठेकेदार कल्याण और अवसंरचना परियोजनाओं से संबंधित मुद्दों को संबोधित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर बोलते हुए, सदस्यों ने आशा व्यक्त की कि नवगठित निकाय ठेकेदार समुदाय की बेहतरी के लिए सामूहिक रूप से काम करेगा और ठेकेदारों से संबंधित मामलों को उठाने और उनका समाधान करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा।

### हरनौत थाने में 'गुंडा परेड' का आयोजन

#### असामाजिक तत्वों को शांति बनाए रखने की दी गई चेतावनी



**हरनौत**।थाना परिसर में एसपी के निर्देश पर रविवार को गुंडा परेड का आयोजन किया गया। इस मौके पर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर मुकेश कुमार वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।भीषण गर्मी रहने के बावजूद भी परेड के दौरान गुंडा पंजी में नामित लोगों ने अपनी उपस्थिति दी।थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर शर्मा ने पूछताछ की एवं अच्छा आचरण बनाए रखने के लिए कड़ी हिदायत दी।परेड के दौरान गुंडा रजिस्टर में अंकित करिब पांच लोग शामिल हुए।कहा कि विधि-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने एवं आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण के उद्देश्य से गुंडा परेड का आयोजन किया गया।इस दौरान थाना क्षेत्र के चिन्हित गुंडा, बदमाश एवं आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को थाना परिसर में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। परेड के दौरान सभी गुंडा सूचीबद्ध व्यक्तियों की पहचान, पते का सत्यापन तथा वर्तमान गतिविधियों की जानकारी ली।साथ ही उन्हें सख्त चेतावनी दी गई कि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाए जाने पर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।गुंडा परेड के माध्यम से असामाजिक तत्वों में भय का माहौल एवं आम नागरिकों में सुरक्षा का माहौल बना रहे।

### श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन और इस्कॉन के बीच रथयात्रा का विवाद



**नई दिल्ली/पुरी**। भगवान जगन्नाथ की विश्वप्रसिद्ध रथयात्रा को लेकर श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन और इस्कॉन के बीच विवाद केवल तिथियों तक सीमित नहीं रह गया है। यह मतभेद अब धार्मिक परंपराओं की व्याख्या, आचार्य परंपरा, विदेशी भक्तों की भूमिका और जगन्नाथ संस्कृति के वैश्विक विस्तार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों तक पहुंच गया है। जानकारों के अनुसार, विवाद का एक प्रमुख पहलू विदेशी भक्तों से जुड़ा है। जहां इस्कॉन विश्वभर में हजारों विदेशी श्रद्धालुओं को वैष्णव परंपरा से जोड़कर सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभा रहा है, भारत के बाक़ी मंदिर विदेशी भक्तों को प्रवेश देते हैं। वहीं, पुरी मंदिर में उनके प्रवेश को लेकर लंबे समय से प्रतिबंध बना हुआ है। इसी कारण कई विदेशी सनातन भक्त मंदिर दर्शन से वंचित रह जाते हैं और भारत से मायूस होकर लोट जाते हैं। इस्कॉन ऐसे विदेशी भक्तों को दीक्षा, उपनयन संस्कार और धार्मिक सेवाओं में अवसर प्रदान करता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस्कॉन अपने संस्थापक आचार्य श्रील प्रभुपाद परंपरा का पालन करते हुए विश्वभर में रथयात्राओं का भव्य आयोजन करता है। 1967 में सैन फ्रांसिस्को से शुरू हुई यह ऐतिहासिक परंपरा आज अनेक देशों तक पहुंच चुकी है। हालांकि कुछ बाहर के देशों में स्थानीय परिस्थितियों और मौसम (शरीर जमा देने वाली ठंड, तेज़ बरसात और सर्द हवाओं) को देखते हुए अलग तिथियां निर्धारित की जाती हैं, जिस पर एसजेटीए आपत्ति जताता है। इसी कारण यह बहस और गहरी हो गई है कि क्या यह विवाद केवल परंपराओं की रक्षा तक सीमित है या फिर जगन्नाथ संस्कृति के वैश्विक स्वरूप और विस्तार को लेकर भी दृष्टिकोण का अंतर मौजूद है। वहीं, कई श्रद्धालुओं का मानना है कि सनातन धर्म के व्यापक हित में दोनों संस्थाओं को संवाद और सहयोग का मार्ग अपनाकर भगवान जगन्नाथ के संदेश को विश्वभर में और अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए।

### बनारस उत्सव' में सुनीता ऐरॉन की पुस्तक का विमोचन,राजनीतिक विमर्श में क्षेत्रीय दलों की भूमिका पर मंथन



**वाराणसी**।भेलूपुर स्थित डाइमंड होटल में "बनारस उत्सव" के अंतर्गत भव्य पुस्तक विमोचन एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया | इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखिका सुनीता ऐरॉन की नई पुस्तक का औपचारिक विमोचन किया गया | कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद एवं राजद के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर मनोज झा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे | आयोजन का मुख्य उद्देश्य भारतीय राजनीति में क्षेत्रीय दलों की भूमिका, गठबंधन राजनीति की प्रासंगिकता और लोकतांत्रिक चुनौतियों पर विचार-विमर्श करना रहा | **गठबंधन राजनीति पर मनोज झा का वक्तव्य-** प्रो.मनोज झा ने अपने संबोधन में गठबंधन और विलय के अंतर को विस्तार से समझाया | उन्होंने कहा कि गठबंधन "सलाद बाउल" की तरह होता है जिसमें सभी दल अपनी अलग पहचान के साथ मिलकर कार्य करते हैं जबकि विलय में सभी पहचान समाप्त हो जाती हैं | उन्होंने कहा कि भारत में कई महत्वपूर्ण सामाजिक और कल्याणकारी कानून गठबंधन सरकारों के दौर में बने हैं जिनमें आरटीआइ,आरटीई और मनरेगा जैसे कानून प्रमुख हैं | **सुनीता ऐरॉन ने रखे पुस्तक के विचारः** लेखिका सुनीता ऐरॉन ने अपनी पुस्तक के निष्कर्ष साझा करते हुए कहा कि क्षेत्रीय दलों के सामने राष्ट्रीय विस्तार की चुनौती एक जटिल स्थिति पैदा करती है | कई बार विस्तार की दौड़ में वे अपने मूल जनाधार से दूरी बना लेते हैं उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय राजनीति में सामाजिक समीकरण और स्थानीय मुद्दों की भूमिका हमेशा निर्णायक रही है | **पत्रकार वार्ता में उठे समसामयिक मुद्देः** कार्यक्रम के बाद मीडिया संवाद में राजनीतिक,आर्थिक और प्रशासनिक विषयों पर चर्चा हुई | प्रो.मनोज झा ने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती और पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है उन्होंने आर्थिक दबाव और महंगाई के प्रभाव पर भी चिंता व्यक्त की और कहा कि नीतियों का लाभ आम जनता तक पहुंचना चाहिए | **शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था पर चर्चा-** संवाद के दौरान नीट और पेपर लीक जैसे मुद्दों पर भी सवाल उठे जिस पर वक्ताओं ने शिक्षा प्रणाली में सुधार और जवाबदेही को जरूरी बताया | कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने "बनारस उत्सव" को एक महत्वपूर्ण बौद्धिक मंच बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन लोकतांत्रिक संवाद और वैचारिक विमर्श को मजबूती प्रदान करते हैं ||

# सड़क नवीनीकरण से राहगीरों को आवागमन में होगी सुविधा

नई सोच एक्सप्रेस



» हरनौत नपं के गोगीपर मोहल्ला से लेकर माधोपुर-सबनहुआ छठ घाट जाने वाली सड़क का नवीनीकरण कार्य

**हरनौत**।स्थानीय प्रखंड एवं नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में पहले से बनी विभिन्न सड़कों को नवीनीकरण किया जा रहा है.इसी कडी में हरनौत नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड चार में स्थित गोगीपर मुहल्ले से माधोपुर-सबनहुआ छठ घाट( एनएच-31 से ग्राम सबनहुआ पंचायत सबनहुआ भाया हरनौत बाजार तक) जाने वाली पहले से बनी हुई सड़क को नवीनीकरण किया जा रहा है।वहीं उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह समाजसेवी सुरेश सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के अंतर्गत ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत इसका नवीनीकरण कार्य किया जा रहा है.यह कार्य बिहार सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग(आरडब्लूडी) द्वारा किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य पहले से बनी हुई सड़क का व्यवस्थित जीर्णोद्धार, सुदृढ़ीकरण और नवीनीकरण करना है। उन्होंने बताया कि पहले इस सड़क की स्थिति खराब थी लोगों को आने-जाने में परेशानीयां होती थी.जबकि इस मार्ग से दोनों छठ महापर्व ( कार्तिक एवं चैती ) में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन होता है.साथ ही साथ प्रतिदिन सैकडों लोगों का बाजार में आना जाना रहता है. सड़क बन जाने से लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी.वहीं इस कार्य का ठेका मेसर्स दयानंद प्रसाद सिन्हा एण्ड कम्पनी को दिया गया है। सड़क की कुल लंबाई 930 मीटर है।जिसमें पीसीसी(प्लेन सीमेंट कंक्रीट) सड़क की लंबाई 630 मीटर बाकि कालीकरण(बिटुमिनस) सड़क है।इसके लिए प्राक्कलित राशि तकरीबन 52 लाख रुपये है।

# ब्रिक्स इंडिया 2026 प्रतिनिधिमंडल ने वाराणसी में दीनदयाल हस्तकला संकुल का किया दौरा

नई सोच एक्सप्रेस



» हस्तशिल्प एवं हथकरघा की समृद्ध परंपरा ने जीता विदेशी प्रतिनिधियों का दिल

**वाराणसी**।ब्रिक्स इंडिया 2026 के दूसरे संस्कृति कार्य समूह (सीडब्ल्यूजी) के 11 सदस्य देशों के प्रतिनिधियों वाले एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने वाराणसी स्थित दीनदयाल हस्तकला संकुल (व्यापार सुविधा केंद्र और शिल्प संग्रहालय) का दौरा किया | प्रतिनिधिमंडल में ब्राजील (1),चीन (2), इंडोनेशिया (3),ईरान (1) और दक्षिण अफ्रीका (4) शामिल हैं | प्रतिनिधिमंडल का स्वागत वस्त्र मंत्रालय,विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय के अधिकारियों, क्षेत्रीय निदेशक वीरेंद्र कुमार,वरिष्ठ सहायक निदेशक (हस्तशिल्प) अब्दुल्ला, वाराणसी के वरिष्ठ सहायक निदेशक (हस्तशिल्प) सरोज कुमार सिंह,दीनदयाल हस्तकला संकुल,वाराणसी के सहायक निदेशक (हस्तशिल्प) प्रद्युमन पांडे और अन्य राज्य प्रशासन अधिकारियों द्वारा किया गया | प्रतिनिधिमंडल को शिल्प संग्रहालय का भ्रमण कराया गया जहाँ उन्होंने भारतीय हस्तशिल्प और हथकरघा की समृद्ध विरासत को दर्शाने वाले भव्य संग्रह को देखा | इमर्सिव ज़ोन में वाराणसी की सांस्कृतिक परंपराओं और शिल्प विरासत पर विशेष रूप से तैयार की गई एक ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति ने प्रतिनिधिमंडल को बेहद प्रभावित किया | प्रतिनिधिमंडल ने शिल्प प्रदर्शन क्षेत्र का भी दौरा किया जहाँ बीस कुशल कारीगरों ने अपने पारंपरिक शिल्पों का सजीव प्रदर्शन किया | प्रतिनिधिमंडल ने गुलाबी मीनाकारी,मूंज शिल्प,मुलायम पत्थर की जाली का काम, वाराणसी के लकड़ी के लाख के बर्तन और खिलौने,निज़ामाबाद की काली मिट्टी के बर्तन और कई अन्य उत्कृष्ट शिल्पों की निर्माण प्रक्रिया देखी | प्रतिनिधिमंडल ने कारीगरों से सीधे बातचीत की और शिल्प प्रक्रियाओं और परंपराओं का गहन ज्ञान प्राप्त किया | इन गतिविधियों का उद्देश्य भारत की विविध शिल्प परंपराओं को उजागर करना,सीखने के गहन अनुभव प्रदान करना और आगंतुकों को कारीगरों, तकनीकों और कहानियों से सीधे जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करना है जो हमारी सांस्कृतिक विरासत को दर्शाती हैं | प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय हस्तशिल्पों में गहरी रुचि दिखाई और कारीगरों के कौशल और उत्कृष्टता की हार्दिक सराहना की | यह दौरा अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत के हस्तशिल्प क्षेत्र को प्रदर्शित करने और ब्रिक्स देशों के साथ सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था ||

# व्यवहारिक शिक्षा से ही बनेगा बेहतर समाजः डॉ. गौतम कुमार

नई सोच एक्सप्रेस




» माया कौशल्या फाउंडेशन ने प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय विष्णुपुर में शिक्षा संगोष्ठी का किया आयोजन

प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, विष्णुपुर में शिक्षा विषय पर एक प्रेरणादायक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में माया कौशल्या फाउंडेशन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस संगोष्ठी में शिक्षा के क्षेत्र में इंटर्नशिप कर रहे स्नातक सेमेस्टर-5 के छात्र-छात्राओं ने श्रोता के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. गौतम कुमार ने छात्र-छात्राओं को व्यवहारिक शिक्षा, सामाजिक जिम्मेदारी और मानवीय मूल्यों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि केवल किताबी ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि जीवन में सफल होने के लिए व्यवहार कुशलता और सकारात्मक सोच भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने समाज में बढ़ती संवेदनहीनता और व्यवहारिक गिरावट पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि व्यक्ति अपने व्यवहार को बेहतर बनाता है तो वह स्वयं भी शांतिपूर्ण जीवन जी सकता है और समाज को भी बेहतर दिशा दे सकता है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर जन्म लेने वाले प्रत्येक मनुष्य के लिए शिक्षा आवश्यक है, क्योंकि शिक्षा ही व्यक्ति को सही सोच और सही दिशा प्रदान करती है। इस दौरान डॉ. गौतम कुमार ने छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित करते हुए कई सवाल-जवाब भी किए। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और संगोष्ठी को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम के प्रारंभ में माया कौशल्या फाउंडेशन की ओर से मुख्य वक्ता डॉ. गौतम कुमार को पौधा एवं चादर भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन गौरव पाठक ने किया। माया कौशल्या फाउंडेशन के सचिव ने इंटर्नशिप के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शिक्षा क्षेत्र में इंटर्नशिप करने वाले विद्यार्थियों को व्यवहारिक अनुभव, सामाजिक समझ और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में अशोक कुमार, यश गौरव,अमित, अनुराग, कुंदन, वीरू, विवेक, सुमित, गुलशन, साधना, यशराज,तान्या सहित अन्य सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# कुंडली धाम में हुआ कॉफी टेबल बुक विकसित भारत 2047 का विमोचन

नई सोच एक्सप्रेस



**सोनीपत**।कुंडली स्थित श्री अग्रसेन धाम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों पर आधारित कॉफी टेबल बुक विकसित भारत 2047 का भव्य विमोचन किया गया। इस अवसर पर पुस्तक के लेखक अतुल सिंघल, श्री अग्रसेन धाम के प्रधान राजेंद्र अग्रवाल, मिनटेज स्टील के निदेशक एवं उद्योगपति राजीव बंसल, टीकाराम मित्तल, पवन अग्रवाल, विकास मंगला, राज कुमार जिंदल, अनिल गोयल, रश्मि सिंघल, दीपक मंगला एवं दीपक मित्तल, महामहिम राष्ट्रपति जी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अतुल सिंघल ने बताया कि पुस्तक की सामग्री नमो इंपैक्ट टीवी पर किए गए विभिन्न साक्षात्कारों के विश्लेषण पर आधारित है। पुस्तक का प्रकाशन हिंदी, अंग्रेजी और स्पेनिश भाषाओं में किया गया है। इसकी प्रस्तावना राजदूत अशोक सज्जनहार ने लिखी है। पुस्तक में न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, तरुण कपूर, प्रो जगदीश मुखी, विनीत कुमार गुप्ता लोहिया, श्याम सुंदर अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल सहित 70 से अधिक प्रतिष्ठित व्यक्तियों के विचार शामिल हैं। गौरतलब है कि अतुल सिंघल इससे पहले नमो इंपैक्ट राष्ट्र प्रथम और वसुधैव कुटुंबकम जैसी चर्चित पुस्तकें भी प्रकाशित कर चुके हैं। विकसित भारत 2047 भारत के विकास और वैश्विक पहचान को नए दृष्टिकोण से प्रस्तुत करने का प्रयास है।

# गोरखपुर में हिंदू राष्ट्र अधिवेशन संपन्न, विभिन्न प्रस्ताव पारित

नई सोच एक्सप्रेस



**गोरखपुर**।शहर के रुस्तमपुर स्थित मधुर शहनाई सभागार में रविवार को हिंदू राष्ट्र अधिवेशन का आयोजन किया गया। अधिवेशन आयोजन समिति गोरखपुर एवं हिंदू जनजागृति समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न हिंदू संगठनों के प्रतिनिधियों, अधिवक्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं प्रबुद्धजनों ने भाग लिया। आयोजकों के अनुसार अधिवेशन में जिले के 155 से अधिक संगठनों के प्रतिनिधियों की सहभागिता रही। कार्यक्रम में हिंदू समाज के संगठन, सामाजिक समन्वय और विभिन्न समसामयिक विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने समाज में जागरूकता बढ़ाने, संगठनात्मक एकता मजबूत करने तथा स्वरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। अधिवेशन में हिंदू समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के साथ कई प्रस्ताव भी पारित किए गए। इनमें राष्ट्रीय स्तर पर लव जिहाद और कॉर्पोरेट जिहाद विरोधी कानून बनाने, गोवंश हत्या प्रतिबंधक एवं धर्मांतरण विरोधी कानून लागू करने, मंदिरों के सरकारी प्रबंधन को समाप्त कर उन्हें श्रद्धालुओं के प्रबंधन में सौंपने तथा संविधान से 'सेक्युलर' शब्द हटाने की मांग शामिल रही। कार्यक्रम के दौरान हिंदू राष्ट्र की आवश्यकता, हिंदू विरोधी नैरेटिव का प्रतिवाद, मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कराने के अभियान, अधिवक्ता संगठन की भूमिका तथा आध्यात्मिक एवं सामाजिक विषयों पर विभिन्न सत्र आयोजित किए गए। वक्ताओं ने कहा कि सामाजिक एवं कानूनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने के लिए राष्ट्रवादी विचारधारा से जुड़े अधिवक्ताओं का मजबूत नेटवर्क तैयार किया जाएगा। इसके लिए भविष्य में अधिवक्ता सम्मेलन और संगोष्ठियों के आयोजन का भी निर्णय लिया गया। अधिवेशन में धर्म, अध्यात्म, आयुर्वेद एवं राष्ट्ररक्षा विषयक पुस्तकों और प्रदर्शनियों का आयोजन भी किया गया, जिसे प्रतिभागियों ने सराहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अधिवक्ता शेषनारायण पांडे, लक्ष्मी शंकर शुक्ला, शैलेन्द्र बहादुर सिंह, आशुतोष पांडे सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# ट्रांसफार्मर खेल में लाखों के भ्रष्टाचार की आशंका! परतावल उपकेंद्र के अवर अभियन्ता पर गंभीर आरोप, मुख्य अभियन्ता से उच्च स्तरीय जांच की मांग

नई सोच एक्सप्रेस



» धनगढ़ा और महादेवा चौराहा में ट्रांसफार्मर स्थापना को लेकर उठे सवाल, विभागीय अभिलेखों की जांच की मांग

**महाराजगंज**।विद्युत वितरण उपकेंद्र परतावल में ट्रांसफार्मर आवंटन एवं स्थापना को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्राम हरपुर निवासी लखीचंद द्वारा मुख्य अभियन्ता, विद्युत वितरण क्षेत्र गोरखपुर को भेजी गई शिकायत में उपकेंद्र पर तैनात अवर अभियन्ता श्री जुगुनू पर पद के दुरुपयोग, कथित अवैध धन उगाही तथा विभागीय संसाधनों के मनमाने उपयोग के आरोप लगाए गए हैं। शिकायत के अनुसार धनगढ़ा क्षेत्र में ट्रांसफार्मर स्थापना के मामले में निर्धारित प्रक्रिया का पालन न किए जाने तथा कथित आर्थिक लेन-देन के आधार पर अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर स्थापित कराए जाने का आरोप है। शिकायतकर्ता का दावा है कि यदि विभागीय अभिलेखों, स्टोर रजिस्टर, निर्गमन रजिस्टर तथा स्थापना रिकॉर्ड की जांच कराई जाए तो कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि कुछ ट्रांसफार्मरों के आवंटन एवं स्थापना को लेकर विभागीय पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं। महादेवा चौराहा क्षेत्र में भी ट्रांसफार्मर स्थापना से संबंधित निर्णयों की निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। शिकायतकर्ता ने मुख्य अभियन्ता से मांग की है कि पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तथा जांच के दौरान संबंधित अभिलेखों, विभागीय कर्मचारियों के बयान एवं ट्रांसफार्मर आवंटन प्रक्रिया की समीक्षा की जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह मामला केवल प्रशासनिक अनियमितता तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सरकारी संसाधनों के उपयोग एवं विभागीय जवाबदेही से जुड़ा गंभीर विषय बन सकता है। उक्त के संबंध में हमारे संवाददाता द्वारा अवर अभियंता जुगनू एवं एसडीओ परतावल मयंक अग्रवाल के मोबाइल नंबर क्रमशः 99369 79715 एवं 8840 562206 पर बात की गई जिस पर उन लोगों ने शिकायतकर्ता के आरोपों को निराधार बताया तथा ट्रांसफार्मर बदलने के कार्य को जनहित में बताया हालांकि, समाचार लिखे जाने तक आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। जांच के बाद ही आरोपों की सत्यता स्पष्ट हो सकेगी।

# शिवसेना यूबीटी नगर इकाई ने की अहम बिंदुओं पर बैठक

नई सोच एक्सप्रेस



» पदाधिकारियों को दिए गए कड़े निर्देश-जिलाध्यक्ष शिवकुमार विश्वकर्मा

शिवसेना यूबीटी पदाधिकारियों की बैठक बर्रा 6 कार्यालय में आयोजित हुई।बैठक में जिलाध्यक्ष शिवकुमार विश्वकर्मा ने पदाधिकारियों से संगठन विस्तार करने तथा वार्ड गली मुहल्ले में वृहद स्तर पर सदस्यता अभियान चलाने की बात कही। श्री विश्वकर्मा ने जुलाई माह तक नगर के सभी वार्डो में वार्ड प्रमुखों की नियुक्ति पर प्रकाश डाला। बैठक में जिलाध्यक्ष शिवकुमार विश्वकर्मा ने कानपुर विकास प्राधिकरण पर निशाना साधते हुए कहा कि समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी मिली कि पूर्व के दिनों में चकेरी के अहिरवां निवासी नरेंद्र सिंह यादव पत्नी मीना यादव ने आरोप लगाया था कि बिना नोटिस दिए केडीए ने बुलडोजर चला दिया जिस कारण परिवार के सदस्य की सदमे में जान चली गई। उन्होंने कहा कि आलाधिकारियो ने बिना साक्ष्य तथा बिना नोटिस दिए करवाई कि जिससे एक हँसता खेलता परिवार आज सड़क पर है। जिलाध्यक्ष शिवकुमार विश्वकर्मा ने बताया कि शिवसेना का प्रतिनिधिमंडल बहुत जल्द परिजनों से मिल उन्हें न्याय दिलाने में अहम भूमिका निभाएगा। जिलाध्यक्ष ने नवामि गंगे परियोजना के अंतर्गत रविदास पुरम वार्ड 9 बर्रा 8 गुजैनी थाने से लेकर सब्जी मंण्डी तक की सड़क को खोद डाला है जिससे आए दिन हादसा हो रहा है। सड़क खुदाई के दौरान अधिकारियों ने पंद्रह दिन में ही सड़क निर्माण का विश्वास दिलाया था किंतु अभी तक स्थिति जस की तस है। आने वाले दिनों में होने वाली बारिश से क्षेत्र में रह रहे हजारों निवासियों एवं राहगीरों को आवागमन में बड़ी समस्या आ सकती है। जिलाध्यक्ष शिवकुमार विश्वकर्मा ने कानपुर नगर निगम सहित आलाधिकारियों को चेताते हुए कहा कि अगर आम जनमानस की समस्याओं का निपटारा ना हुआ तो अधिकारियों को भी चैन की नींद शिवसेना सोने नहीं देगी। शिवसेना की नगर इकाई समस्यों के चलते सड़को पर उतरने को तैयार है। इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद पदाधिकारियों ने बाला साहेब अमर रहे शिवसेना जिंदाबाद के नारे लगाए। बैठक में मुख्य रूप से सुरेन्द्र राजपूत वरिष्ठ महासचिव रंजीत सिंह सेंगर शैलेंद्र सक्सेना सचिव सत्य प्रकाश गुप्ता संयुक्त सचिव रामपाल शर्मा सर्वेश शर्मा शिवम शुक्ला कामेश्वर शास्त्री महेंद्र सिंह राजपूत सोनू अग्रवाल गोविंद कुशवाहा सहित काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पूर्व सीएम पहुंचे हरनौत, सुरक्षा-व्यवस्था का कड़ा इंतजाम

नई सोच एक्सप्रेस



**हरनौत**।बिहार के पूर्व सीएम सह जद(यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार रविवार के सुबह नालंदा जिले के हरनौत नगर पंचायत में स्थित अपने मौसी के यहां जाकर परिवार वालों से शिष्टाचार मुलाकात किए। पूर्व मुख्यमंत्री का काफिला गांव में तकरीबन सवा ग्यारह बजे पहुंचे। जहां नितिश कुमार जिंदाबाद के नारे से गुंज उठा।इस दौरान पूर्व सीएम ने गाड़ी में से हाथ जोड़कर लोगों का स्वागत किया। तकरीबन पांच मिनट तक पूर्व सीएम गांव में ठहरे। जहां अपने मौसी स्व.देव लगन देवी एवं मौसा स्व.रामानंद सिंह के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री के आलावा बिहार विधान परिषद में सदस्य एवं मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, सतारूढ़ दल विधान परिषद में उपनेता ललन सर्राफ, जदयू जिलाध्यक्ष मो.अरशद,जदयू प्रखंड अध्यक्ष रविकांत कुमार,उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह समाजसेवी सुरेश सिंह,निरंजन सिंह,रामजी सिंह सहित अन्य मौजूद थे। पूर्व मुख्यमंत्री को आगमन को लेकर सुबह से ही गांव से लेकर कल्याण विभाग रोड तक सुरक्षा व्यवस्था कड़ी थी। इस दौरान बिहार शरीफ एसडीएम किसलय श्रीवास्तव एसडीपीओ -2 संजय कुमार जायसवाल,हरनौत थानाध्यक्ष मुकेश वर्मा,कल्याण बिगहा थानाध्यक्ष निशा भारती सहित सहित दर्जनों पुलिस बल सुरक्षा-व्यवस्था में तैनात दिखें। पूर्व सीएम करीब 40 वर्ष बाद गाँव पहुंचे थे। उस समय वे सक्रिय नेता थे।

## विपक्षी नजरिए से दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति

कई जगहों पर डीएमके कार्यकर्ताओं ने जिस तरह कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हमले किए, उससे भी विपक्षी खेमे को लेकर धारणा बिगड़ी है। इसका खराब असर आने वाले चुनावों में विपक्षी सहयोग पर पड़ सकता है। संसद में तालमेल के अलावा इंडिया गठबंधन वैसे भी निरर्थक हो चुका था, मगर तमिलनाडु में कांग्रेस के पाला-बदल के बाद फ्लोर कॉर्डिनेशन से सामूहिक प्रभाव पैदा कर पाना भी उसके लिए कठिन हो जाएगा। चुनाव परिणाम आने के तुरंत बाद कांग्रेस का एकतरफा तौर पर डीएमके का साथ छोड़कर टीवीके से गांठ जोड़ लेने से पैदा हुई कड़वाहट का ही नतीजा है कि डीएमके ने लोकसभा स्पीकर से अपने सदस्यों की सीटिंग व्यवस्था बदलने की गुजारिश कर दी है। उधर तमिलनाडु में कई जगहों पर डीएमके कार्यकर्ताओं ने जिस तरह कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हमले किए, उससे भी विपक्षी खेमे को लेकर धारणाएं बिगड़ी हैं। इसका खराब असर आने वाले चुनावों के दौरान अन्य दलों से कांग्रेस के सहयोग पर पड़ सकता है। अगला एक प्रमुख चुनाव मैदान उत्तर प्रदेश है, जहां सपा नेता अखिलेश यादव पहले से ही कांग्रेस से कुछ हिसाब चुकता करने के अपने मूड का संकेत देते रहे हैं। महाराष्ट्र में पहले ही गठबंधन के घटक अपनी राह अलग कर चुके हैं। वहां भी कांग्रेस का रुख विवाद के केंद्र में रहा। तमिलनाडु के मामले से क्षेत्रीय दलों में यह शिकायत और गहराएगी कि परजीवी होती गई कांग्रेस अपने अतीत की थाती के आधार पर सहयोगी दलों से अधिकतम कीमत वसूलने और इस प्रयास में चुनाव से ठीक पहले माहौल बिगाड़ने की हद तक चली जाती है। जहां उसका मुकाबला किसी गैर-भाजपा दल से होता है (मसलन, दिल्ली में 'आप', पश्चिम बंगाल में टीएमसी, केरल में लेफ्ट फ्रंट), वहां इल्जाम लगाने में वह कोई संयम नहीं दिखाती। ऊपर से आम अनुभव के विपरीत कांग्रेस नेता राहुल गांधी का यह बड़बोलापन है कि भाजपा को सिर्फ कांग्रेस ही हरा सकती है। विपक्षी नजरिए से यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। जिस समय गैर-भाजपा दलों में सबसे ज्यादा सहयोग और भाजपा का मुकाबला करने के एकजुट संकल्प की जरूरत है, इन दलों में समन्वय का रहा-सहा मंच भी बिखरता नजर आ रहा है। भाजपा का नीतिगत विकल्प देने के मोर्चे पर तो ये दल वैसे ही नाकाम थे, अब उनमें व्यावहारिक और चुनावी गणित आधारित सहयोग की भावना भी ओझल हो रही है।

# मुसल्लहपुर का 'कोचिंग युद्ध' : शिक्षा के बाजारीकरण का खतरनाक चेहरा



आरती कुमारी

बिहार की राजधानी पटना का मुसल्लहपुर हाट दशकों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों का प्रमुख केंद्र रहा है। यहां की गलियां कभी किताबों, नोट्स, लाइब्रेरी और सपनों से भरी दिखाई देती थीं। बिहार ही नहीं, देश के विभिन्न हिस्सों से हजारों छात्र अपने बेहतर भविष्य की उम्मीद लेकर इस इलाके में पहुंचते हैं। लेकिन हाल के दिनों में जिस प्रकार की हिंसक घटनाएं यहां सामने आई हैं, उन्होंने शिक्षा जगत, अभिभावकों और समाज को गंभीर चिंता में डाल दिया है। पत्थरबाजी, मारपीट, कथित फायरिंग और दो कोचिंग संस्थानों के बीच वर्चस्व की लड़ाई ने यह प्रश्न खड़ा कर दिया है कि क्या शिक्षा का उद्देश्य अब ज्ञान प्रदान करना रह गया है, या फिर यह पूरी तरह एक व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा में बदल चुकी है।

मुसल्लहपुर हाट में हुई हालिया घटना का प्रारंभ कथित तौर पर प्रचार-प्रसार को लेकर हुए विवाद से हुआ। एक कोचिंग संस्थान द्वारा अपनी सफलता के दावों वाले पोस्टर और बैनर लगाए गए, जिन्हें लेकर दूसरे संस्थान की आपत्ति सामने आई। आरोप-प्रत्यारोप के बीच पोस्टर हटाने और फाड़ने का सिलसिला शुरू हुआ और देखते ही देखते स्थिति हिंसक संघर्ष में बदल गई। जिस स्थान पर विद्यार्थियों को शिक्षा और अनुशासन का वातावरण मिलना चाहिए था, वहां सड़कों पर टकराव, अफरा-तफरी और तनाव का माहौल बन गया। यह दृश्य केवल एक स्थानीय विवाद नहीं था, बल्कि शिक्षा क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के उस विकृत स्वरूप का प्रतीक था, जहां प्रतिष्ठा और बाजार हिस्सेदारी की लड़ाई छात्रों के हितों पर भारी पड़ने लगी है। घटना के बाद विभिन्न पक्षों की ओर से अलग-अलग दावे किए गए। एक पक्ष ने अपने संस्थान पर हमले और फायरिंग की बात कही, जबकि पुलिस जांच में कई तथ्यों की पुष्टि नहीं हो सकी। सीसीटीवी फुटेज, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और पुलिस की जांच के आधार पर मामले की वास्तविकता का निर्धारण अभी न्यायिक और कानूनी प्रक्रिया के तहत होना है। ऐसे में किसी भी निष्कर्ष




पर पहुंचने से पहले जांच एजेंसियों और न्याय व्यवस्था को अपना कार्य निष्पक्ष रूप से करने देना आवश्यक है। हालांकि, यह अवश्य कहा जा सकता है कि जब शिक्षा संस्थानों से जुड़े लोग सार्वजनिक रूप से गंभीर आरोप लगाते हैं, तो उनके बयानों की जिम्मेदारी और विश्वसनीयता भी उतनी ही महत्वपूर्ण हो जाती है।

इस पूरे विवाद का दूसरा चिंताजनक पहलू छात्रों की भूमिका है। किसी शिक्षक या संस्थान के समर्थन में विद्यार्थियों का भावनात्मक रूप से जुड़ना स्वाभाविक हो सकता है, लेकिन यदि यह जुड़ाव सड़क पर प्रदर्शन, उग्र नारेबाजी या कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने तक पहुंच जाए, तो यह शिक्षा की मूल भावना के विपरीत है। विद्यार्थियों का सबसे बड़ा दायित्व अपने अध्ययन और व्यक्तित्व विकास पर ध्यान केंद्रित करना है। यदि वे शिक्षकों के व्यक्तिगत या व्यावसायिक विवादों का हिस्सा बनने लगें, तो इससे उनका समय, ऊर्जा और भविष्य प्रभावित होता है। दरअसल, यह घटना केवल दो संस्थानों का विवाद नहीं है। यह उस व्यापक प्रवृत्ति की ओर संकेत करती है जिसमें कोचिंग उद्योग एक विशाल आर्थिक क्षेत्र बन चुका है। प्रतियोगी परीक्षाओं की बढ़ती संख्या, सरकारी नौकरियों की सीमित उपलब्धता और युवाओं की आकांक्षाओं ने कोचिंग व्यवसाय को करोड़ों रुपये के उद्योग में बदल दिया है। सफलता के दावे, परिणामों का प्रचार, सोशल मीडिया मार्केटिंग, यूट्यूब चैनल और डिजिटल ब्रांडिंग अब इस क्षेत्र का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। ऐसे माहौल में कई बार शिक्षा का मूल उद्देश्य पीछे छूट जाता है और प्राथमिकता छात्रों की संख्या बढ़ाने तथा बाजार में प्रभाव स्थापित करने को मिल जाती है। बिहार जैसे राज्य में, जहां लाखों युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, कोचिंग संस्थानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ये संस्थान केवल पाठ्यक्रम नहीं पढ़ाते, बल्कि छात्रों के व्यक्तित्व, सोच और सामाजिक दृष्टिकोण को भी प्रभावित करते हैं। इसलिए उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे अनुशासन, जिम्मेदारी और नैतिक मूल्यों का उदाहरण प्रस्तुत करें। यदि शिक्षक और संस्थान स्वयं विवादों, आरोपों और टकरावों में घिर जाएंगे, तो विद्यार्थियों तक कौन-सा संदेश पहुंचेगा? यह भी ध्यान देने योग्य है कि मुसल्लहपुर हाट में इस प्रकार की घटनाएं पहली बार नहीं हुई हैं। अतीत में भी इस क्षेत्र में वर्चस्व को लेकर तनाव और हिंसा की घटनाएं सामने आती रही हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि प्रशासनिक निगरानी और नियामक व्यवस्था को और मजबूत करने की आवश्यकता है। कोचिंग संस्थानों के संचालन, प्रचार-प्रसार, सुरक्षा व्यवस्था और सार्वजनिक आचरण के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश बनाए जाने चाहिए। साथ ही, कानून का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति या संस्था के खिलाफ निष्पक्ष और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। आज आवश्यकता इस बात की है कि शिक्षा को बाजार की अंधी प्रतिस्पर्धा से बचाया जाए। कोचिंग संस्थानों को यह समझना होगा कि वे केवल व्यावसायिक प्रतिष्ठान नहीं हैं, बल्कि लाखों युवाओं की उम्मीदों और सपनों से जुड़े सामाजिक संस्थान हैं। उनकी जिम्मेदारी केवल परीक्षा में सफलता दिलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक तैयार करने की भी है। मुसल्लहपुर हाट की घटना बिहार और देश के शिक्षा जगत के लिए एक चेतावनी है। यदि समय रहते शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ती व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा, अनियंत्रित प्रचार और संस्थागत वर्चस्व की राजनीति पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो इसके दुष्परिणाम दूरगामी होंगे। सरकार, प्रशासन, शिक्षकों, अभिभावकों और समाज—सभी को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि शिक्षा के केंद्र ज्ञान, अनुशासन और संस्कार के प्रतीक बने रहें, न कि टकराव और हिंसा के अखाड़े।

शिक्षा का मंदिर तभी सुरक्षित रहेगा, जब उसमें प्रतिस्पर्धा से अधिक मूल्य, व्यवसाय से अधिक दायित्व और प्रचार से अधिक चरित्र का महत्व होगा। मुसल्लहपुर हाट की घटना इसी गंभीर आत्ममंथन का अवसर प्रदान करती है।

# नेतृत्व परिवर्तन के बाद नई ऊर्जा, नया विस्तार : बिहार में भाजपा संगठन के सशक्तीकरण की उभरती कहानी



© आचार्य अशोक चौधरी प्रियदर्शी

**कटिहार, बिहार** । भारतीय लोकतंत्र में किसी भी राजनीतिक दल की वास्तविक शक्ति केवल उसकी चुनावी सफलता से नहीं मापी जाती, बल्कि उसके संगठनात्मक ढाँचे, वैचारिक प्रतिबद्धता, कार्यकर्ताओं की सक्रियता, समाज के विभिन्न वर्गों में उसकी स्वीकार्यता तथा समयानुकूल नेतृत्व विकसित करने की क्षमता से निर्धारित होती है। इतिहास इस बात का साक्षी है कि वे राजनीतिक दल अधिक समय तक प्रभावी बने रहते हैं जो परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को पुनर्गठित करते हैं, नेतृत्व की नई पीढ़ी तैयार करते हैं और संगठन को केवल चुनावी मंच नहीं बल्कि सामाजिक संवाद का माध्यम बनाते हैं। बिहार में भारतीय जनता पार्टी के हालिया नेतृत्व परिवर्तन और संगठनात्मक पुनर्संरचना को इसी व्यापक संदर्भ में देखा जाना चाहिए। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह केवल पदाधिकारियों का परिवर्तन नहीं, बल्कि संगठन में नई ऊर्जा, नए उत्साह और नए विस्तार की प्रक्रिया का आरंभ है। बिहार में भाजपा की वर्तमान स्थिति को समझने के लिए उसकी ऐतिहासिक यात्रा को समझना आवश्यक है। भारतीय जनसंघ के सीमित प्रभाव वाले दौर से लेकर आज बिहार की प्रमुख राजनीतिक शक्तियों में शामिल होने तक का सफर आसान नहीं रहा। एक समय ऐसा था जब बिहार की राजनीति मुख्यतः कांग्रेस, समाजवादी धारा और बाद में मंडल राजनीति के प्रभाव में थी। भाजपा का आधार सीमित था, लेकिन वैचारिक स्पष्टता, संगठनात्मक अनुशासन और समर्पित कार्यकर्ताओं के बल पर पार्टी ने धीरे-धीरे अपनी पहचान स्थापित की। जनसंघ के दिनों से लेकर भारतीय जनता पार्टी के वर्तमान स्वरूप तक संगठन निर्माण की जो प्रक्रिया चली, उसने बिहार में पार्टी को एक मजबूत राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित किया। इस यात्रा में अनेक नेताओं का योगदान रहा। कैलाशपति मिश्र को बिहार भाजपा का संगठन निर्माता कहा जाता है। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में संगठन को खड़ा किया। बाद में सुशील कुमार मोदी, नंदकिशोर यादव, डॉ. सी.पी. ठाकुर, मंगल पांडेय, गिरिराज सिंह, शाहनवाज हुसैन और अनेक अन्य नेताओं ने पार्टी को सामाजिक और राजनीतिक विस्तार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन नेताओं ने भाजपा को केवल शहरी मध्यवर्गीय दल की छवि से बाहर निकालकर गाँव, पंचायत और समाज के विविध वर्गों तक पहुँचाने का कार्य किया। 1990 के दशक में राम जन्मभूमि आंदोलन और राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के उभार का प्रभाव बिहार पर भी पड़ा। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व ने भाजपा को व्यापक स्वीकार्यता प्रदान की। इसके बाद पार्टी ने गठबंधन राजनीति के माध्यम से बिहार में अपनी स्थिति मजबूत की। लेकिन किसी भी राजनीतिक दल के लिए एक समय ऐसा आता है जब उसे नई चुनौतियों और नई सामाजिक वास्तविकताओं के अनुरूप स्वयं को पुनर्गठित करना पड़ता है। बिहार भाजपा के भीतर हाल के वर्षों में जो नेतृत्व परिवर्तन हुआ, उसे इसी संदर्भ में समझा जाना चाहिए। राजनीति में नेतृत्व परिवर्तन केवल चेहरों का परिवर्तन नहीं होता, बल्कि यह संगठनात्मक सोच, कार्यशैली और प्राथमिकताओं में भी बदलाव का अवसर होता है। बिहार भाजपा ने समय की आवश्यकता को समझते हुए नई पीढ़ी को आगे लाने का प्रयास किया। इससे संगठन में यह संदेश गया कि पार्टी केवल व्यक्तियों पर आधारित नहीं है, बल्कि संस्थागत नेतृत्व और संगठनात्मक निरंतरता पर विश्वास करती है। यही कारण है कि नेतृत्व परिवर्तन के बाद कार्यकर्ताओं में नया उत्साह दिखाई दिया। इस संदर्भ में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वर्तमान राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल की भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय है। प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उन्होंने संगठन को केवल राजनीतिक गतिविधियों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे समाज के विभिन्न वर्गों से जोड़ने का प्रयास किया। उन्होंने जिलों और प्रखंडों के लगातार दौरे कर कार्यकर्ताओं के साथ प्रत्यक्ष संवाद स्थापित किया। बूथ स्तर की संरचना को मजबूत करने, संगठन को नई सक्रियता देने तथा सीमांचल सहित अनेक क्षेत्रों में भाजपा की पहुँच बढ़ाने में उनके प्रयासों की चर्चा की जाती है। डॉ. जायसवाल ने यह समझा कि बदलती राजनीति में केवल पारंपरिक समर्थक वर्ग पर्याप्त नहीं है। इसलिए उन्होंने पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग, व्यापारी वर्ग, युवा मतदाता और महिलाओं तक संगठन की पहुँच बढ़ाने पर बल दिया। उनके कार्यकाल में प्रशिक्षण कार्यक्रमों, संगठनात्मक बैठकों और जनसंपर्क अभियानों को विशेष महत्व मिला। उनके नेतृत्व में भाजपा ने कई क्षेत्रों में अपनी संगठनात्मक उपस्थिति को अधिक सशक्त बनाया। आज राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री के रूप में भी डॉ. जायसवाल की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती है। बिहार जैसे कृषि प्रधान राज्य में भूमि, राजस्व, भू-अभिलेख, अतिक्रमण और भूमि सुधार से जुड़े विषय सीधे जनता के जीवन से जुड़े हुए हैं। ऐसे में सरकार और संगठन के बीच समन्वय स्थापित करने में उनकी भूमिका भाजपा के लिए एक महत्वपूर्ण राजनीतिक संपत्ति के रूप में देखी जाती है। इसी क्रम में वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी का नेतृत्व भाजपा के संगठनात्मक विस्तार के अगले चरण का प्रतिनिधित्व करता है। मिथिलांचल क्षेत्र से आने वाले संजय सरावगी लंबे समय से संगठन और जनप्रतिनिधित्व दोनों स्तरों पर सक्रिय रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उनकी नियुक्ति को भाजपा की उस रणनीति के रूप में देखा गया जिसमें संगठन को नई ऊर्जा देने, क्षेत्रीय संतुलन स्थापित करने और नई पीढ़ी के नेतृत्व को अवसर प्रदान करने का प्रयास शामिल है। संजय सरावगी के सामने सबसे बड़ी जिम्मेदारी संगठन को आगामी चुनावी चुनौतियों के लिए तैयार करने की है। बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय बनाए रखना, नए मतदाताओं को जोड़ना, महिलाओं और युवाओं की भागीदारी बढ़ाना तथा कार्यकर्ताओं के साथ सतत संवाद बनाए रखना उनकी प्राथमिकताओं में माना जा रहा है। उनकी कार्यशैली का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि वे संगठनात्मक संवाद को अधिक व्यापक और सहभागी बनाने पर बल देते हैं। राजनीतिक दृष्टि से देखा जाए तो डॉ. दिलीप जायसवाल और संजय सरावगी की भूमिकाएँ एक-दूसरे की पूरक प्रतीत होती हैं। एक ओर डॉ. जायसवाल ने संगठनात्मक पुनर्सक्रियता और सामाजिक विस्तार की प्रक्रिया को गति दी, वहीं दूसरी ओर संजय सरावगी उस प्रक्रिया को और व्यापक बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। यही संगठनात्मक निरंतरता किसी भी राजनीतिक दल की दीर्घकालिक शक्ति का आधार होती है। बिहार की राजनीति में सामाजिक समीकरण अत्यंत महत्वपूर्ण रहे हैं। भाजपा ने पिछले वर्षों में पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग, दलित, महादलित, महिला और युवा मतदाताओं के बीच अपनी स्वीकार्यता बढ़ाने का प्रयास किया है। नेतृत्व परिवर्तन के बाद इस दिशा में और अधिक सक्रियता दिखाई दी। विशेष रूप से अति पिछड़े वर्गों के बीच भाजपा ने अपनी उपस्थिति मजबूत करने की रणनीति अपनाई। बिहार की सामाजिक संरचना में इन वर्गों की निर्णायक भूमिका है और भाजपा ने उन्हें संगठनात्मक रूप से जोड़ने का प्रयास किया। महिला मतदाता भी बिहार की राजनीति में निर्णायक शक्ति बनकर उभरी हैं। भाजपा ने महिला मोर्चा, स्वयं सहायता समूहों और महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं तक अपनी पहुँच बढ़ाई है। महिलाओं की बढ़ती राजनीतिक भागीदारी ने संगठन को नई दिशा दी है। युवा वर्ग भाजपा के संगठन विस्तार का एक और महत्वपूर्ण आधार है। बिहार की बड़ी युवा आबादी रोजगार, शिक्षा, कौशल विकास और डिजिटल अवसरों को महत्व देती है। भाजपा ने सामाजिक माध्यमों, डिजिटल संवाद और युवा कार्यक्रमों के माध्यम से नई पीढ़ी के साथ संपर्क बढ़ाने का प्रयास किया है। इससे संगठन को नई ऊर्जा प्राप्त हुई है। भाजपा की सबसे बड़ी संगठनात्मक शक्ति उसका बूथ आधारित ढाँचा माना जाता है। बूथ समितियाँ, शक्ति केंद्र, मंडल और जिला स्तर की इकाइयाँ संगठन की रीढ़ हैं। नेतृत्व परिवर्तन के बाद इन्हें और अधिक सक्रिय बनाने का प्रयास किया गया। राजनीतिक दलों की वास्तविक ताकत जमीनी स्तर पर ही दिखाई देती है और भाजपा ने इस क्षेत्र में विशेष ध्यान दिया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उससे जुड़े विभिन्न सामाजिक संगठनों की भूमिका भी संगठनात्मक विस्तार में महत्वपूर्ण रही है। सेवा कार्य, सामाजिक जागरूकता अभियान, शिक्षा, स्वास्थ्य और आपदा राहत के माध्यम से समाज से सतत संपर्क बनाए रखने का प्रयास भाजपा के संगठनात्मक ढाँचे को मजबूत करता है।

# भारत की पहली फ्लेक्स-फ्यूल कार – "वैगन आर"



जितेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना

भारत तेजी से बदलती ऊर्जा आवश्यकताओं, बढ़ती जनसंख्या और लगातार बढ़ते पेट्रोलियम आयात के बीच एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहां ऊर्जा सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण हो गए हैं। दुनिया भर में जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करने की दिशा में प्रयास हो रहे हैं और भारत भी इस वैश्विक परिवर्तन का महत्वपूर्ण भाग बन चुका है। इसी दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने भारत की पहली फ्लेक्स-फ्यूल कार 'वैगन आर' को पेश किया है। यह केवल एक नई कार का लॉन्च नहीं है, बल्कि भारत के परिवहन क्षेत्र में एक नई क्रांति की शुरुआत है। यह वाहन ई20 से लेकर ई100 तक विभिन्न एथनॉल मिश्रित ईंधनों पर चलने में सक्षम है। इसका अर्थ है कि वाहन मालिकों को भविष्य में पेट्रोल पर पूर्ण निर्भरता नहीं रखनी पड़ेगी और देश को भी महंगे कच्चे तेल के आयात से राहत मिल सकेगी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी लंबे समय से एथनॉल आधारित ईंधन को बढ़ावा देने के पक्षधर रहे हैं। उनका मानना है कि भारत के किसानों द्वारा उत्पादित गन्ना, मक्का और अन्य कृषि उत्पादों से निर्मित एथनॉल देश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता का आधार बन सकता है। फ्लेक्स-फ्यूल तकनीक इसी सोच का परिणाम है। फ्लेक्स-फ्यूल ऐसी तकनीक है जिसमें वाहन का इंजन विभिन्न अनुपातों में पेट्रोल और एथनॉल के मिश्रण पर चल सकता है। सामान्यतः पारंपरिक वाहन सीमित मात्रा तक ही एथनॉल मिश्रित ईंधन स्वीकार कर पाते हैं, जबकि फ्लेक्स-फ्यूल वाहन ई20, ई50, ई85 और यहां तक कि ई100 तक पर भी आसानी से संचालित हो सकते हैं। यह तकनीक नई नहीं है। ब्राजील और अमेरिका जैसे देशों में फ्लेक्स-फ्यूल वाहन वर्षों से उपयोग में हैं। विशेष रूप से ब्राजील ने एथनॉल आधारित परिवहन व्यवस्था विकसित कर विश्व के सामने एक सफल मॉडल प्रस्तुत किया है। भारत में अब तक अधिकांश वाहन केवल पेट्रोल या सीमित एथनॉल मिश्रण वाले ईंधन पर चलते थे। वैगन आर फ्लेक्स-फ्यूल इस स्थिति को बदलने की क्षमता रखती है। एथनॉल एक जैव ईंधन (बायोफ्यूल) है जो कृषि उत्पादों से बनाया जाता है। भारत में इसका उत्पादन मुख्य रूप से गन्ने के शीरे, गन्ने के रस, मक्का तथा अन्य कृषि अवशेषों से किया जाता है। एथनॉल उत्पादन के प्रमुख स्रोत है गन्ना, मक्का, चावल, ज्वार, टूटे हुए अनाज, कृषि अपशिष्ट। इन संसाधनों से तैयार ईंधन न केवल पर्यावरण के लिए बेहतर है बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करता है। मारुति सुजुकी द्वारा पेश की गई नई वैगन आर फ्लेक्स-फ्यूल कई आधुनिक तकनीकों से लैस है। इस वाहन में अत्याधुनिक इंजन कंट्रोल यूनिट (ECU) लगाई गई है। यह सिस्टम ईंधन में एथनॉल की मात्रा को पहचानकर इंजन के प्रदर्शन को स्वतः समायोजित करता है। एथनॉल आधारित ईंधन के उपयोग से कार्बन उत्सर्जन में कमी आती है। इससे वायु प्रदूषण कम करने में सहायता मिलेगी। यह वाहन ई20 से लेकर ई100 तक किसी भी मिश्रण वाले ईंधन पर चल सकता है, जिससे उपभोक्ताओं को अधिक विकल्प मिलते हैं। जब देश में एथनॉल स्टेशन बढ़ेंगे, तब यह वाहन बिना किसी अतिरिक्त संशोधन के उनका उपयोग कर सकेगा। नितिन गडकरी लंबे समय से वैकल्पिक ईंधनों के समर्थक रहे हैं। उन्होंने कई बार कहा है कि भारत को पेट्रोल और डीजल आयात पर अत्यधिक निर्भरता से बाहर निकलना होगा। उनके अनुसार एथनॉल किसानों की आय बढ़ाएगा। विदेशी मुद्रा की बचत होगी। प्रदूषण कम होगा। ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी और ग्रामीण उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। गडकरी का मानना है कि यदि भारत व्यापक स्तर पर एथनॉल आधारित परिवहन प्रणाली अपनाता है तो यह कृषि और उद्योग दोनों के लिए लाभदायक सिद्ध होगा। भारत दुनिया के सबसे बड़े तेल आयातकों में से एक है। देश अपनी आवश्यकता का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से खरीदता है। इसके कारण विदेशी मुद्रा पर भारी दबाव पड़ता है। अंतरराष्ट्रीय कीमतों का सीधा असर भारतीय उपभोक्ताओं पर पड़ता है। भू-राजनीतिक संकटों से ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। यदि एथनॉल का उपयोग बड़े पैमाने पर बढ़ता है, तो तेल आयात पर निर्भरता कम होगी। फ्लेक्स-फ्यूल नीति का सबसे बड़ा लाभ किसानों को मिल सकता है। गन्ना और मक्का उत्पादकों को नया बाजार मिलेगा। एथनॉल उद्योग की मांग बढ़ने से किसानों को बेहतर मूल्य मिल सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में डिस्टिलरी और प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में एथनॉल मिश्रण कार्यक्रम में उल्लेखनीय प्रगति की है। जहां कुछ वर्ष पहले पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण केवल 1-2 प्रतिशत था, वहीं अब देश कई क्षेत्रों में 20 प्रतिशत मिश्रण के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। सरकार ने एथनॉल उत्पादन बढ़ाने के लिए नई डिस्टिलरियों को मंजूरी दी। वित्तीय सहायता प्रदान की। खरीद मूल्य निर्धारित किए और निजी निवेश को प्रोत्साहित किया। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने घोषणा की है कि दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, पुणे और नागपुर में 50 से 100 एथनॉल ईंधन स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। सरकार की योजना है कि 2026 तक 500 स्टेशन और 2027 तक 5000 स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। यदि यह लक्ष्य प्राप्त होता है तो भारत में एथनॉल आधारित परिवहन व्यवस्था को व्यापक आधार मिल जाएगा। फ्लेक्स-फ्यूल तकनीक केवल आर्थिक नहीं बल्कि पर्यावरणीय दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। इसके लाभ होंगे ग्रीनहाउस गैसों में कमी, कार्बन उत्सर्जन में कमी, वायु प्रदूषण में कमी और जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम। जलवायु परिवर्तन की चुनौती के बीच यह कदम अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि फ्लेक्स-फ्यूल तकनीक के अनेक लाभ हैं, लेकिन कुछ चुनौतियां भी हैं। देशभर में पर्याप्त एथनॉल स्टेशन स्थापित करना होगा। बढ़ती मांग के अनुरूप एथनॉल उत्पादन बढ़ाना होगा। नई तकनीक वाले वाहनों की कीमत प्रारंभ में अधिक हो सकती है। लोगों को फ्लेक्स-फ्यूल तकनीक के लाभ समझाने होंगे। भारत का परिवहन क्षेत्र तेजी से परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। इलेक्ट्रिक वाहन, हाइड्रोजन ईंधन, सीएनजी, बायोगैस और अब फ्लेक्स-फ्यूल तकनीक देश को ऊर्जा विविधता प्रदान कर रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले वर्षों में फ्लेक्स-फ्यूल वाहन भारतीय सड़कों पर आम दृश्य बन सकते हैं। यदि सरकार की एथनॉल नीति सफल रहती है, तो भारत विश्व के उन देशों में शामिल हो सकता है जिन्होंने कृषि आधारित ईंधन को सफलतापूर्वक परिवहन व्यवस्था का हिस्सा बनाया। मारुति सुजुकी की फ्लेक्स-फ्यूल वैगन आर केवल एक नई कार नहीं है, बल्कि भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता, किसानों की समृद्धि और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल देश को तेल आयात की निर्भरता से आंशिक मुक्ति दिलाने, विदेशी मुद्रा बचाने और हरित ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने में सहायक हो सकती है। यदि सरकार, उद्योग और किसान मिलकर इस दिशा में कार्य करें तो आने वाला दशक भारत के लिए एथनॉल क्रांति का दशक साबित हो सकता है। वैगन आर फ्लेक्स-फ्यूल उसी क्रांति की पहली महत्वपूर्ण दस्तक है, जो भारतीय परिवहन क्षेत्र के भविष्य को नई दिशा देने की क्षमता रखती है।

## कर्नाटकः डीके शिवकुमार के सीएम होने के मायने



डॉ. सुधीर सक्सेना

28 मई को अंततः कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर सियासत की दरोदीवार पर अटकलों और कयासों के सब्ज़े उगने का दौर तब थम गया, जब मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने पद से इस्तीफा देने का ऐलान किया। इसके लिये उन्होंने अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों को अपने सरकारी आवास पर सुबह के नाश्ते पर आमंत्रित किया और बीते तीन साल में उनके सहयोग के लिए आभार जताते हुये कहा कि वह अपरान्ह तीन बजे इस्तीफा देने राजभवन जाएंगे। उन्होंने कांग्रेस विधायकों से जब उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को सहयोग की बात कही, तो यह स्पष्ट हो गया कि शिवकुमार उनके उत्तराधिकारी होंगे। मई का महिना शिवकुमार के लिए बड़ा मायने रखता है। उनका जन्म आज से चौसंठ साल पहले 15 मई को कनकपुरा में हुआ था और सन 2023 में मई माह में ही उनके अथक प्रयासों से बीजेपी की येदियुरप्पा- सरकार को अपदस्थ कर कांग्रेस की सत्ता में वापसी हुई थी। यह दीगर है कि जीतोड़ कोशिशों के बाद डीकेएस तब सीएम नहीं बन सके थे और उनसे वरिष्ठ और अनुभवी सिद्धारमैया ने बज़िद बाजी मार ली थी। बहरहाल, 28 मई को डीकेएस को सुबह का ब्रेकफास्ट उनके अपने जन्मदिन और कांग्रेस सरकार की सालगिरह के समारोह के नाश्तों से अधिक सुखद और लज्जतदार लगा होगा, क्योंकि इस रोज उनका पालित सपना या साध पूरी हुई। डीकेएस यानि डोडालाहल्ली केंपेगौड़ा शिवकुमार कर्नाटक के शीर्षस्थ नेताओं में शुमार हैं। वह धनाढ्य हैं, लोकप्रिय हैं, जुझारू और दबंग हैं और कुशल रणनीतिकार हैं। वह महत्वाकांक्षी हैं। करीब चार दशकों का उनका सियासी सफर दिलचस्प और घटनाप्रधान रहा है। वह खांटी कांग्रेसी हैं और सोनिया गांधी के प्रति उनके मन में गहरा सम्मान है। तीन साल पहले कर्नाटक में सत्ता में कांग्रेस की वापसी पर उन्होंने सोनियाजी से अपना कौल निभाने की बात कही थी। डीकेएस का कॉन्फिडेंस लेबेल गज़ब का है। उन्हें जायंट-किलर यूं ही नहीं माना जाता। पहलेपहल उन्हें इस विशेषण से तब नवाजा गया था, जब सन 1989 में सथानूर से एचडी देवेगौड़ा को हराया था।

## संक्षिप्त समाचार

### सिमरिया में फूल-मालाओं में व्यस्त सिस्टम, सिमरिया की सड़कों पर कब रुकेगा मौत का खेल

**सिमरिया।** थान क्षेत्र में नए अधिकारी के पदभार ग्रहण करने के बाद स्वागत, मुलाकातों और शिष्टाचार कार्यक्रमों की चर्चा जोरों पर है। वहीं दूसरी ओर आम लोगों के बीच एक बड़ा सवाल लगातार उठ रहा है कि आखिर सड़कों पर हो रहे हादसों पर प्रभावी कार्रवाई कब होगी? स्थानीय लोगों का कहना है कि नो-एंट्री खुलते ही भारी कोयला वाहन तेज रफ्तार से सड़कों पर दौड़ने लगते हैं। ओवरटेकिंग, लापरवाह ड्राइविंग और यातायात नियमों की अनदेखी के कारण कई परिवार अपने परिजनों को खो चुके हैं। हर नए हादसे के बाद कुछ दिनों तक चर्चा होती है, लेकिन स्थायी समाधान नजर नहीं आता। लोगों का मानना है कि स्वागत समारोहों और औपचारिक मुलाकातों के साथ-साथ प्रशासन की प्राथमिकता सड़क सुरक्षा भी होनी चाहिए। जनता अब यह जानना चाहती है कि तेज रफ्तार भारी वाहनों पर लगाम लगाने, नियमों का पालन सुनिश्चित करने और बेगुनाह लोगों की जान बचाने के लिए क्या ठोस कदम उठाए जाएंगे।

### झोलाछाप डॉक्टर ने लिया इलाज के दौरान दो की जान। गर्भवती की मौत से गांव में मातम

**चतरा।** जिले में कथित तौर पर झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से ने लावालौंग थाना क्षेत्र के चुकु गांव निवासी लाटो गंझू की 20 वर्षीय गर्भवती पत्नी बैजंती देवी की प्रसव के दौरान जान चली गई। बताया जा रहा है कि बैजंती आठ माह की गर्भवती थी और उसके गर्भ में पल रहे बच्चे की भी मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है। परिजनों के अनुसार, चतरा बस स्टैंड के समीप संचालित मेदांता नर्सिंग होम में बुधवार से महिला का इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान परिजनों को बताया गया कि गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो चुकी है। इसके बाद महिला की हालत लगातार बिगड़ती चली गई और आखिरकार उसने भी दम तोड़ दिया। परिजनों का कहना है कि आर्थिक तंगी के बावजूद महिला और बच्चे की जान बचाने की उम्मीद में अस्पताल की हर मांग पूरी कर रहे थे। गांव में हर आंख नम है और लोग इस घटना को लेकर दुख और गुस्सा दोनों जाहिर कर रहे हैं। मृतका का शव अभी तक चुकु गांव में रखा हुआ है।

### दो दिनों से लापता 18 वर्षीय प्रमोद कुमार का शव बरामद, इलाके में भारी तनाव



**चतरा (कान्हाचट्टी)।** कान्हा चट्टी प्रखंड के राजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गड़िया गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया। जब पिछले दो दिनों से लापता प्रमोद कुमार का शव गड़िया नदी से महज 200 मीटर की दूरी पर बरामद किया गया। इस खौफनाक मंजर को देखते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई है। परिजनों के मुताबिक, प्रमोद पिछले दो दिनों से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता था। जिसकी तलाश आसपास के इलाकों में की जा रही थी। आज सुबह जब कुछ ग्रामीणों ने नदी के पास झाड़ियों में शव को देखा, तो उनके होश उड़ गए। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है और उनका रो-रोकर बुरा हाल है। मौके पर पहुंची पुलिस, जांच में जुटी घटना की सूचना मिलते ही राजपुर थाना पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंच चुकी है। पुलिस ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शव को अपने कब्जे में ले लिया है और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल के आसपास से सबूत इकट्ठा कर रही है ताकि मौत के सही कारणों का पता लगाया जा सके। इलाके में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात है और मामले की हर पहलू से गहन जांच की जा रही है।

### अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत



**हंटरगंज( चतरा)।** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के चतरा - डोभी मुख्य पथ भोंदल नगिनदहा पुल के समीप शुक्रवार देर रात्रि दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। डुमरी पेट्रोल पंप से लौटते समय बाइक सवार युवक अज्ञात ट्रक की चपेट में आ गया। हादसे में युवक की मौके पर मौत हो गई।हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया। इधर घटना की जानकारी मिलते ही हंटरगंज थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर थाने ले आई। मृतक युवक की पहचान हंटरगंज बाजार निवासी बिहारी गुप्ता के 29 वर्षीय पुत्र रौशन गुप्ता उर्फ मुन्ना के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मुन्ना अपने घर से डुमरी पेट्रोल पंप पेट्रोल भरवाने गया था। पेट्रोल भरवाकर घर लौट रहा था। जैसे ही नगीनदाहा पुल के समीप पहुंचा कि तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक की चपेट में आ गया। हादसे में घटनास्थल पर ही मुन्ना की मौत हो गई।स्थानीय लोगों और राहगीरों ने इसकी जानकारी हंटरगंज थाना पुलिस को दी। पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्ट

### भाजपा मंडल टाटीझरिया की बैठक आयोजित,संगठन मजबूती पर किया गया कई महत्वपूर्ण चर्चा



**टाटीझरिया ( हजारीबाग)।** भाजपा टाटीझरिया मंडल कार्यसमिति की बैठक रविवार को प्रखंड भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला द्वारा नियुक्त प्रभारी एमके पाठक मौजूद रहे। बैठक में संगठन को सशक्त बनाने हेतु कई अहम प्रस्ताव पारित किए गए। बीएलए को निर्देश दिया गया कि एसआईआर में प्रमुखता से ध्यान देने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और मन की बात कार्यक्रम को हर बूथ पर सुनने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। आगामी दिनों में सभी शक्ति केंद्रों पर नियमित मासिक बैठकों का आयोजन सुनिश्चित किए जाने पर सहमति बनी। बैठक में उपाध्यक्ष रजनीकांत चौधरी,परमेश्वर प्रसाद यादव,राजेश यादव,महामंत्री राजू यादव, मंत्री सुरेंद्र प्रसाद,युवा मोर्चा अध्यक्ष कृष्णा साव, किसान मोर्चा अध्यक्ष जीतन यादव, मीडिया प्रभारी अनिल प्रसाद, होपन सिंह,निखिल सिंह,कौलेश्वर मिश्र,संजीत यादव,रामेश्वर यादव,झुनझुन गुप्ता,दशरथ प्रजापति, पवन कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

# गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों पर कांग्रेस का हमला, कहा- महंगाई से गरीब और मध्यम वर्ग परेशान

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता विजय शंकर नायक ने घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि महंगाई ने आम लोगों का जीवन कठिन बना दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने वर्ष 2014 में महंगाई कम करने का वादा किया था, लेकिन आज गैस सिलेंडर की कीमतें एक हजार रुपये के पार पहुंच गई हैं, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों का घरेलू बजट प्रभावित हो रहा है। प्रेस बयान जारी करते हुए श्री नायक ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व वाली मनमोहन सिंह सरकार के समय वर्ष 2014 में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत लगभग 400 से 450 रुपये के बीच थी, जबकि वर्तमान में उपभोक्ताओं को इसके लिए दोगुने से अधिक राशि चुकानी पड़ रही है। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2014 के बाद से गैस सिलेंडर के दामों में लगातार बढ़ोतरी हुई है, जिससे आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है। उन्होंने कहा कि उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2017 से जुलाई 2022 के बीच घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में 61 बार वृद्धि की गई और उसके बाद भी कई अवसरों पर दाम बढ़ाए गए। कांग्रेस प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि इससे रसोई गैस आम लोगों की पहुंच से दूर होती जा रही है। विजय शंकर नायक ने उज्ज्वला योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि योजना के तहत गैस कनेक्शन तो उपलब्ध कराए गए, लेकिन बढ़ती कीमतों के कारण कई गरीब परिवार नियमित रूप से सिलेंडर रिफिल कराने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि जब लोगों की आय में अपेक्षित वृद्धि नहीं हो रही है, तब लगातार बढ़ती महंगाई का बोझ जनता पर क्यों डाला जा रहा है। कांग्रेस ने केंद्र सरकार से घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में कमी करने, उपभोक्ताओं को प्रभावी सब्सिडी उपलब्ध कराने तथा महंगाई पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। श्री नायक ने कहा कि यदि सरकार इस दिशा में कार्रवाई नहीं करती है तो कांग्रेस पार्टी जनता के मुद्दों को लेकर अपना संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि महंगाई का सबसे अधिक असर महिलाओं और गृहिणियों पर पड़ रहा है, क्योंकि घरेलू बजट का संतुलन बनाए रखना दिन-प्रतिदिन कठिन होता जा रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता ने दावा किया कि देश की जनता अब सरकार से महंगाई और बढ़ती रसोई गैस कीमतों पर जवाब मांग रही है। कांग्रेस ने अपने बयान में नारे भी जारी किए— "महंगाई की मार, भाजपा सरकार" तथा "अबकी बार, गैस के दाम हजार पार"। पार्टी का कहना है कि वह महंगाई और बढ़ती कीमतों के मुद्दे को जनता के बीच लगातार उठाती रहेगी।

# घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ाने पर कांग्रेस का केंद्र सरकार पर हमला

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में की गई बढ़ोतरी को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता ऋषीकेश सिंह ने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर पर 29 और 5 किलोग्राम सिलेंडर पर 10.50 की वृद्धि आम जनता की रसोई पर अतिरिक्त बोझ डालने वाला फैसला है। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम लोगों का घरेलू बजट प्रभावित हो रहा है। कांग्रेस के अनुसार वर्ष 2014 की तुलना में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में कई गुना वृद्धि हुई है, जिससे मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऋषीकेश सिंह ने उज्ज्वला योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने के बावजूद बढ़ती कीमतों के कारण कई गरीब परिवार नियमित रूप से सिलेंडर रिफिल नहीं करा पा रहे हैं। उनका आरोप है कि महंगे रिफिल के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में लोग फिर से पारंपरिक ईंधनों का उपयोग करने को मजबूर हो रहे हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि बेरोजगारी और महंगाई के दौर में आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि से आम नागरिकों पर दोहरा दबाव पड़ रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से गैस सिलेंडर की कीमतों में की गई ताजा बढ़ोतरी वापस लेने तथा रसोई गैस पर सब्सिडी बढ़ाने की मांग की। प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने कहा कि वह महंगाई के मुद्दे पर जनता की आवाज उठाती रहेगी और सरकार से आम उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग करती है।

# कुच्चू में भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं से मिले राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, संगठन विस्तार पर दिया मार्गदर्शन

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने अपने झारखंड प्रवास के दूसरे दिन प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के कुच्चू स्थित पैतृक आवास पर आयोजित परिचयात्मक बैठक में वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से आत्मीय संवाद किया। इस दौरान उन्होंने संगठन की मजबूती, आगामी राजनीतिक चुनौतियों और भाजपा के विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, 2024 के चुनावी प्रत्याशी तथा संगठनात्मक दृष्टि से रांची के तीनों जिलों के कार्यसमिति सदस्य शामिल हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं से परिचय प्राप्त किया तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। नितिन नवीन ने विकसित झारखंड और विकसित भारत के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है और इस लक्ष्य की प्राप्ति में संगठन की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क बढ़ाने और सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक से पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के आवास पर अल्पाहार किया तथा उनके परिवारजनों से भी मुलाकात की। बैठक में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, अर्जुन मुंडा एवं मधु कोड़ा, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और संजय सेठ, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र राय एवं दीपक प्रकाश, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा, मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल, सांसद बी.डी. राम, पूर्व सांसद रविन्द्र पांडे, रामटहल चौधरी एवं किशुन दास सहित कई वरिष्ठ नेता और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इसके अलावा विधायक पूर्णिमा साहू, पुष्पा देवी, मेनका सरदार, अपर्णा सेन गुप्ता, कमलेश सिंह, रामचंद्र चंद्रवंशी, गंगोत्री कुजूर, आरती सिंह, सीमा शर्मा, कोचे मुंडा, अरुण उरांव, रांची की मेयर रोशनी खलखो, शोभा यादव और सत्यनारायण सिंह समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बैठक में मौजूद रहे।

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का रामगढ़-बोकारो में भव्य स्वागत

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची/रामगढ़/बोकारो।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के झारखंड प्रवास के दूसरे दिन रांची से बोकारो जाने के दौरान रामगढ़ और बोकारो जिले में कई स्थानों पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। जगह-जगह पुष्पवर्षा, जयघोष और गर्मजोशी से किए गए अभिनंदन ने पूरे कार्यक्रम को उत्साहपूर्ण बना दिया। रामगढ़ जिले के निर्मल महतो चौक और मांडू के छतरपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान नितिन नवीन ने स्वर्गीय निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद गोला और चितरपुर में भी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। बोकारो जिले के पेटरवार, जैनामोड़ और नया मोड़ में भी राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक जुटे। इस अवसर पर उन्होंने स्वर्गीय छत्रु राम महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके संघर्षपूर्ण जीवन और समाज के प्रति योगदान को नमन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत को लेकर कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा और जयघोष के बीच उनका अभिनंदन किया गया। स्वागत कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी रही। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, धनबाद सांसद ढुल्लू महतो, प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा, विधायक रौशन लाल चौधरी, पूर्व विधायक बिरंची नारायण समेत पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राजा कंस्ट्रक्शन पर अवैध खनन का है पुराना दाग, 2023 में भी खनन विभाग नें दर्ज कराया था एफआईआर

नई सोच एक्सप्रेस

**चतरा।** जिले में चर्चित 26 करोड़ रुपये के कथित खनन घोटाले को लेकर अचानक फिर से सुर्खियों के केंद्र में आई बिहार के गया जी की मेसर्स राजा कंस्ट्रक्शन का विवादों से पुराना नाता रहा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 में भी कंपनी के विरुद्ध अवैध मिट्टी खनिज उत्खनन, परिवहन तथा सरकारी राजस्व चोरी को लेकर टंडवा थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। जिला खनन कार्यालय, चतरा में पदस्थापित खान निरीक्षक राजेश हांसदा के अनुशंसा पर टंडवा थाना पुलिस उस मामले की जांच अबतक कर ही रही है। बावजूद इसके कंपनी और उसमे घोटालेबाज कर्मियों पर कार्रवाई के बजाय बहुप्रतिक्षित शिवपुर-कठौतिया रेल लाइन एवं पुल निर्माण परियोजना में वर्षों तक कंपनी की मुख्य कार्य एजेंसी इरकॉन इंटरनेशनल के संरक्षण में सक्रिय भूमिका पर कई गंभीर सवाल खड़े कर रही है। इस बाबत खनन कार्यालय द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार टंडवा प्रखंड अंतर्गत मिश्रोल पंचायत के तत्कालीन मुखिया सुबेश राम द्वारा की गई लिखित शिकायत तथा जिला खनन पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में खान निरीक्षक राजेश हांसदा ने विगत 28 दिसंबर 2023 को टंडवा थाना प्रभारी को पत्र सौंपकर प्राथमिकी दर्ज कराया था। खान निरीक्षक द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में उल्लेख किया गया था कि 28 दिसंबर 2023 को खनन विभाग व प्रतिनियुक्ति पुलिस बल की संयुक्त टीम नें टंडवा थाना क्षेत्र के फुलवरिया एवं टेकठा गांव में स्थल निरीक्षण किया है। जांच के दौरान विभिन्न जीपीएस बिंदुओं पर अवैध रूप से मिट्टी खनिज के उत्खनन के प्रमाण मिले। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि शिवपुर-कठौतिया रेल लाइन एवं पुल निर्माण कार्य के लिए आसपास की भूमि से बिना वैध खनन पट्टा के मिट्टी काटकर परियोजना कार्य में उपयोग किया जा रहा था। प्राथमिकी के अनुसार जांच के स्थल बाद फोटो और स्थानीय ग्रामीणों के बयान से स्पष्ट हुआ था कि रेल निर्माण कार्य में लगी इरकॉन इंटरनेशनल की पेटी कॉन्ट्रैक्ट कंपनी राजा कंस्ट्रक्शन के द्वारा यह अवैध कार्य किया जा रहा है। जिसका देखरेख एजेंसी के प्रोजेक्ट मैनेजर अविनाश कुमार सिंह कर रहे हैं। खनन विभाग द्वारा दर्ज प्राथमिकी में उल्लेख किया गया था कि शिकायतकर्ता मुखिया सुबेश राम एवं स्थानीय ग्रामीणों से पूछताछ के दौरान बताया गया कि मेसर्स राजा कंस्ट्रक्शन द्वारा रेल लाइन एवं पुल निर्माण कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया था कि कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर अविनाश कुमार सिंह की देखरेख में आसपास की भूमि से अवैध रूप से मिट्टी खनिज का उत्खनन कराया जा रहा था।जांच के दौरान फुलवरिया गांव निवासी अजय कुमार सिंह ने भी विभागीय अधिकारियों को जानकारी दी थी कि निर्माण कार्य के लिए स्थानीय स्तर पर मिट्टी की कटाई की जा रही है। हालांकि विभाग द्वारा लिखित बयान मांगे जाने पर उन्होंने लिखित बयान देने से इंकार कर दिया था। खनन निरीक्षक राजेश हांसदा ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा था कि टंडवा अंचल अंतर्गत फुलवरिया एवं टेकठा गांव में किसी भी व्यक्ति अथवा रैयत को मिट्टी खनिज उत्खनन के लिए वैध खनन पट्टा स्वीकृत नहीं किया गया था। इसके बावजूद निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर मिट्टी का उपयोग किया जा रहा था। अनुसार इस अवैध खनन व परिवहन से राजस्व की चोरी में संबंधित रैयतों एवं निर्माण एजेंसी खड़े किये गए थे..!

**एजेंसी, प्रोजेक्ट मैनेजर व अवैध उत्खनन में संलिप्त**

टंडवा थाना में दर्ज एफआईआर में खान निरीक्षक राजेश हांसदा ने कहा था कि जांच के दौरान फुलवरिया एवं टेकठा गांव में बिना किसी स्वीकृत खनन पट्टा के मिट्टी खनिज का उत्खनन व परिवहन किया गया। उत्खनित मिट्टी का उपयोग शिवपुर-कठौतिया रेल लाइन एवं पुल निर्माण कार्य में किया गया, जिससे सरकारी राजस्व की क्षति हुई। उन्होंने संबंधित एजेंसी, उसके जिम्मेदार पदाधिकारियों तथा अवैध उत्खनन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया था। कहा गया था कि एजेंसी व रैयतों के मिलीभगत से किया जा रहा यह कृत्य खनिज एवं खनन विकास विनियमन अधिनियम, 1957 (MMDR Act) की धारा 4 का उल्लंघन तथा धारा 21 के तहत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। इसके अलावा खनन निरीक्षक के प्राथमिकी पत्र में झारखंड मिनरल्स (प्रिवेंशन ऑफ इल्लीगल माइनिंग, ट्रांसपोर्टेशन एंड स्टोरेज) रूल्स-2017 तथा झारखंड माइनर मिनरल कंसेशन नियमावली के विभिन्न प्रावधानों के उल्लंघन का भी उल्लेख किया गया था। विभाग ने इसे सरकारी खनिज एवं राजस्व चोरी का मामला भी माना था।जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर टंडवा थाना पुलिस कार्रवाई कर रही है। वर्तमान में 26 करोड़ रुपये के कथित खनन घोटाले को लेकर राजा कंस्ट्रक्शन एक बार फिर चर्चा में है। ऐसे में वर्ष 2023 में दर्ज कराई गई अवैध मिट्टी खनीज उत्खनन व परिवहन की प्राथमिकी और विभागीय जांच रिपोर्ट ने कई पुराने सवालों को फिर जीवित कर दिया है। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि जब कंपनी पर पूर्व से अवैध खनन और राजस्व चोरी जैसे गंभीर आरोप लग चुके थे, तब भी उसे महत्वपूर्ण रेल परियोजना में लगातार काम करने का अवसर कैसे मिलता रहा ? ऐसे में जिले में अब इस पूरे मामले की निष्पक्ष और व्यापक जांच की मांग तूल पकड़ने लगी है। विपक्षी दलों के साथ-साथ स्थानीय लोगों का भी कहना है कि यदि पूर्व में दर्ज मामलों और शिकायतों पर समय रहते कठोर कार्रवाई हुई होती, तो आज करोड़ों रुपये के कथित खनन घोटाले जैसे आरोपों की नौबत शायद नहीं आती। बहरहाल अब देखना दिलचष्प होगा कि सदर थाना पुलिस इस पूरे मामले में आरोपी राजा कंस्ट्रक्शन और उसके प्रोजेक्ट मैनेजर अविनाश कुमार के विरुद्ध क्या सख्त कदम उठाती है..?

# हंटरगंजः सड़क हादसे के बाद हरकत में प्रशासन

नई सोच एक्सप्रेस



**हंटरगंज(चतरा)।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के भोंदल नगिनदहा पुल के समीप बीते रात्रि जर्जर सड़क की वजह से एक ट्रक ने एक बाइक सवार युवक को अपने चपेट में ले लिया जिससे युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सड़क हादसा के बाद स्थानीय प्रशासन हरकत में आया और भोंदल नागिनदहा के समीप सड़क पर बने गड्ढों को स्टोन डस्ट डालकर भरवाया गया। इससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को फिलहाल राहत मिली है। यह सड़क लंबे समय से जर्जर अवस्था में थी। जगह-जगह बने गहरे गड्ढों के कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही थी। खासकर बारिश के दिनों में स्थिति और खतरनाक हो जाती थी। जिसके बाद गड्ढे की वजह से एक युवक की मौत के बाद हंटरगंज अंचल अधिकारी रितिक कुमार और थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने मामले को गंभीरता से लिया,और जेसीबी के माध्यम से तत्काल गड्ढों में स्टोन डस्ट गिराकर सड़क को समतल करवाया।स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से इस समस्या की अनदेखी की जा रही थी, लेकिन सड़क हादसे के बाद प्रशासन ने तेजी दिखाई। उन्होंने सीओ,बीडीओ और थाना प्रभारी के प्रति आभार जताया है।लोगों का कहना है कि इससे फिलहाल आने-जाने में थोड़ी राहत जरूर मिली है और दुर्घटना का खतरा कुछ कम हुआ है। हालांकि लोगों ने यह भी कहा कि गड्ढों में डस्ट डालना केवल अस्थायी समाधान है। बारिश के दौरान इन स्थानों पर फिर से फिसलन और दुर्घटना की आशंका बनी रहेगी।लोगों ने मांग की है कि मुख्य सड़क का जल्द गुणवत्तापूर्ण पुनर्निर्माण कराया जाए, ताकि आम नागरिकों और राहगीरों को सुरक्षित एवं बेहतर आवागमन की सुविधा मिल सके।

# अनसार नगर प्रीमियर लीग का समापन, पूर्व प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने विजेताओं को किया सम्मानित

नई सोच एक्सप्रेस




**हजारीबाग।** अनसार नगर, पगमिल रोड नंबर-02 स्थित खेल मैदान में आयोजित 'अनसार नगर प्रीमियर लीग (सीजन-2)' का समापन शनिवार देर रात पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। आयोजन समिति द्वारा गर्मजोशी से स्वागत के बाद उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुन्ना सिंह ने कहा आज के समय में युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ना आवश्यक है, ताकि वे नशा और गलत दिशा से दूर रहकर सकारात्मक मार्ग पर आगे बढ़ सकें। खेल समाज में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास को मजबूत करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र की प्रतिभाओं को बेहतर अवसर देने के लिए भविष्य में ऐसे आयोजन और बड़े स्तर पर होने चाहिए। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल और अनुशासन का प्रदर्शन किया, जिसका दर्शकों ने भी जमकर लुत्फ उठाया। अंत में समिति ने अतिथि, खिलाड़ियों और स्थानीय नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

हर खबर पर पैनी नजर
नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



# पटमदा में कार दुर्घटना के बाद बवाल, ग्रामीणों ने की चालक और उसके साथी की पिटाई

नई सोच एक्सप्रेस



**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पटमदा थाना क्षेत्र के लोवाडीह गांव में रविवार को एक सड़क दुर्घटना के बाद तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई। अनियंत्रित होकर एक जनरल स्टोर में घुसी कार के बाद ग्रामीणों का गुस्सा भड़क उठा और उन्होंने कार चालक तथा उसके साथी की पिटाई कर दी। हालात इतने बिगड़ गए कि मौके पर पहुंची पुलिस को भी आक्रोशित ग्रामीणों के विरोध और धक्का-मुक्की का सामना करना पड़ा। घटना में कार चालक सहित दो लोग घायल हो गए हैं।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, परसुडीह के प्रमथनगर निवासी 25 वर्षीय अरूप भंडारी अपने पड़ोसी 39 वर्षीय सुमित सिंह के साथ कार से जमशेदपुर लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में लावजोड़ा हाथीखेदा मंदिर के समीप उनकी कार की टक्कर एक बाइक से हो गई थी। इस घटना के बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद और मारपीट की स्थिति भी उत्पन्न हुई थी। हालांकि इस संबंध में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।वहां से आगे बढ़ने के बाद कार लोवाडीह गांव पहुंची, जहां चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज गति से आ रही कार पहले सड़क किनारे लगे एक खंभे से टकराई और उसके बाद सीधे सुकु महतो की जनरल स्टोर में जा घुसी। हादसा इतना अचानक हुआ कि दुकान में मौजूद लोग संभल नहीं सके। सौभाग्य से दुकानदार और दुकान के आसपास खेल रहे दो बच्चे समय रहते हट गए, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। लोगों ने कार में सवार अरूप भंडारी और सुमित सिंह को बाहर निकाल लिया और उनकी पिटाई कर दी। स्थानीय लोगों का आरोप था कि कार चालक लापरवाही से वाहन चला रहा था, जिसके कारण दुर्घटना हुई। मारपीट और दुर्घटना के दौरान अरूप भंडारी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं, जबकि सुमित सिंह भी घायल हो गया।घटना की सूचना मिलते ही पटमदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीणों का गुस्सा इतना अधिक था कि उन्होंने घायलों को तत्काल पुलिस के हवाले करने से इनकार कर दिया। इस दौरान सहायक अवर निरीक्षक प्रशांत कुमार जब दोनों घायलों को पुलिस वाहन में बैठाने का प्रयास कर रहे थे, तब कुछ लोगों ने उनके साथ धक्का-मुक्की की। इतना ही नहीं, एक घायल युवक को पुलिस वाहन से उतारकर पास के पेड़ के नीचे बैठा दिया गया।कुछ समय तक घटनास्थल पर तनावपूर्ण माहौल बना रहा। बाद में थाना प्रभारी विष्णुचरण भोगता ने ग्रामीणों और पीड़ित पक्ष से बातचीत की। उन्होंने आश्वासन दिया कि दुर्घटना से हुए नुकसान का आकलन कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी तथा पीड़ितों को न्याय दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए और स्थिति सामान्य हो सकी।स्थिति नियंत्रित होने के बाद पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए माचा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। स्थानीय लोगों के अनुसार दुर्घटना में दुकान और अन्य संपत्तियों को मिलाकर लगभग 50 हजार रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है। दुर्घटना के कारणों, कथित बाइक टक्कर, मारपीट और पुलिस के साथ हुई धक्का-मुक्की के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नगर भाजपा की मासिक बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा

नई सोच एक्सप्रेस




**देवघर।** भाजपा नगर अध्यक्ष सोनाधारी झा की अध्यक्षता में नगर कमिटी की मासिक बैठक स्थानीय होटल के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष सोनाधारी झा ने कार्यकर्ताओं से केंद्र सरकार के 12 वर्षों की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण से मजबूत हुआ है और बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। बैठक में चुनाव आयोग की ओर से मतदाता सूची के शुद्धिकरण और सत्यापन के लिए चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) पर भी चर्चा हुई।कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर मृत, स्थानांतरित, पलायन कर चुके और डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम सूची से हटाने और नए पात्र मतदाताओं को जोड़ने के लिए कार्य करने का निर्देश दिया गया।इसके अलावा प्रधानमंत्री के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात, मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान, एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण अभियान और आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।सोनाधारी झा ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को जनसंपर्क बढ़ाते हुए समाज के विभिन्न वर्गों के बीच पार्टी की उपलब्धियों को पहुंचाना चाहिए। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में संजीव जजवाड़े, मुकेश पाठक, मनोज मिश्रा, धनंजय खवाड़े, मीणा झा, रिंकू सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# श्रावणी मेला से पहले बड़ी साजिश नाकाम, हथियार के साथ पांच गिरफ्तार

नई सोच एक्सप्रेस



**देवघर।** बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर में श्रावणी मेला-2026 को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के बीच पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। नगर थाना पुलिस ने शनिवार की देर रात एक वाहन से पांच लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक अवैध देसी पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस के अनुसार नगर थाना में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी शंकर कुमार रजक शनिवार की रात गश्ती पर थे। इसी दौरान उन्हें गुप्त सूचना मिली कि एक सफेद रंग की फॉर्च्यूनर वाहन (JH15AP-5093) में सवार कुछ लोग देवघर रेलवे स्टेशन होते हुए रामगढ़ मार्ग की ओर जा रहे हैं और किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया,जिसके बाद विशेष टीम ने सक्रिय होकर वाहन की घेराबंदी की। तलाशी के दौरान पुलिस ने एक अवैध देसी पिस्टल और एक जिंदा कारतूस के साथ वाहन में सवार पांचों लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान शैलेश कुमार दास,अरबिंद कुमार दास, गोलू महथा,लल्ला झा और रोहन तुरी के रूप में हुई है। सभी रिखिया थाना क्षेत्र के निवासी हैं।इस संबंध में नगर थाना कांड संख्या 216/2026 दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं एवं आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# मेहनत और लगन से सफलता अवश्य प्राप्त होती है : सुदीप गुड़िया

नई सोच एक्सप्रेस



**खूंटी।** युवा सरना समिति तपकारा और सनराइज इंडिजिनस सोशल कल्चरल हेरिटेज के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को भारत माता कल्याण मंडप, तोरपा में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुदीप गुड़िया, विशिष्ट अतिथि जुबैर अहमद तथा जिला परिषद सदस्य विरेन कंडुलना ने विद्यार्थियों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि सफलता मिलने पर उत्साहित रहना चाहिए, लेकिन अति उत्साह से बचना भी जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने का आह्वान करते हुए कहा कि मेहनत और लगन से सफलता अवश्य प्राप्त होती है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार विद्यार्थियों के हित में कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है, जिनका लाभ सभी जरूरतमंद छात्रों को उठाना चाहिए। झामुमो जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने छात्रों से अपनी उपलब्धियों को आगे भी बनाए रखने और उच्च लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने का आग्रह किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता दुलारी बारला ने की। मौके पर रोहित तानी, सुनील गुड़िया, अनिल गुड़िया, सेनेम गुड़िया, सुनिता गुड़िया, अमिसा बरला, हेरामबी गुड़िया, बिरसा कंडुलना, बंधन गुड़िया सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक लोग उपस्थित थे।

# श्रावणी मेले की तैयारियों को लेकर डीटीओ की बस ऑनर्स एसोसिएशन के साथ बैठक

नई सोच एक्सप्रेस



**देवघर।** विश्वप्रसिद्ध श्रावणी मेले के सफल संचालन और यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार की अध्यक्षता में रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बस ऑनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षित और सुगम यात्रा के लिए प्रशासन के समक्ष कई महत्वपूर्ण मांगें और व्यावहारिक सुझाव रखे।बैठक में एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बासुकिनाथ मार्ग पर बिना नियमित परमिट के दौड़ रहे टेम्पू और मैजिक वाहनों के परिचालन पर पूरी तरह रोक लगाने की मांग की। उनका कहना था कि इन अवैध वाहनों के कारण दुर्घटनाओं और जाम का खतरा बना रहता है। इन पर रोक लगने से बसों का परिचालन सुव्यवस्थित होगा।इसके अलावा, एसोसिएशन ने श्रावणी मेले के दौरान क्लब ग्राउंड में अस्थाई बस पड़ाव बनाने का सुझाव दिया। साथ ही वहां श्रद्धालुओं और वाहन कर्मियों के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था करने। रात के समय सुरक्षा के मद्देनजर पर्याप्त प्रकाश का प्रबंध करने। अवैध वाहन पड़ाव पर अंकुश लगाने के लिए ग्राउंड में स्थायी पुलिस बल की तैनाती करने की मांग की गई। मेले के दौरान देवघर-बासुकिनाथ मार्ग पर लगने वाले भीषण जाम से निपटने के लिए एसोसिएशन ने एक बड़ा प्रस्ताव रखा।प्रतिनिधियों के अनुसार बासुकिनाथ जाने का रास्ता देवघर से बासुकिनाथ जाने के लिए बसों को सारठ-पालोजोरी मार्ग से भेजा जाए और बासुकिनाथ से देवघर वापसी के लिए मुख्य मार्ग को निर्धारित किया जाए। एसोसिएशन का दावा है कि इस वन-वे व्यवस्था को लागू करने से मुख्य सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव काफी कम होगा और कांवरियों सहित अन्य श्रद्धालुओं को आवागमन में बड़ी सहूलियत मिलेगी।बस ऑनर्स एसोसिएशन की ओर से दिए गए सभी सुझाव और मांगें बेहद व्यावहारिक हैं। मेला क्षेत्र में सुगम यातायात सुनिश्चित करने के लिए इन पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और जल्द ही आवश्यक प्रशासनिक निर्णय लिए जाएंगे। इस उच्चस्तरीय समन्वय बैठक में जिला परिवहन विभाग के अधिकारियों के अलावा, ट्रैफिक पुलिस के पदाधिकारी और बस ऑनर्स एसोसिएशन के कई वरिष्ठ प्रतिनिधि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# सूरदा माइंस के मजदूरों ने खोला मोर्चा, श्रमिक अधिकारों की अनदेखी का लगाया आरोप

नई सोच एक्सप्रेस



**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला स्थित सूरदा माइंस में कार्यरत मजदूरों ने संवेदक कंपनी आरके इंटरप्राइजेज रिसोर्स प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ श्रमिक अधिकारों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए आंदोलन का संकेत दिया है। रविवार को आयोजित एक बैठक में बड़ी संख्या में श्रमिक शामिल हुए, जहां मजदूरों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर नाराजगी जताई।बैठक में श्रमिकों ने आरोप लगाया कि उन्हें श्रम कानूनों के तहत मिलने वाली कई बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। मजदूरों का कहना है कि हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की सूरदा माइंस में संवेदक कंपनी के अधीन लगभग 950 श्रमिक कार्यरत हैं, लेकिन उन्हें न्यूनतम मजदूरी, समुचित चिकित्सा सुविधा, सुरक्षा उपकरण, दुर्घटना की स्थिति में उचित मुआवजा, कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ), कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) और अन्य वैधानिक सुविधाएं पूरी तरह उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं। श्रमिकों ने कहा कि वे लंबे समय से इन मुद्दों को लेकर कंपनी प्रबंधन का ध्यान आकर्षित करते रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। इसके कारण मजदूरों में असंतोष लगातार बढ़ता जा रहा है। उनका आरोप है कि खदान जैसे जोखिमपूर्ण कार्यस्थल पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था और श्रमिक कल्याण से जुड़े प्रावधानों का पालन सुनिश्चित नहीं किया जा रहा है। बैठक में प्रमुख रूप से मजदूर नेता एवं आंदोलनकारी बागराई मार्डी मौजूद थे। श्रमिकों ने सर्वसम्मति से उन्हें आंदोलन का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी सौंपी। इस दौरान मजदूरों ने अपनी समस्याओं और कार्यस्थल से जुड़े मुद्दों को विस्तार से रखा तथा सामूहिक रूप से अधिकारों की लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया।बागराई मार्डी ने इस मौके पर कहा कि मजदूरों की जायज मांगों को लेकर जल्द ही कंपनी प्रबंधन के साथ वार्ता की जाएगी। श्रमिकों की समस्याओं का समाधान बातचीत के माध्यम से निकालने का प्रयास किया जाएगा, लेकिन यदि प्रबंधन सकारात्मक पहल नहीं करता है तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।उन्होंने कहा कि मजदूरों के हितों से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। यदि मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसे आवश्यकता पड़ने पर व्यापक और उग्र रूप भी दिया जा सकता है। उन्होंने श्रमिकों से एकजुट रहने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। बैठक में उपस्थित मजदूरों ने भी चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं की अनदेखी जारी रही तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। श्रमिकों का कहना है कि वे सम्मानजनक कार्य परिस्थितियां और कानून के तहत मिलने वाले अधिकार चाहते हैं, जिन्हें सुनिश्चित करना कंपनी और प्रबंधन की जिम्मेदारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### खूंटी पुलिस विभाग में फेरबदल, कई अधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारी

**खूंटी।** जिले के पुलिस महकमे में एक बार फिर प्रशासनिक स्तर पर फेरबदल किया गया है। पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग के निर्देश पर कई पुलिस पदाधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जारी आदेश के अनुसार, खूंटी महिला थाना प्रभारी फूलमनी टोप्पो का स्थानांतरण कर उन्हें पुलिस लाइन भेज दिया गया है। उनकी जगह पुलिस अवर निरीक्षक (एसआई) सपना सुलेखा को खूंटी महिला थाना का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं एसआई बसंती टुडू को एसटी और एससी थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा पुलिस लाइन में पदस्थापित पुलिस निरीक्षक मोहन कुमार को तोरपा अंचल का सर्किल इंस्पेक्टर बनाया गया है। वहीं खूंटी थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार सिंह को अतिरिक्त दायित्व देते हुए मारंगहादा अंचल का सर्किल इंस्पेक्टर नियुक्त किया गया है। विभागीय आदेश जारी होने के बाद संबंधित अधिकारियों ने अपने-अपने नए पदों पर कार्यभार संभालना शुरू कर दिया है। पुलिस विभाग के सूत्रों के अनुसार यह प्रशासनिक फेरबदल जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने, अपराध नियंत्रण की प्रक्रिया को तेज करने और पुलिसिंग व्यवस्था को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से किया गया है।

### उदित राज मामले में न्याय की मांग को लेकर मशाल जुलूस

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया स्थित सैक्रेड हार्ट स्कूल के छात्रावास में उदित राज हत्या मामला को लेकर जिला समाहरणालय से उदित राज न्याय मंच के नेतृत्व में रविवार देर शाम मशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस कोडरमा बाजार होते हुए हनुमान मंदिर के पास पहुंचा जहां जमकर नारेबाजी की गई। मशाल जुलूस में रवि शंकर यादव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रकाश रजक, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कयुम उदीन, असगर अली, मंसूर अली, रोहित यादव, विजय यादव, सुरेश यादव सहित अन्य लोग शामिल थे।

### इलाज के दौरान बंदी की मौत, दूसरे दिन भी नहीं हो सकी पोस्टमार्टम

**दुमका।** जिला के मंडल कारा के एक 70 वर्षीय विचाराधीन बंदी की फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल, दुमका में इलाज के दौरान मौत हो गई। यह घटना शनिवार को हुई है। दूसरे दिन भी बंदी के शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया। करीब 30 घंटे से अधिक समय तक शव अस्पताल के कैदी वार्ड में रखा हुआ है। मौत की खबर सुनने के बाद बंदी के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए है। लेकिन कारा प्रशासन की लापरवाही के कारण रविवार को भी पोस्टमार्टम नहीं हो पाया। जानकारी के अनुसार विचाराधीन बंदी अब्दुल मतीन पश्चिम बंगाल के फरक्का का रहने वाला था। वह हत्या के एक मामले में पाकुड़ जिला के मंडल कारा में बंद था। उसे अभी सजा नहीं हुई थी। शनिवार को अचानक विचाराधीन बंदी अब्दुल मतीन की तबीयत खराब हो गई। मंडल कारा प्रशासन ने बंदी को इलाज के लिए पीजेएमसीएच, दुमका भेज दिया। पीजेएमसीएच के कैदी वार्ड में विचाराधीन बंदी को इलाज के लिए रखा गया। कुछ ही देर के बाद बंदी की मौत हो गई।

### विधायक जयराम महतो ने बाबा बैद्यनाथ दरबार में टेका मत्था



**देवघर।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक जयराम महतो रविवार को बाबा नगरी देवघर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक बाबा बैद्यनाथ मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और बाबा का आशीर्वाद लिया। पूजा के बाद उन्होंने मंदिर में गठबंधन बांधने की सनातन परंपरा भी निभाई। विधायक ने बाबा भोलेनाथ से अपने क्षेत्र सहित पूरे राज्यवासियों के कल्याण, सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उनके साथ पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष देवेंद्र महतो, दीपक रवानी, पवन चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय समर्थक और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे। पूजा-अर्चना के बाद मंदिर परिसर से बाहर संवाददाताओं से बातचीत करते हुए विधायक जयराम महतो ने कहा कि उनके और उनके साथियों के मन में लंबे समय से बाबा बैद्यनाथ के दर्शन करने की तीव्र इच्छा थी। आज बाबा की कृपा से वह शुभ दिन आया, जब सभी साथियों के साथ बाबा के दरबार में हाजिरी लगाने और उनका आशीर्वाद पाने का सौभाग्य मिला। बाबा बैद्यनाथ के चरणों में आकर असीम शांति की अनुभूति हुई है। मैंने बाबा से यही प्रार्थना की है कि हमारे झारखंड राज्य पर अपनी कृपा बनाए रखें और हर नागरिक के जीवन में खुशहाली आए।उल्लेखनीय है कि विधायक जयराम महतो देवघर में कुर्मी महासभा की ओर से आयोजित 'प्रतिभा सम्मान समारोह' में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करने पहुंचे थे। इस कार्यक्रम में भाग लेने से पहले उन्होंने बाबा के दरबार में मत्था टेककर अपने देवघर दौरे की शुरुआत की। मंदिर परिसर में उनके आगमन को लेकर समर्थकों में भारी उत्साह देखा गया।

### गुरु की सेवा से सभी देवी-देवताओं की सेवा हो जाती है : स्वामी प्रमोद

**खूंटी।** महर्षि मेंही आश्रम शबरी कुटिया मुरहू में दो दिवसीय सत्संग कार्यक्रम के अंतिम दिन रविवार को अपने प्रवचन में स्वामी प्रमोद जी महाराज ने कहा कि दुनिया में सभी सुख-शांति चाहते हैं, लेकिन मूल बातें नहीं समझने के कारण दुःखी रहते हैं।शास्त्रों में कहा गया है कि सद्गुरु के वचनों पर विश्वास करके, उनके बताए मार्ग पर चलकर भक्ति करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि परमात्मा परम् पिता हैं, बिना उनके भक्ति के शांति नहीं मिलती है, गुरु की सेवा करने से सभी देवी-देवताओं की सेवा हो जाती है, जैसे वृक्ष के जड़ में पानी डालने से सभी पत्तों तक पहुंच जाता है।उन्होंने भगवान बुद्ध और भक्त ध्रुव का उदाहरण देते हुए भक्ति के मार्ग को सरलतम ढ़ंग से समझाया। उन्होंने कहा कि सत्संग ईश्वर की कृपा से ही मिलता है। सोना को जंग नहीं लगता,लोहे को घून नहीं लगता,उसी प्रकार गुरु की चेताई आत्मा कभी नर्क या दुःख नहीं पाती है।स्वामी डॉ निर्मलानंदजी महाराज ने कहा कि जिसके जीवन में गुरु नहीं,उसका जीवन शुरू नहीं। परमात्मा मेहंदी में लाली,दूध में घी और फूलों में सुगंध की तरह व्याप्त हैं, इन्हें भक्ति मार्ग से प्राप्त किया जा सकता है। स्वामी लक्ष्मण जी महाराज ने कहा कि संत के मन में दयाभाव रहता है,उनकी वाणी अकाट्य होती है। भक्ति का सही मार्ग बताते हैं।स्वामी नरेंद्रानंद जी महाराज ने कहा कि सत्संग हमारे अंदर की बुराइयों को समाप्त कर देता है, सत्संगी निंदा - शिकायत की परवाह नहीं करते हैं, बस हाथी की तरह अपने राह चलते हैं। स्वामी सत्यानंद बाबा ने कहा कि पृथ्वी के नीचे जल है पर जहां तहां खोदने से नहीं, एक ही जगह खोदते रहने से मिलता है,उसी तरह भक्ति मनोयोग पूर्वक करनी चाहिए। स्वामी अखिलेश बाबा, स्वामी राजेन्द्र बाबा, स्वामी लाहिरी बाबा, मुरली धर बाबा, दिगंबर बाबा,सोमनाथ ब्रह्मचारी, बिरसा ब्रह्मचारी ने भी ईश्वर प्राप्ति और खुशहाल जीवन के लिए गुरु भक्ति को सर्वश्रेष्ठ बताया।

# संक्षिप्त समाचार

## दवाओं की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखें : उपायुक्त

**गिरिडीह**।उपायुक्त रामनिवास यादव के निर्देशानुसार जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, राजधनवार में विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं सामान्य चिकित्सा सेवाओं हेतु आवश्यक दवाओं एवं चिकित्सा सामग्रियों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, जिससे मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इस संबंध में उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए नियमित निगरानी की जा रही है। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि आमजन को सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण, सुलभ एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों। इसके लिए दवा भंडारण, आपूर्ति व्यवस्था तथा स्वास्थ्य सेवाओं की सतत समीक्षा की जा रही है। उन्होंने संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिया है कि दवाओं की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखें ताकि किसी भी मरीज को आवश्यक दवा के अभाव का सामना न करना पड़े।

## सांसद सुखदेव भगत 9 को किस्को प्रखंड मुख्यालय में करेंगे विकास योजनाओं की समीक्षा

**लोहरदगा**।सांसद सुखदेव भगत आगामी 9 जून को दिन के 11:00 बजे किस्को प्रखंड मुख्यालय में समीक्षा बैठक करेंगे। उक्त जानकारी सांसद के निजी सचिव आलोक कुमार साहू ने दिया। आलोक ने बताया कि बैठक में किस्को प्रखंड में केंद्र व राज्य सरकार की संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा सांसद करेंगे। साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं को दूर कर विकास कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया जाएगा। सांसद सुखदेव भगत बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, , वृद्धा पेंशन, छात्रवृत्ति और कृषि योजनाओं सहित अन्य योजनाओंकी अद्यतन स्थिति की समीक्षा करेंगे। बैठक का मकसद सिर्फ कागजी खानापूर्ति नहीं, बल्कि धरातल पर योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। गर्मी में पेयजल संकट, बिजली आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं और स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं पर विशेष चर्चा होगी। प्रखंड एवं अंचल कार्यालय से सभी विभागों के पदाधिकारियों को अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन के साथ बैठक में उपस्थित रहने का निर्देश जारी कर दिया गया है। इसके अलावा सांसद ग्रामीण एवं कांग्रेस जनों से मिलकर उनके समस्याओं का निदान करने का प्रयास करेंगे। समीक्षा बैठक के उपरांत सांसद 1.30 बजे आवासीय विद्यालय किस्को के नजदीक आरसीएम वंडर वर्ल्ड शॉप का उद्घाटन करेंगे।

## पांच दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन, प्रतिभागियों को ट्रॉफी व मेडल देकर किया सम्मानित

**भुरकुंडा (रामगढ़)** । भुरकुंडा पेट्रोल पंप स्थित अंबेडकर स्थल में आयोजित पांच दिवसीय समर कैंप का रविवार को उत्साहपूर्ण माहौल में समापन हो गया। शिविर में बच्चों को खेल, योग एवं कराटे का प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिप उपाध्यक्ष रीता देवी उपस्थित रहीं। शिविर का संचालन प्रशिक्षक सेंसाई कंचन दास के मार्गदर्शन में हुआ, जबकि प्रशिक्षिका आस्था सिंह ने बच्चों को कराटे एवं योग की विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया। समापन समारोह के दौरान सफल प्रतिभागियों को रीता देवी द्वारा ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया। गोल्ड मेडल प्राप्त करने वालों में आस्था सिंह, स्मृति मुंडा, रेयांश राज एवं अदिति गौतम शामिल रहे। वहीं सिल्वर मेडल पाने वालों में खुशी कुमारी, शिवांश राज, भूमि करमाली, सान्वी कुमारी, अनामिका, सिमरन टोप्पो एवं वैष्णवी कुमारी सहित अन्य प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रीता देवी ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद भी जरूरी है। खेलो से शारीरिक और मानसिक विकास तो होता ही है, यह हमसबों को अनुशासन की भी सीख देता है। प्रशिक्षक कंचन दास ने बताया कि पांच दिवसीय समर कैंप के दौरान पहले दिन कबड्डी, दूसरे दिन खो-खो, तीसरे दिन योग, चैथे दिन कराटे तथा पांचवें दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं एवं योगाभ्यास के साथ शिविर का समापन किया गया। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविर बच्चों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में रंजीत कुमार, कमल सिंह, अनुज कुमार, पूनम कुमारी सहित अन्य अभिभावकों का सहयोग प्राप्त हुआ। समापन समारोह में बच्चों ने अपने प्रशिक्षण का प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। पूरे कार्यक्रम में उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा।

## राजद के युवा संवाद चौपाल में गूंजे युवाओं के मुद्दे, संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान



**लातेहार** । युवा राष्ट्रीय जनता दल द्वारा रविवार को बाइपास रोड स्थित होटल हिल्स में युवा संवाद चौपाल यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झारखंड युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुये। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दीपक यादव ने की, जबकि संचालन दामोदर यादव ने किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य नेताओं का अंगवस्त्र एवं गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। सभा को संबोधित करते हुये रंजन कुमार यादव ने कहा कि युवा संवाद चौपाल केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि युवाओं को एक मंच पर लाकर उनके विचारों, प्रतिभाओं और नेतृत्व क्षमता को निखारने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि युवाओं के भागीदारी से ही किसी भी समाज और राष्ट्र का विकास संभव हो सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार युवाओं की समस्याओं के समाधान में बिल्कुल ही विफल रही है। नीट परीक्षा पेपर लीक जैसी घटनाओं का उल्लेख करते हुये उन्होंने कहा कि इससे शिक्षा के व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है। प्रदेश सचिव रंजीत यादव ने कहा कि चौपाल युवाओं के बीच संवाद, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने युवाओं से संगठन को मजबूत बनाने और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। आयोजित कार्यक्रम में संगठन के विस्तार, युवाओं की राजनीतिक भागीदारी और जनसरोकार से जुड़े हुई विषयों पर चर्चा की गई। इस मौके पर प्रदेश महासचिव सूरज देव यादव, कमलेश यादव, मजदूर प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मनोज कुमार यादव, जिला कोषाध्यक्ष सुरेश राम, प्रदेश उपाध्यक्ष क्षितिप मिश्रा, मोहर यादव, भोला सिंह सहित जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये हुये सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चंद्रवंशी समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में संगठन विस्तार और सामाजिक सशक्तिकरण पर मंथन

नई सोच एक्सप्रेस




**धनबाद**।धनबाद शहर में स्थित उत्सव भवन में रविवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय चंद्रवंशी समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक आजाद ने की। बैठक में देश के विभिन्न राज्यों से आए पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों और समाज के प्रमुख सदस्यों ने भाग लिया। बैठक के दौरान संगठन के राष्ट्रीय विस्तार, समाज को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने तथा आगामी राष्ट्रीय परिषद की बैठक के आयोजन सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। राष्ट्रीय परिषद की अगली बैठक कब और किस स्थान पर आयोजित की जाए, इस विषय पर भी विस्तार से मंथन हुआ। पदाधिकारियों ने सुझाव दिया कि आगामी बैठक को अधिक प्रभावी और व्यापक स्वरूप दिया जाए, ताकि देशभर के समाजजनों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। बैठक में वक्ताओं ने संगठन को गांव, पंचायत और जिला स्तर तक मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को एक मंच पर लाकर सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक विकास की दिशा में ठोस पहल की जानी चाहिए। इसके लिए सदस्यता अभियान को गति देने और अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने पर जोर दिया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि समाज की एकता और जागरूकता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। समाज के युवाओं, महिलाओं और शिक्षित वर्ग की भागीदारी बढ़ाकर संगठन को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। इस दिशा में विभिन्न कार्यक्रमों और जनजागरण अभियानों के आयोजन पर भी चर्चा की गई। युवा प्रदेश अध्यक्ष आकाश कुमार रवानी ने कहा कि समाज को संगठित और मजबूत बनाने में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने और समाज के विकास के लिए आगे आने का आह्वान किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक आजाद ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने संगठन के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों से एकजुट होकर कार्य करने की अपील की साथ ही संगठन को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सभी राज्यों में संगठनात्मक गतिविधियां बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक में समाज के शैक्षणिक, सामाजिक और आर्थिक उत्थान से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई। समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता, युवाओं को शिक्षा और रोजगार के प्रति प्रोत्साहित करने तथा सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने जैसे विषयों पर भी सुझाव सामने आए।

# बेंगाबाद स्थित अग्र परियोजना केंद्र का रेशम एवं हस्तशिल्प विभाग की निदेशक ने किया निरीक्षण



नई सोच एक्सप्रेस

**गिरिडीह**। जिले के बेंगाबाद स्थित अग्र परियोजना केंद्र का हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प विभाग की निदेशक प्रीति रानी ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेशम कोकून उत्पादन की पूरी प्रक्रिया का जायजा लेते हुए गुणवत्ता, उत्पादन तकनीक और किसानों की समस्याओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कर्मियों ने मौसम, रोग-कीट और रखरखाव से जुड़ी चुनौतियों के साथ कोकून की ग्रेडिंग एवं विपणन में आने वाली दिक्कतों से अवगत कराया। निदेशक ने किसानों और कारीगरों से चर्चा कर रेशम खेती को अधिक लाभकारी बनाने तथा इससे ज्यादा लोगों को जोड़ने के उपायों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक पद्धति अपनाकर रेशम उत्पादन को ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार बनाया जा सकता है। निरीक्षण में मिली कमियों को जल्द दूर करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि बेंगाबाद का रेशम पहले भी विदेशों में पहचान बना चुका है और अब इसे बेहतर गुणवत्ता के साथ अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्थापित करने के लिए प्रयास तेज किए जा रहे हैं।

# वेतन वृद्धि और इंसेंटिव की मांग को लेकर ब्लिंकिट डिलीवरी कर्मियों का प्रदर्शन, दूसरे दिन भी ठप रहा कामकाज

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।अनीसाबाद स्थित ब्लिंकिट सुपर स्टोर के बाहर वेतन वृद्धि, इंसेंटिव बहाली और अन्य मांगों को लेकर डिलीवरी कर्मियों का प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा. सैकड़ों की संख्या में डिलीवरी पार्टनरों ने स्टोर के बाहर धरना देकर कंपनी प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपनी मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की. प्रदर्शन कर रहे कर्मियों का आरोप है कि लगातार बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल, वाहन के रखरखाव, टायर और इंजन ऑयल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी के बावजूद उनकी आय में कोई बढ़ोतरी नहीं की जा रही है. उनका कहना है कि कई बार प्रबंधन और स्टोर मैनेजर के समक्ष अपनी समस्याएं रखी गईं, लेकिन किसी भी मांग पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया. डिलीवरी कर्मियों ने बताया कि एक डिलीवरी पार्टनर को प्रतिदिन 15 से 16 घंटे तक काम करना पड़ता है, लेकिन उसके अनुरूप आमदनी नहीं हो रही है. पहले मिलने वाले कई इंसेंटिव को भी कम कर दिया गया है या बंद कर दिया गया है, जिससे आर्थिक संकट और गहरा गया है. प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि हड़ताल शुरू होने के बाद कई डिलीवरी कर्मियों की आईडी ब्लॉक कर दी गई है और कुछ को काम से हटाने की धमकी भी दी जा रही है. इससे कर्मियों में आक्रोश और बढ़ गया है. धरने पर बैठे कर्मियों ने कहा कि पिछले दो दिनों से वे कड़ी धूप में स्टोर के बाहर अपनी मांगों को लेकर बैठे हैं, लेकिन कंपनी प्रबंधन की ओर से कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई है. उनका कहना है कि जब कंपनी को काम की जरूरत होती है तो डिलीवरी कर्मियों पर अतिरिक्त दबाव बनाया जाता है, लेकिन उनकी समस्याओं और अधिकारों की अनदेखी की जाती है.

# खाद्य मिलावट के खिलाफ अभियान को मिली प्रशासनिक गति, डीएम उदिता सिंह ने दिए आवश्यक निर्देश

नई सोच एक्सप्रेस



**रोहतास**। जिले में खाद्य पदार्थों में बढ़ती मिलावट के विरुद्ध जागरूकता एवं जांच अभियान को प्रशासनिक स्तर पर रफ्तार मिलने लगी है। इस संबंध में प्राप्त आवेदन पर संज्ञान लेते हुए जिला पदाधिकारी उदिता सिंह ने जिला सहकारिता पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई एवं संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया है। जानकारी के अनुसार, खाद्य मिलावट के खिलाफ कार्यरत संस्था Society Against Food Adulteration के अध्यक्ष पंकज कुमार ने जिला प्रशासन को आवेदन देकर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में खाद्य पदार्थों की जांच, जनजागरूकता अभियान, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में सेमिनार, बाजारों में निरीक्षण तथा प्रचार-प्रसार कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रशासनिक एवं आर्थिक सहयोग की मांग की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने प्रस्तावित कार्यक्रमों की व्यवहारिकता का परीक्षण करने तथा संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। साथ ही जनहित से जुड़े इस महत्वपूर्ण विषय पर सकारात्मक पहल करने और विभागीय स्तर पर हरसंभव सहयोग प्रदान करने को कहा गया है। जिला प्रशासन का मानना है कि खाद्य मिलावट केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। ऐसे में व्यापक जागरूकता और नियमित जांच अभियान के माध्यम से इस समस्या पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। संस्था के अध्यक्ष पंकज कुमार ने जिला प्रशासन की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि प्रशासनिक सहयोग मिलने से अभियान को नई मजबूती मिलेगी तथा आम लोगों को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने की दिशा में सार्थक परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में जिले भर में व्यापक स्तर पर जागरूकता एवं जांच अभियान चलाए जाएंगे, जिससे खाद्य मिलावट के खिलाफ प्रभावी माहौल तैयार होगा।

# एनएसएस के सिलेबस को कुलाधिपति से मिली मंजूरी, मिथिला सहित सभी परंपरागत विश्वविद्यालयों में लागू होगी

नई सोच एक्सप्रेस



» कुलपति के आदेश से एनएसएस समन्वयक डॉ चौरसिया ने सदस्य के रूप में सिलेबस निर्माण समिति की बैठक में लिया था भाग

» स्नातक के चतुर्थ सेमेस्टर में 100 अंकों के एबिलिटी इन्हान्समेंट कोर्स के रूप में कोई भी छात्र रख सकते हैं एनएसएस पाठ्यक्रम

**दरभंगा**।बिहार के राज्यपाल सह कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल (सेवा निवृत्त) सय्यद अता हसनैन की स्वीकृति के बाद एनएसएस का स्नातक स्तरीय नया सिलेबस ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा सहित राज्य के सभी परंपरागत विश्वविद्यालयों में लागू होगी। कुलाधिपति की यह स्वीकृति सिलेबस निर्माण समिति की अनुशंसा पर विचारोपरान्त दी गई है जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 की शैक्षणिक नीति के अनुसार बनाया गया है। चार वर्षीय सीबीसीएस स्नातक पाठ्यक्रम के चौथे सेमेस्टर में एबिलिटी इन्हान्समेंट कोर्स (AEC- 4) के अंतर्गत एनएसएस पाठ्यक्रम को रखा गया है जो कुल 100 अंकों का है। ज्ञातव्य है कि उक्त सिलेबस तैयार करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय सिलेबस निर्माण समिति का गठन किया गया था, जिसकी बैठक गत 13 अक्टूबर को क्षेत्रीय निदेशालय, एनएसएस, पटना में हुई थी। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी के आदेश से उक्त बैठक में सिलेबस निर्माण समिति के सदस्य के रूप में कार्यक्रम समन्वयक डॉ आर एन चौरसिया ने भाग लिया था। डॉ चौरसिया ने बताया कि सिलेबस स्वीकृत होने से कोई भी स्नातक के छात्र चतुर्थ सेमेस्टर में एबिलिटी इन्हान्समेंट कोर्स (AEC-4) के अंतर्गत दो क्रेडिट्स के (ESE-70 & CIA-30, कुल 100 अंक) का एनएसएस पत्र रख सकते हैं। इस 5 यूनिट्स के सिलेबस में चार यूनिट्स के सैद्धांतिक पत्र तथा एक यूनिट का प्रायोगिक पत्र हैं। एनएसएस के वर्तमान एवं पूर्व कार्यक्रम अधिकारी तथा कार्यक्रम समन्वयक ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से वर्ग संचालित करेंगे। डॉ चौरसिया ने कहा कि सिलेबस में एनएसएस का इतिहास, दर्शन, लोगो, मोटो, गीत, उद्देश्य एवं लक्ष्य, विशेष शिविर, आपदा प्रबंधन, स्वच्छता, स्वास्थ्य, वृक्षारोपण, युवा नेतृत्व, डिजिटल साक्षरता, माय भारत पोर्टल, पर्यावरण जागरूकता तथा फील्ड एक्टिविटी आदि पर विशेष जोर दिया गया है। एनएसएस सिलेबस युवाओं को समुदाय से जोड़ने पर केन्द्रित है, जिससे छात्र संगठित सामुदायिक सेवा और सामाजिक विकास कार्यक्रमों से अधिक जुड़ सकेंगे। इससे छात्रों को सामाजिक परिवर्तन का वाहक बनने का अवसर मिलेगा तथा विश्वविद्यालय में स्वयंसेवी गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही छात्र-छात्राओं का बेहतरीन चरित्र-निर्माण एवं उनके व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास में मदद मिलेगी।

# आरपीएफ ने मीठापुर सब्जी बाजार को अतिक्रमण से कराया मुक्त



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। रेलवे भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के अभियान के तहत रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा पटना जंक्शन के पश्चिमी छोर स्थित रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) के नीचे संचालित मीठापुर सब्जी बाजार में व्यापक अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। बाजार लंबे समय से रेलवे भूमि पर अनधिकृत रूप से संचालित किया जा रहा था। अभियान के दौरान पर्याप्त संख्या में बल की तैनाती की गई तथा रेलवे भूमि पर अवैध रूप से व्यवसाय कर रहे 26 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की गई। रेल प्रशासन द्वारा रेलवे भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कार्रवाई है। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि रेलवे भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा अथवा अनधिकृत व्यावसायिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दानापुर मंडल के अंतर्गत रेलवे की खाली पड़ी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए आगे भी इसी प्रकार के विशेष अभियान लगातार चलाए जाएंगे। इस उद्देश्य से पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की जा रही है ताकि अभियान को प्रभावी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संचालित किया जा सके। रेल प्रशासन आम जनता से अपील करता है कि रेलवे भूमि पर किसी भी प्रकार का अनधिकृत कब्जा अथवा व्यावसायिक गतिविधि न करें तथा रेलवे संपत्ति की सुरक्षा एवं संरक्षण में सहयोग प्रदान करें।

# राष्ट्रीय सेवा मंच ने साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में सैंकड़ों जरूरतमंदों को कराया भोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**भुरकुंडा(रामगढ़)**। समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीब जरूरतमंदों को भोजन कराया। इस अवसर पर मंच के सदस्यों ने सैंकड़ों गरीब-जरूरतमंद महिला-पुरूष और बच्चों के बीच भोजन वितरण कर अपना सामाजिक दायित्व निभाया। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने बताया कि भोजन वितरण का कार्य 3 जुलाई 2016 दिन रविवार से शुरू हुआ था, जो निरंतर जारी है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा मंच द्वारा जरूरतमंदों की सेवा का यह कार्य जन सहयोग के माध्यम से पिछले 10 वर्षों से लगातार जारी है, जो आगे भी निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि मंच का उद्देश्य ही जरूरतमंदों की सेवा और सामाजिक कार्यों में योगदान देना है। अध्यक्ष श्री सिंह ने ऐसे नेक और सामाजिक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, जगतार सिंह, उमाशंकर जायसवाल, रिंकू वर्णवाल, जितेंद्र मंडल, शुक्रा करमाली, गौरी शंकर महतो, लखन राम, लालजी गिरी, मो. शाहीद सहित कई लोगों का योगदान रहा।

# कुर्मी महासभा ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

नई सोच एक्सप्रेस



» समाज के माध्यम से बच्चों को प्रोत्साहित करना एक सराहनीय कदम : जयराम महतो

**देवघर**।जिला कुर्मी महासभा की ओर से रविवार को एक सभा भवन के सभागार में देवघर जिला कुर्मी महासभा की ओर से 'प्रतिभा सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। इस समारोह में शैक्षणिक सत्र में 10वीं और 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सफल छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह विधायक जयराम महतो, बिहार के परिवहन मंत्री दामोदर राउत, देवघर के महापौर रवि राउत और वरिष्ठ नेता पवन कुमार रवानी मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस दौरान कुर्मी समाज के सैकड़ों प्रबुद्ध लोग और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक जयराम महतो ने सफल छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाया। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि समाज के माध्यम से बच्चों को प्रोत्साहित करना एक सराहनीय कदम है। 10वीं और 12वीं की परीक्षा किसी भी छात्र के लिए आखिरी पड़ाव नहीं है। इसके आगे एक बहुत बड़ी दुनिया है,जहां उन्हें अपनी प्रतिभा के दम पर लंबा सफर तय करना है। युवाओं को लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ना होगा। चुनाव की सरगर्मी पर बात करते हुए जयराम महतो ने कहा कि हमारी पार्टी के पास भी एक वोट है। हालांकि, इस पर बड़ा निर्णय बड़ी पार्टियों को लेना है। हम सभी पक्षों के साथ विचार-विमर्श करने के बाद ही अपना रुख स्पष्ट करेंगे। सड़क पर उतरे आंदोलनकारी युवाओं के सवाल पर उन्होंने तीखा रुख अपनाते हुए कहा कि देश की मौजूदा व्यवस्था आम आदमी के लिए काम नहीं कर रही है। पूरी व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है, यही वजह है कि आज सूबे का छात्र और युवा सड़कों पर उतरने को विवश है। कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे बिहार के परिवहन मंत्री दामोदर राउत ने कुर्मी महासभा के इस प्रयास की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों के भीतर का संकोच दूर होता है और यह उनके लिए प्रेरणा बनकर भविष्य का एक उचित मार्ग तय करेगा। वहीं देवघर के महापौर रवि राउत ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और मनोबल बढ़ाया। इस गरिमामयी समारोह को सफल बनाने में पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र महतो, दीपक रवानी, पवन चंद्रवंशी, मृत्युंजय राउत सहित समाज के दर्जनों पदाधिकारी, शिक्षाविद और सैकड़ों की संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### एमजीएम अस्पताल की पानी की समस्या होगी दूर

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर के डिमना स्थित नए एमजीएम अस्पताल परिसर में पेयजल की जो समस्या थी, वह अब जल्दी ही खत्म होने वाली है। सुवर्णरेखा नदी से अस्पताल तक लगभग साढ़े तीन किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाने के मार्ग में आ रही सभी तकनीकी बाधाएं दूर हो गई है। जिला प्रशासन की पहल पर विभिन्न विभागों की संयुक्त टीम ने स्थल निरीक्षण कर पाइपलाइन के लिए रूट को अंतिम रूप दे दिया है। डीसी राजीव रंजन के निर्देश पर एनएचएआई, मानगो नगर निगम, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, विद्युत आपूर्ति विभाग, मानगो अंचल, गेल, जुस्को और टाटा स्टील के अधिकारियों ने डिमना चौक स्थित निर्माणाधीन फ्लाइओवर का संयुक्त निरीक्षण किया। टीम ने पिलर संख्या 175 और 176 के पास से पाइपलाइन गुजारने का निर्णय लिया और इसे हरी झंडी दे दी। ठेका कंपनी 'मेसर्स मदन लाल बजाज कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड' अब सोमवार 8 जून से धरातल पर निर्माण कार्य शुरू करेगी।

### गोड्डा के सरवा गांव में पुलिस का जन संवाद, सुनीं लोगों की शिकायतें

**पोड़ैयाहाट, एजेंसी।** गोड्डा के पोड़ैयाहाट थाना अंतर्गत सरवा गांव में पुलिस और आम जनता के बीच आपसी विश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस इंस्पेक्टर मधुसूदन मोदक और थाना प्रभारी महावीर पंडित ग्रामीणों के बीच पहुंचे और उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना। जन संवाद के दौरान ग्रामीणों ने गांव में शराब बिक्री, तेज रफ्तार गाड़ियों और चोरी जैसी समस्याओं को पुलिस के सामने रखा। पुलिस अधिकारियों ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और समाधान का आश्वासन दिया। इंस्पेक्टर मधुसूदन मोदक ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य सजा देना नहीं, बल्कि लोगों की सुरक्षा और मदद करना है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे पुलिस को अपना दोस्त समझें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत दें। पुलिस ने ग्रामीणों को साइबर क्राइम से बचाव के तरीके बताए। उन्होंने कहा कि ओटीपी, पासवर्ड और बैंक डिटेल किसी से साझा न करें। किसी भी तरह के ऑनलाइन फ्रॉड की सूचना तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर दें। साथ ही आपात स्थिति में डायल 112 सेवा का उपयोग करने की जानकारी दी। यह सेवा 24 घंटे उपलब्ध है और घटनास्थल पर त्वरित पुलिस सहायता पहुंचाती है।

### पश्चिमी सिंहभूम में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई

**पश्चिमी सिंहभूम, एजेंसी।** उपायुक्त पश्चिमी सिंहभूम और अधीक्षक उत्पाद, पश्चिमी सिंहभूम के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को उत्पाद विभाग की टीम ने तांतनगर ओपी और मंझारी थाना क्षेत्र के ग्राम खड़िया सिन्दरी में छापेमारी कर दो अवैध चुलाई शराब निर्माण स्थलों को ध्वस्त कर दिया। छापेमारी के दौरान टीम ने शराब बनाने के लिए रखे गए करीब 700 किलोग्राम किण्वित जावा-महुआ तथा 20 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद की। जानकारी देते हुए उत्पाद निरीक्षक निर्भय कुमार सिन्हा ने बताया कि संचालित दोनों अवैध भट्ठियों को पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। इस मामले में भट्ठी संचालकों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उपायुक्त के निर्देशानुसार लाइसेंसी शराब दुकानों की निगरानी के तहत यशोदा टॉकीज के पास स्थित कंपोजिट शराब दुकान का भी औचक निरीक्षण किया गया।

### रामगढ़ में साइबर ठगों ने स्कूल प्रिंसिपल को बनाया शिकार

**रामगढ़, एजेंसी।** आर्मी स्कूल रामगढ़ के प्रिंसिपल के मोबाइल को हैक कर साइबर अपराधियों द्वारा 40 हजार रुपये की अवैध निकासी किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राचार्य पंकज कुमार जैन ने साइबर थाना को बताया कि दो दिन पहले उनके मोबाइल पर केवाईसी अपडेट कराने के संबंध में एक फोन आया था। उन्होंने कॉल करने वाले को बताया कि वह बैंक जाकर केवाईसी अपडेट करा लेंगे। इस पर आरोपी ने कहा कि एक्सिस बैंक में केवाईसी अपडेट कराने की लास्ट डेट है और दो घंटे बाद यह प्रक्रिया बंद हो जाएगी। कॉल करने वाले व्यक्ति ने व्हाट्सएप पर एक एपीके फाइल भेजी। स्कूल की बैठकों और अन्य कार्यों में व्यस्त रहने के कारण उन्होंने फाइल डाउनलोड कर ली। फाइल डाउनलोड करते ही साइबर अपराधियों ने उनका मोबाइल हैक कर लिया और बैंक खाते से 40 हजार रुपये की निकासी कर ली। खाते से रुपये कटने का संदेश मिलने के बाद उन्होंने बैंक और पुलिस को सूचना दी। बैंक और पुलिस की तत्परता से खाते को तत्काल लॉक कर दिया गया। साइबर सेल ने उन्हें मोबाइल सुरक्षा से जुड़े जरूरी सुझाव भी दिए।

**मादक पदार्थों के निर्माण की सबसे प्रमुख फसल अफीम पर पिछले तीन सालों में झारखंड में तगड़ी कार्रवाई**

# 37 हजार एकड़ में लगी फसल को पुलिस ने किया नष्ट

**रांची, एजेंसी।** मादक पदार्थों के निर्माण की सबसे प्रमुख फसल अफीम पर पिछले तीन सालों में झारखंड में तगड़ी कार्रवाई की गई है। आंकड़े बताते हैं कि तीन साल में 37 हजार एकड़ में लगी फसल को पुलिस बल के द्वारा नष्ट किया गया। अफीम के अलावा ब्राउन शुगर जैसे मादक पदार्थों पर भी तीन सालों में जबरदस्त कार्रवाई की गई है।

सीआईडी से मिले आंकड़े यह बताते हैं कि साल 2023 से लेकर 2026 के मई महीने तक झारखंड में रिकार्ड 37 हजार एकड़ में लगी अफीम की फसल नष्ट की गई। झारखंड के मुख्य अफीम उत्पादन वाले जिले चतरा, खूंटी, रांची, लातेहार, पलामू, हजारीबाग जैसे जिलों में ही अफीम तस्करों का 100 करोड़ से ज्यादा का नुकसान हो चुका है।

सीआईडी के आंकड़ों के अनुसार झारखंड के 14 जिलों में अभियान चलाकर रिकॉर्ड अफीम नष्ट किया गया है। पिछले 3 साल में न सिर्फ अफीम की फसल नष्ट की गई बल्कि नारकोटिक्स एक्ट के तहत लगभग 500 मुकदमे दर्ज किए गए और 315 से ज्यादा लोगों को जेल भी भेजा गया।

झारखंड का खूंटी जिला अफीम को लेकर वर्षों से बेहद बदनाम रहा है। खूंटी के दुर्गम इलाकों का फायदा उठा कर अफीम तस्कर हर हाल सैकड़ों एकड़ में अफीम की फसल लगाने में कामयाब हो जाते हैं। पिछले 3 साल के दौरान पुलिस की कार्रवाई में सबसे ज्यादा अफीम खूंटी में ही नष्ट की गई।

पिछले तीन साल में खूंटी जिला में 17 हजार एकड़ में लगी अफीम की फसल नष्ट कर पूरे राज्य में पहले नंबर पर है। खूंटी पुलिस के द्वारा 3 साल में सबसे ज्यादा तस्करों को



गिरफ्तार किया गया और 100 से ज्यादा पर एफआईआर भी दर्ज किया गया। वहीं पिछले तीन साल में अफीम नष्ट करने के लिए मामले में झारखंड का चतरा जिला दूसरे स्थान पर है। साल 2023 से लेकर अप्रैल 26 तक चतरा में लगभग 7000 एकड़ में लगी अफीम की फसल को नष्ट किया गया 35 से ज्यादा लोगों को जेल भेजा गया।

सीआईडी के आंकड़े बताते हैं कि अफीम तस्करों के द्वारा उगाई गयी फसल को नष्ट करने, डोडा और तैयार अफीम जब्त करने की वजह से तस्करों को करोड़ों का नुकसान हुआ है। आंकड़ों के अनुसार साल 2022 से 2026 तक तैयार अफीम 84 केजी जिसकी कीमत बाजार में 84 करोड़ है। डोडा और पोस्ता 42 हजार केजी जिसकी कीमत 22 करोड़ है, जिन्हें नष्ट किया गया। यानी केवल बरामदगी का आंकड़ा ही तीन सालों में 100 करोड़ को पार कर गया।इसके अलावा 37 हजार एकड़ अफीम की फसल भी नष्ट की गई। यानी पिछले चार साल में अफीम तस्करों को 200 करोड़ से ज्यादा का नुकसान हो चुका है।

सीआईडी के आंकड़ों के अनुसार साल 2021 से लेकर साल 2022 के तक झारखंड में मादक पदार्थों को लेकर कुल 2294 केस दर्ज किए गए हैं, जिनमें 525 लोग गिरफ्तारी की गई। वहीं अगर बरामदगी की बात करें तो डोडा - 96475।049 किलो, पोस्ता -1864।95 किलो, तैयार अफीम- 12471।923 किलो और अफीम पाउडर- 19 केजी बरामद हुए जबकि 2885।73 एकड़ में लगी अफीम की फसल को नष्ट किया गया।

अब अफीम की खेती वर्ष के दौरान झारखंड में अफीम की खेती रोकने के लिए सीआईडी की तरफ से एक्शन प्लान तैयार किया गया है। इसके तहत अंतिम प्रभावित जिलों में प्री कल्टीवेशन अभियान को लॉन्च किया गया है। इसके तहत जिन इलाकों में अफीम की खेती पूर्व में की जाती थी और जिन खेतों में लगे अफीम की फसल को नष्ट किया गया था वैसे तमाम जगह का सत्यापन किया जाएगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उन क्षेत्रों में अफीम की खेती के लिए कोई तैयारी नहीं की जा रही है।

सीआईडी के पत्र के अनुसार रांची, खूंटी, हजारीबाग, चतरा, पलामू, लातेहार और पश्चिमी सिंहभूम के चाईबासा के साथ-साथ सरायकेला खरसावां जिला को इस अभियान में शामिल किया गया है। सीआईडी के पत्र में यह बताया गया है कि अभियान के दौरान पिछले वर्ष अफीम की खेती के खिलाफ दर्ज मामलों की समीक्षा करना है। साथ ही साथ वांटेड आरोपियों की गिरफ्तारी भी सुनिश्चित करना है।

अफीम कांड में फरार व्यक्तियों के खिलाफ कुर्की जब्ती की कार्रवाई को भी सुनिश्चित करना है। पत्र में प्रभावित जिलों के एसपी को अपने-अपने क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाने का भी निर्देश दिया गया है। इस दौरान विशेष रूप से यह प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया गया है कि अवैध रूप से अफीम की खेती करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## परिमल नथवानी ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, कहा- राज्यसभा चुनाव को लेकर नहीं हुई कोई बात



**रांची, एजेंसी।** राज्यसभा चुनाव को लेकर झारखंड की राजनीति के केंद्र अभी कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री का आवास बना हुआ है। शुक्रवार से लेकर शनिवार तक यह भवन कई सियासी हलचल का गवाह बना। अपने सहयोगी पार्टी कांग्रेस के सामने तल्ख तेवर दिखाने के बाद आज शनिवार दोपहर बाद कांग्रेस के राज्यसभा आब्जर्बर भूपेश बघेल और अजय शर्मा ने सीएम से मुलाकात की। वहीं देर रात झारखंड से ही राज्यसभा सदस्य रह चुके परिमल नथवानी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की।

हालांकि मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री आवास से बाहर निकले उद्योगपति ने मीडिया से कुछ देर के लिए मुखातिब हुए। जिस पर उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव को लेकर सीएम से कोई बात नहीं हुई है, यह एक शिष्टाचार भेंट थी। इसके बावजूद यह अनुमान लगाना मुश्किल नहीं कि वर्तमान में जब परिमल नथवानी के नाम से राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारी के नामांकन का पर्चा खरीदा गया है। आज की मुलाकात के केंद्र में राज्यसभा चुनाव न हो, ऐसा होने की संभावना कम ही है।

परिमल नथवानी से मुख्यमंत्री की मुलाकात पर कुछ भी कहने से इनकार करते हुए मंत्री हफीजुल हसन अंसारी ने कहा कि आज हमलोग बैठकर बैद्यनाथ राम को जीत दिलाकर राज्यसभा भेजने की रणनीति बनाई। दूसरी सीट को लेकर हमारे केंद्रीय अध्यक्ष क्या फैसला लेंगे, इसके लिए इंतजार कीजिये। क्योंकि हमलोगों ने सर्वसम्मति से दूसरी सीट के लिए भी फैसला लेने के लिए अपने केंद्रीय अध्यक्ष को अधिकृत कर दिया है। जब मंत्री से पूछा गया कि कांग्रेस के नेता तो सीएम से मुलाकात के बाद अपनी जीत को लेकर आश्वस्त लग रहे थे। इस पर मंत्री ने जवाब दिया कि कांग्रेस की बात कांग्रेस जाने।

## ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर सख्ती, 599 वाहन चालकों का लाइसेंस होगा निलंबित



**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची में यातायात नियमों का लगातार उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से ट्रैफिक पुलिस ने 599 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस को निलंबित करने की अनुशंसा की है।

ट्रैफिक एसपी रांची राकेश सिंह ने संबंधित वाहन चालकों की सूची जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) को भेजते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया है। भेजे गए पत्र में कहा गया कि इन वाहन चालकों ने मई महीने में यातायात नियम का उल्लंघन किया है।

पत्र में यह भी कहा गया कि इसमें कई ऐसे वाहन चालक हैं, जिन्होंने कई बार यातायात नियम तोड़ा और जुर्माने की रकम भी जमा नहीं की है। ट्रैफिक पुलिस की ओर से जारी आंकड़े बताते हैं कि जनवरी से मई महीने तक 4339 वाहन चालकों का लाइसेंस निलंबित करने की अनुसंशा की गई है। ट्रैफिक पुलिस की जांच में पाया गया कि सबसे अधिक मामले दो पहिया वाहनों पर बिना हेलमेट पीलियन राइडर (पीछे बैठने वाले व्यक्ति) के यात्रा करने और रेड लाइट जंपिंग के हैं। पीलियन राइडर की संख्या 219 है। जबकि रेड लाइट जंपिंग वाले 173 वाहन चालक हैं।

इसके अलावा नो-पार्किंग, गलत दिशा में वाहन चलाने, सीट बेल्ट नहीं लगाने और अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन के मामले भी सामने आए हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, बार-बार नियम तोड़ने वाले चालकों की पहचान सीसीटीवी कैमरों, ट्रैफिक मॉनिटरिंग सिस्टम और ई-चालान रिकॉर्ड के आधार पर की गई है। कई वाहन चालक ऐसे पाए गए, जिन्होंने बार-बार चालान होने के बावजूद अपनी आदतों में सुधार नहीं किया। रांची के ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। नियमों की अनदेखी के कारण सड़क हादसों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे लोगों की जान-माल को खतरा बना रहता है। ऐसे में नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए सख्त कार्रवाई आवश्यक हो गई है। ट्रैफिक विभाग का मानना है कि लाइसेंस निलंबन जैसी कार्रवाई से वाहन चालकों में कानून के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और वे भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित होंगे।

## पूर्वी सिंहभूम के आम विदेश में होंगे एक्सपोर्ट, किसानों को मिलेंगे अच्छे दाम

**जमशेदपुर, एजेंसी।** पूर्वी सिंहभूम जिले के किसानों द्वारा उत्पादित रसीले आम अब सिर्फ झारखंड में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी लोगों को मिलेंगे। जिला प्रशासन ने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है। बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत, जिले के किसानों द्वारा उत्पादित आमों को बाजार दिलाने की पहल की गई है, साथ ही आम महोत्सव के जरिए आमों के बारे में किसानों को जागरूक कर पहचान दिलाने की कोशिश की जा रही है। बता दें कि पूर्वी सिंहभूम जिले के बोड़ाम, पटमदा, घाटशिला, मुसाबनी इलाकों में किसान बड़े पैमाने पर आम की खेती कर रहे हैं, जिसमें लंगड़ा, बैगनपिल्ली, देसी, आम्रपाली, हिमसागर, मलिक्का और बनाना आम का उत्पादन होता है।

पूर्वी सिंहभूम उपायुक्त राजीव रंजन ने किसानों के उगाए आमों को पहचान दिलाने की बात कही। उन्होंने बताया कि बनाना आम का नाम बदलकर उसे अब आदिवासी नाम दिया गया है, अब इसे कायरा आम के नाम से जाना जाएगा।

उन्होंने बताया कि किसान मल्लिका, आम्रपाली, लंगड़ा और कई दूसरी वैरायटी के आम उगा रहे हैं।



आमों की क्वालिटी की वजह से विदेशी व्यापारी भी यहां आ रहे हैं। हमारा मकसद है कि आम महोत्सव के जरिए किसानों को बेहतर दाम मिलें और विदेशी व्यापारी भी आकर्षित हों, उन्हें एक प्लेटफॉर्म मिले। हमारी कोशिश है कि यहां उगाए गए आम यूरोपियन यूनियन और दूसरे देशों तक पहुंचें, लोग यहां उगाए गए आमों का स्वाद चख सकें और झारखंड को अच्छे आमों के उत्पादक के तौर पर पहचान मिले।

जो किसान अपने आम लेकर आए हैं, वे भी खुश हैं कि उनके आमों को पहचान मिल रही है। कमला महतो बताती हैं कि उपायुक्त ने उनके बनाना आम का नाम रखा है, जो आदिवासी भाषा पर आधारित है और अब इसे कायरा आम के नाम से जाना जाएगा। हमें आम की पैदावार के लिए पूरा सपोर्ट मिल रहा है, जिससे हमारी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

किसानों को बेहतर आम उगाने की ट्रेनिंग भी दी जा रही है, जिसमें उन्हें रखवाली करना और सुरक्षित रखने की ट्रेनिंग दी जा रही है। किसानों को आम बेचने में मदद करने वाले मो। हामिद बताते हैं कि जिले के आम अब विदेश में एक्सपोर्ट करने के लिए तैयार किए जा रहे हैं, और लोग यहां पैदा होने वाले आमों का बेसब्री से इंतज़ार करेंगे।

## रांची के डोरंडा में चल रहा था जुआ का अड्डा, छापेमारी में दस गिरफ्तार



**रांची, एजेंसी।** राजधानी की पुलिस ने अवैध रूप से जुआ खेलने वालों के खिलाफ शनिवार को बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने रांची के डोरंडा में छापेमारी कर एक साथ 10 को गिरफ्तार किया है। सभी जुआ खेल रहे थे।

**क्या है पूरा मामला :** रांची के डोरंडा थाना की पुलिस ने कुसई कॉलोनी स्थित अर्ध निर्मित मकान में छापेमारी कर जुआ खेलते हुए दस लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में उत्तम महतो, बिट्टू तिर्की, अजय तिर्की, विजय तिर्की, राहुल कच्छप, जेवियर लकड़ा, शुभम कुमार, प्रवीण कुमार, अवधेश पांडेय और संजीत कुमार राम शामिल है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने 53 हजार कैश के अलावा ताश की पत्ती बरामद की है।

**एसएसपी की सूचना पर कार्रवाई :** रांची सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि रांची एसएसपी राकेश रंजन को कुसई कॉलोनी में जुआ खेलने की गुप्त सूचना मिली थी। जिसके बाद डोरंडा पुलिस की टीम ने कुसई कॉलोनी स्थित अर्ध निर्मित मकान में शुक्रवार की रात छापेमारी की। इस दौरान पुलिस को देखकर जुआ खेल रहे सभी युवक भागने लगे और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने घेराबंदी कर सभी को पकड़ लिया, भागने के क्रम में आरोपी संजीत कुमार राम जमीन पर गिर गया, उसका सिर भी फट गया। हालांकि पुलिस की टीम उसे अस्पताल ले गई। इलाज कराने के बाद सभी आरोपियों को शनिवार को जेल भेज दिया गया।

## बोकारो पहुंचे भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

**बोकारो, एजेंसी।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन अपने एक दिवसीय दौरे पर बोकारो पहुंचे। जहां उनका रांची से बोकारो आने के क्रम में भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। बोकारो पहुंचने पर नया मोड़ स्थित बिरसा चौक पर भाजपा के तमाम नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनको फूल गुलदस्ता देकर स्वागत किया।

इस दौरान नितिन नवीन सभी कार्यकर्ताओं से गाड़ी से उतरकर बारी-बारी मिले। इस दौरान कार्यकर्ताओं में जोश हाई दिखा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के बोकारो आने से कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार हुआ है। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से पहले वह यहां 15 दिनों के प्रवास में रह चुके हैं। ऐसे में उन्हें जातिगत समीकरण से लेकर मजबूती और कमजोरी की जानकारी है। सभी ने दावा किया कि आने वाले समय में झारखंड के साथ बोकारो में भाजपा बेहतर प्रदर्शन करेगी।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सेक्टर-4 सिटी सेंटर स्थित अपनी मौसी के आवास पहुंचे। उनकी बड़ी मौसी शोभा रानी लाल का हाल ही में निधन हो गया था। बोकारो पहुंचने के बाद उन्होंने सबसे पहले उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और फिर परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। वह करीब आधे घंटे तक परिवार के सदस्यों के साथ रहे। उनका अपनी बड़ी मौसी के साथ बहुत ही आत्मीय संबंध था। नितिन नवीन ने इस दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अपनी मौसी के नाम पर एक पेड़ भी लगाया।

## एसयूवी से टकराकर पलट गई कार, हादसे में पिता-पुत्र की मौत

**गिरिडीह, एजेंसी।** जिला में डुमरी थाना क्षेत्र के जामताड़ा पंचायत अंतर्गत पिपराडीह ओवरब्रिज के समीप शनिवार को सड़क हादसा हो गया। जिसमें दो लोगों की मौत हो गयी है।

दरअसल, देवघर से रांची जा रही एक कार (मिनी एसयूवी) ने बाइक को धक्का मार दी। बाइक को धक्का मारने के बाद कार ने सामने से आ रही एसयूवी को धक्का मारा और पलट गई। इस दुर्घटना में बाइक पर सवार एक बच्चे की मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहे पिता की मौत इलाज के लिए धनबाद ले जाने के दौरान हो गई। मृतकों में खाखीकला निवासी अब्बू हयात और उसका छह वर्षीय पुत्र अमीनुल की मौत हो गई। जबकि अब्बू हयात की पत्नी रूबेना खातून तथा पुत्री अलीना परवीन घायल है।

इस हादसे को लेकर बताया गया कि अब्बू हयात अपनी पत्नी के साथ पुत्र एवं पुत्री को लेकर बेरगी जा रहे थे। पिपराडीह के पास कार ने बाइक को धक्का मार दिया। इसके बाद दूसरी एसयूवी से जा टकरायी। दो कारों और एक बाइक के बीच हुई इस भीषण टक्कर से घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई।

इस दुर्घटना के बाद कुछ समय तक सड़क पर



यातायात भी बाधित रहा। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। हालांकि चिकित्सक ने अमीनुल को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल अब्बू को रेफर कर दिया गया। इलाज के लिए ले जाने के दौरान अब्बू ने भी दम तोड़ दिया। अन्य घायलों का इलाज जारी है।

इस घटना की सूचना मिलते ही डुमरी एसडीपीओ आबिद खान और थाना पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात को सामान्य कराया। दुर्घटना के कारणों की जांच भी शुरू कर दी गई है। बताया जाता है जिस वाहन से धक्का लगा वह किसी पहुंच वाले व्यक्ति का है।

एक ही परिवार के पिता और पुत्र की मौत से खाखीकला गांव समेत पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से दुर्घटना के कारणों की निष्पक्ष जांच कराने तथा ओवरब्रिज के पास यातायात सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

इस संबंध में डुमरी एसडीपीओ आबिद खान ने बताया कि सड़क दुर्घटना में कुल दो लोगों की मौत हुई है। साथ ही बताया कि छह वर्षीय अमीनुल की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी, जबकि उसके पिता अब्बू हयात की धनबाद ले जाने के दौरान रास्ते में मौत हो गई। एसडीपीओ ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटा दिया गया है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# कंगना रनौत अब नर्स बनकर दिखाएंगी दम 12 जून को रिलीज होगी फिल्म भारत भाग्य विधाता

कंगना रनौत एक बार फिर पर्दे पर अपनी दमदार अदाकारी का जादू बिखेरने के लिए तैयार हैं। उनकी बहुचर्चित फिल्म भारत भाग्य विधाता की रिलीज तारीख का आधिकारिक ऐलान हो गया है। 26/11 के मुंबई हमलों के दौरान कामा अस्पताल में नर्सों और मेडिकल स्टाफ के अदम्य साहस पर आधारित इस फिल्म में कंगना एक नर्स की मुख्य भूमिका निभा रही हैं। पर्दे पर कब दस्तक देगी भारत भाग्य विधाता, आइए जानते हैं। कंगना की बहुप्रतीक्षित फिल्म भारत भाग्य विधाता की रिलीज तारीख का आधिकारिक ऐलान हो गया है। सच्ची घटना पर आधारित ये थ्रिलर फिल्म 12 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। मनोज तपड़िया के निर्देशन में बनी यह फिल्म 26/11 के मुंबई हमलों के दौरान कामा अस्पताल के उन अनसंग हीरोज की बहादुरी को सलाम करती है, जिन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर 400 लोगों को सुरक्षित बचाया था। फिल्म में कंगना एक नर्स की मुख्य भूमिका निभा रही हैं। कंगना के प्रोडक्शन हाउस मणिकर्णिका फिल्म्स ने अपनी अगली बड़ी फिल्म भारत भाग्य विधाता का आधिकारिक पोस्टर जारी कर दिया है। फिल्म के इस पोस्टर के साथ साझा किया गए संदेश में लिखा गया, साधारण लोगों की एक असाधारण कहानी! इंसानियत की वो दास्तां, जब डर से कहीं बड़ा हौसला नजर आया। जब जिम्मेदारी ही बलिदान बन गई, जब एकता ही सबसे बड़ा कर्तव्य बनी और साहस ने बचाई मासूम जिंदगियां। पेश है भारत के असली नायकों की अनकही कहानी।

कंगना ने कहा, हम अक्सर शोर मचाने वाली बहादुरी का जश्न मनाते हैं, लेकिन असली साहस वो होता है, जो मौके पर डटा रहे, पीछे न हटे और जिम्मेदारी उठाए। भारत भाग्य विधाता साहस, बलिदान, इंसानियत और एकता की एक ऐसी अनकही कहानी है, जहां साधारण लोग आतंक और जिंदगी के बीच ढाल बनकर खड़े हो गए। ये देशभक्ति का सबसे शुद्ध रूप है, जहां कर्तव्य ही कर्म बन जाता है। कंगना आगे बोलीं, मुझे उस कहानी का हिस्सा बनने पर गर्व है, जो उन लोगों को सलाम करती है, जिन्होंने शहर के सबसे कठिन पलों में उसे थामे रखा। मुझे दर्शकों की प्रतिक्रिया का बेसब्री से इंतजार है। फिल्म में कंगना के साथ कलाकारों की एक शानदार फौज नजर आएगी, जिसमें गिरिजा ओक, स्मिता तांबे, अमृता नामदेव, ईशा डे, प्रिया बेर्डे, आशा शेलार, सुहिता थट्टे, रसिका अगाशे, आदित्य मिश्रा और जाहिद खान जैसे मंझे हुए सितारे अहम भूमिकाओं में हैं।





## हिबा नवाब बनीं जादूगरनी बिविच्ड से प्रेरित इस शो में आएंगी नजर



अभिनेत्री हिबा नवाब टीवी पर लौट आई हैं। वह एक नए पारिवारिक सिटकॉम में मुख्य किरदार निभा रही हैं, जिसे क्लासिक अमेरिकी शो बिविच्ड से प्रेरणा लेकर बनाया गया है। इसमें हिबा, ऊर्वशी नाम की एक प्यारी जादूगरनी बनी हैं। ऊर्वशी अपने पति आरव पटेल के लिए अपनी जादुई दुनिया तो छोड़ देती है, लेकिन जब रोजमर्रा के काम उलझने लगते हैं, तो वह जादू का इस्तेमाल करने से खुद को रोक नहीं पाती है। इस शो में आपको खूब हंसी-मजाक देखने को मिलेगा और साथ ही राखी विजयन व अधिक मेहता जैसे जाने-पहचाने कलाकार भी नजर आएंगे। हिबा का झनक के बाद यह पहला शो है। इस धारावाहिक में उन्हें जादू से भरी कॉमेडी करने का मौका मिल रहा है, जो भारतीय टीवी पर बहुत कम ही देखने को मिलती है। इस साल की शुरुआत में वह एक सुपरनैचुरल थ्रिलर का हिस्सा बनने वाली थीं, लेकिन वो प्रोजेक्ट सिरे नहीं चढ़ पाया। हिबा जिजीजी छत पर है और वो तो है अल्बेला जैसे शोज के लिए जानी जाती हैं। हिबा बताती हैं कि उनके परिवार ने हमेशा उनका साथ दिया है और करियर के हर उतार-चढ़ाव में उन्हें जमीन से जोड़े रखा व केंद्रित रहने में सहयोग दिया।

## साउथ के स्टार विजय सेतुपति ने स्लमडॉग के बारे में चौंकाने वाले खुलासे किए

विजय सेतुपति ने स्लमडॉग के बारे में चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। अपनी बहुमुखी अदाकारी और अलग-अलग तरह की भूमिकाओं के लिए मशहूर विजय सेतुपति और अपनी दमदार फिल्मों के लिए जाने जाने वाले पुरी जगन्नाथ, स्लमडॉग नाम की एक फिल्म के लिए साथ आ रहे हैं। इस फिल्म का काम तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। इसमें तब्बू, संयुक्ता और दुनिया विजय जैसे जाने-माने सितारे अहम भूमिकाओं में नज़र आएंगे, जबकि हर्षवर्धन रामेश्वर इसके संगीत निर्देशक हैं।

अब, पत्रकारों से बात करते हुए, विजय सेतुपति ने स्लमडॉग के बारे में कुछ चौंकाने वाले खुलासे किए। उन्होंने कहा कि फिल्म में कोई रोमांस नहीं है, और साथ ही यह भी बताया कि वह और फिल्म की मुख्य अभिनेत्री तब्बू, दोनों ही फिल्म में एक-दूसरे से भावनात्मक रूप से दूर हैं। उन्होंने तेलुगू भाषा पर तब्बू की अच्छी पकड़ की भी जमकर तारीफ़ की। विजय सेतुपति इस फिल्म में एक अंधे भिखारी की भूमिका निभा रहे हैं। यह फिल्म पुरी कनेक्ट्स बैनर के तहत बनाई गई है। यह फिल्म अखिल भारतीय स्तर पर बनी है और इसे तेलुगू, तमिल, कन्नड़, मलयालम और हिंदी जैसी विभिन्न भाषाओं में रिलीज़ किया जाएगा।



## बॉक्स ऑफिस डे 1 कलेक्शन: 2026 में साउथ की सबसे बड़ी ओपनर, राम चरण की पेद्दी ने बनाए कमाई के ये 5 बड़े रिकॉर्ड्स

टॉलीवुड स्टार राम चरण की स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म पेद्दी सिनेमाघरों में छा गई है. बुची बाबू सना के निर्देशन में बनी फिल्म पेद्दी में राम चरण खेल के तीन मैदानों में अलग-अलग अवतार में नजर आ रहे हैं. फिल्म बीती 4 जून को दुनियाभर में रिलीज हुई. पेद्दी ने पहले ही दिन अपनी कमाई से वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर झंडे गाड़ दिए हैं. राम चरण ने पेद्दी से खुद बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड में कई रिकॉर्ड जोड़ लिए हैं. पेद्दी ने पहले दिन वर्ल्डवाइड कितने करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है, मेकर्स ने इसकी कमाई का ऑफिशियल आंकड़ा जारी कर दिया है. पेद्दी का डे 1 कलेक्शन जानने के साथ बात करेंगे कि राम चरण ने अपनी नई रिलीज फिल्म से क्या-क्या रिकॉर्ड बना लिए हैं.

राम चरण, जाह्नवी कपूर और दिव्येंदु शर्मा स्टारर स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म ने पहले ही दिन वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 135.36 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है. इसी के साथ पेद्दी ने अपने ओपनिंग कलेक्शन से ये पांच रिकॉर्ड अपने नाम कर लिये हैं. पेद्दी साल 2026 की इंडिया में दूसरी सबसे बड़ी ओपनिंग फिल्म बन गई हैं. पहले नंबर पर रणवीर सिंह की धुरंधर 2 है, जिसने 236.63 करोड़ रुपये से वर्ल्डवाइड ओपनिंग ली थी. इस लिस्ट में राम चरण ने अपने मेगास्टार पिता चिरंजीवी की माना शंकरा वारा प्रसाद गारू और पॉवर स्टार चाचा उस्ताद भगत सिंह को पीछे छोड़ दिया है.



## सर्दी-खांसी होने पर पानी पीने का नहीं करता मन? इन तरीकों से बढ़ा सकते हैं सेवन

सर्दी-खांसी होने पर शरीर का तापमान काफी बढ़ जाता है, जिससे पसीना आने लगता है। ऐसे में शरीर में पानी की कमी हो जाती है। साथ ही सर्दी-जुखाम होने पर प्यास लगना भी कम हो जाती है, जिसके चलते डिहाइड्रेशन की समस्या आम हो जाती है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताते हैं, जिन्हें अपनाकर आप सर्दी-खांसी होने पर भी पानी की कमी को पूरा कर सकते हैं। सर्दी-खांसी होने पर गर्म पानी का सेवन करना फायदेमंद हो सकता है। इसका कारण है कि गर्म पानी शरीर को जल्दी पानी की कमी से बचा सकता है और रोगों से लड़ने की ताकत को बढ़ा सकता है।



दिनभर में 8-10 गिलास गर्म पानी पीने की कोशिश करें। हालांकि, ध्यान रखें कि पानी बहुत गर्म न हो, क्योंकि इससे मुंह के अंदर जलन हो सकती है। इस तरह से आप सर्दी-खांसी के दौरान पानी की कमी से बच सकते हैं। सर्दी-खांसी होने पर ताजे फलों के रस का सेवन करना भी फायदेमंद हो सकता है। इससे न केवल शरीर को पानी की कमी से बचाने में मदद मिलेगी, बल्कि विटामिन-सी की अधिक मात्रा भी मिलेगी। यह पोषक तत्व शरीर की रोगों से लड़ने की ताकत को बढ़ा सकता है। हालांकि, फलों के रस का सेवन करने से पहले डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी है। ताजे फलों के रस से शरीर को और भी फायदे मिल सकते हैं। नींबू विटामिन-सी का अच्छा स्त्रोत है, जो सर्दी-खांसी से राहत दिलाने में मदद कर सकता है। यह भी संक्रमण से लड़ने की क्षमता को बढ़ा सकता है।

लाभ के लिए एक गिलास गुनगुने पानी में आधा नींबू निचोड़ें और इसमें स्वादानुसार शहद मिलाएं। अब इस मिश्रण का सेवन करें। नींबू पानी के सेवन से शरीर को और भी लाभ मिल सकते हैं, जैसे ताजगी और हाइड्रेशन आदि। आप इसमें नमक मिलाकर भी पी सकते हैं। नारियल पानी में प्राकृतिक तत्व होते हैं, जो शारीरिक ऊर्जा को बढ़ाने के साथ-साथ शरीर से हानिकारक पदार्थों को बाहर निकालने में सहायक हैं। इसके अलावा इसमें मौजूद पोटेशियम और मैग्नीशियम शरीर में पानी के स्तर को संतुलित रखने में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए नारियल पानी का सेवन दिनभर में 2 बार करें।

नारियल पानी से शरीर को और भी फायदे मिल सकते हैं और त्वचा में निखार आ सकता है। सूप पीने से भी शरीर को पानी की कमी से बचाने में मदद मिल सकती है। सूप पीने से शरीर को पोषक तत्वों के साथ-साथ पानी की भी भरपूर मात्रा मिलती है। आप चाहें तो सब्जी का सूप या फिर क्लियर सूप का सेवन कर सकते हैं। हालांकि, अगर आपको डॉक्टर ने क्लियर सूप पीने से मना किया है तो आप इसके बजाय सब्जी का सूप पीएं। सूप पीने से शरीर को और भी फायदे मिल सकते हैं।

## रुष्या दत्ता की नई फिल्म डॉन बॉस्को का पहला लुक जारी

रुष्या दत्ता, शंकर गौरी के निर्देशन में बन रही एक दिलचस्प मनोरंजक फ़िल्म में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। इस फ़िल्म में मिरना मेनन, मुरली शर्मा और कई अन्य कलाकार अहम भूमिकाओं में नज़र आएंगे। ताज़ा जानकारी के अनुसार, फ़िल्म निर्माताओं ने फ़िल्म का पहला लुक और उसका शीर्षक जारी कर दिया है। फ़िल्म का शीर्षक डॉन बॉस्को है, जिसमें रुष्या को हाथ में कटाना (तलवार) लिए हुए, एक स्टाइलिश और दमदार अंदाज़ में दिखाया गया है। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और अधिकारी जल्द ही फिल्म की रिलीज़ डेट की पुष्टि करेंगे। फिल्म में मोनिका, विष्णु ओई और राजकुमार कासिरेड्डी भी अहम किरदारों में नज़र आएंगे। वेंकट उप्पेरी, राधा कृष्णा एंटरटेनमेंट्स के बैनर तले इस फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म का संगीत श्रीचरण पकाला ने तैयार किया है, जबकि सिनेमैटोग्राफी की ज़िम्मेदारी एडुरोलू राजू संभाल रहे हैं। राधा कृष्णा एंटरटेनमेंट्स इस फिल्म को तेलुगू सिनेमा प्रेमियों के लिए लेकर आ रहा है। उन्होंने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना, इन दोनों तेलुगू राज्यों में कई हिट फिल्मों को डिस्ट्रीब्यूट किया है।



# शुभमन को टी20 टीम से बाहर रखने का कारण सामने आया

## बीसीसीआई चाहता है कि अभी एकदिवसीय विश्वकप पर ही ध्यान दें

एजेंसी, मुम्बई

भारतीय टी20 टीम के नये कप्तान की दौड़ में शुभमन गिल को प्रमुख दावेदार माना जा रहा था पर उनकी जगह पर श्रेयस अय्यर को कप्तानी मिल गयी। इस पर कई प्रशंसकों का हैरान भी हुई क्योंकि शुभमन ने हाल ही में समाप्त हुए आईपीएल में 700 से अधिक रन बनाये थे। वहीं अब उन्हें टी20 टीम की कप्तानी नहीं दिये जाने का कारण सामने आया है। चयन समिति ने शुभमन कहा दिया था कि अभी वह 2027 एकदिवसीय विश्व कप तक टेस्ट और एकदिवसीय मुकाबलों तक ही सीमित रहें। जिससे वह बड़े आईसीसी टूर्नामेंटों के लिए तरोताजा बने रहें। चयनकर्ताओं को लगता था कि अगर शुभमन तीनो प्रारुपों की कप्तानी करेंगे तो उन्हें थकान होने की आशंका है क्योंकि भारतीय टीम का अगले 18 महीने का कार्यक्रम बेहद व्यस्त है। गौरतलब है कि गिल को 2027 विश्व कप शुरू होने से पहले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के नौ टेस्ट मैचों में भारत की कप्तानी करनी है और करीब 35 एकदिवसीय भी खेलने हैं। इसके अतिरिक्त, वह आईपीएल में गुजरात टाइटन्स के कप्तान भी हैं। ऐसे में उन्हें टेस्ट और एकदिवसीय विश्व कप के लिए पूरी तरह से फिट और केंद्रित रखना जरुरी है। इसी कारण चयनकर्ता उन्हें सभी प्रारूपों में एक साथ खेलने के बोझ से बचाना चाहते हैं जिससे उनकी फॉर्म और फिटनेस प्रभावित न हो और वह बड़े मुकाबलों में प्रभावी भूमिका निभा सकें। इसके अलावा, वर्तमान टी20 टीम में शीर्ष क्रम में संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और पदार्पण करने जा रहे वैभव सूर्यवंशी जैसे खिलाड़ी पहले से ही मौजूद हैं। ऐसे में किसी और बल्लेबाज को शीर्ष क्रम बल्लेबाज को शीर्ष क्रम में शामिल करना टीम संतुलन को बिगाड़ देगा। शुभमन की कमजोर आईपीएल फॉर्म को देखते हुए, उन्हें टी20 टीम से बाहर रखने का मुख्य कारण भविष्य को देखते हुए बनायी गयी रणनीतिक प्राथमिकता ही है, न कि प्रदर्शन। इसी कारण शुभमन को टी20 प्रारुप में शामिल नहीं किया गया है पर माना जा रहा है कि साल 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक या ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले उन्हें फिर से इस प्रारूप में शामिल किया जा सकता है। साल 2028 में होने वाले दो बड़े टी20 टूर्नामेंट के लिए अभी काफी समय है। ऐसे में शुभमन का ध्यान निकट भविष्य के मुकाबलों पर है।




## अगले दो दशक तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दबदबा बनाना चाहते हैं वैभव

एजेंसी, मुम्बई

15 साल के उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी भारतीय टी20 टीम में जगह मिलने पर बेहद खुश हैं। वैभव का कहना है कि उनका लक्ष्य अगले दो दशक तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलना है। इस बल्लेबाज ने एक राजस्थान रॉयल्स के मैनेजर रोमी भिंडर को दिए गए एक साक्षात्कार में कहा कि वह इस प्रारुप में दबदबा बनाना चाहते हैं। वैभव को घरेलू क्रिकेट के बाद आईपीएल में भी बेहतरीन प्रदर्शन के लिए आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 दौरों के साथ-साथ ही एशियाई खेलों के लिए शामिल किया गया है। अपने लक्ष्यों को लेकर वैभव ने कहा, मैं केवल खेलने नहीं आया हूं। मैं अगले 10 से 20 साल तक प्रभावी प्रदर्शन चाहता हूं। उन्होंने आईपीएल फाइनल के बाद पूर्व कप्तान विराट कोहली के साथ हुई मुलाकात को याद करते हुए कहा जब उन्होंने मेरे कंधे पर हाथ रखा, तो असल में मुझे लग रहा था कि मेरा सपना पूरा हो गया है। यह पल उनके लिए केवल एक मुलाकात से कहीं बढ़कर था, यह एक युवा खिलाड़ी के लिए किसी सपने के सही होने जैसा था।



आईपीएल 2026 के अपने प्रदर्शन को लेकर हुए, वैभव ने माना है कि व्यक्तिगत सफलता के बावजूद कुछ निराशा भी थी। उन्होंने कहा, अगर अंतिम मैच में हम जल्दी विकेट नहीं खोते तो हम आईपीएल 2026 का फाइनल खेल रहे होते। अपनी टीम राजस्थान रॉयल्स के भविष्य के लिए उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हम अधिक से अधिक बार ट्रॉफी जीतना चाहेंगे।साथ ही कहा कि उन्हें लाल गेंद क्रिकेट से भी प्यार है। उन्होंने कहा, मुझे लाल गेंदब वाला क्रिकेट खेलना है क्योंकि मैं इसे पसंद करता हूं। मेरा सपना तीनों प्रारुपों में खेलना है। वैभव अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने को लेकर उत्साहित होने के साथ ही आत्मविश्वास से भरे दिखे।

## श्रेयस अय्यर सफल कप्तान साबित होंगे : रोहित

एजेंसी, मुम्बई

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने टी20 प्रारुप के लिए कप्तान बनाये गये श्रेयस अय्यर की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनमें वो सभी खूबियां है जो सफल कप्तान में होनी चाहिये। ऐसे में कप्तान के तौर पर उनका कार्यकाल सफल रहेगा। रोहित के अनुसार कप्तान के तौर पर उन्हें आईपीएल और घरेू क्रिकेट में अच्छा अनुभव है जो उनके काम आयेगा। उन्होंने कहा है कि अय्यर भारतीय टीम को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और देश के भावी कप्तान के रूप में एक शानदार कार्यकाल बिताएंगे। रोहित ने कहा कि श्रेयस को आईपीएल कप्तानी के अनुभवों का भी लाभ मिलेगा। रोहित ने कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स को 2024 का खिताब जिताने और फिर 2025 में पंजाब किंग्स को फाइनल तक पहुंचाने के उनके अच्छे रिकॉर्ड को देखते हुए, उन्हें पूरा विश्वास है कि वह भारतीय टीम की कप्तान संभालने के लिए तैयार हैं। टी20 मुंबई लीग के ब्रांड एंबेसडर बने रोहित ने कहा, मुझे भरोसा है कि पिछले कुछ साल में उन्होंने अपनी फ्रेंचाइजी के लिए जिस तरह से कप्तानी की है, उसे देखते हुए उनका समय अच्छा रहेगा। रोहित ने कहा कि मुंबई के क्रिकेटरों के लिए कुछ भी आसान नहीं होता क्योंकि मुकाबला कड़ा होता है। उन्होंने कहा, देखिए, मुंबई में खेलना और मुंबई का प्रतिनिधित्व करना आपको बहुत कुछ सिखाता है क्योंकि यहां कुछ भी आसानी से नहीं मिलता।



## गुलाबी गेंद के इस्तेमाल के पक्ष में गौतम गंभीर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने टेस्ट क्रिकेट में खराब रोशनी की स्थिति से निपटने के लिए गुलाबी गेंद के इस्तेमाल का समर्थन किया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा हाल ही में लिए गए फैसले का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि यदि किसी मैच का परिणाम निकालने का अवसर मौजूद हो तो उसे हर हाल में सुनिश्चित किया जाना चाहिए। टेस्ट क्रिकेट में अक्सर खराब रोशनी के कारण खेल रोकना पड़ता है, जिससे मैच का समय प्रभावित होता है और कई बार नतीजा भी नहीं निकल पाता। इसी समस्या के समाधान के लिए आईसीसी ने एक नया प्रयोग मंजूर किया है। इसके तहत पारंपरिक लाल गेंद से शुरू होने वाले टेस्ट मैचों में यदि रोशनी की समस्या पैदा होती है और दोनों टीमें सहमत हों, तो फ्लडलाइट की रोशनी में गुलाबी गेंद का इस्तेमाल किया जा सकेगा। इस व्यवस्था का उद्देश्य खेल के अधिक से अधिक ओवर पूरे कराना और मैच को परिणाम तक पहुंचाने की संभावना बढ़ाना है। आईसीसी बोर्ड की हालिया बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

## सूर्यकुमार को बाहर नहीं किया गया बल्कि आराम दिया गया है : एमएसके प्रसाद

एजेंसी, मुम्बई

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व चयनकर्ता एमएसके प्रसाद का कहना है कि सूर्यकुमार यादव को भारतीय टी20 टीम से बाहर किये जाने की बातें गलत हैं। वास्तवकता ये है कि उन्हें आराम दिया गया है। वहीं इससे पहले शनिवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आयरलैंड और -इंग्लैंड दौरे के अलावा एशियाई खेलों के लिए भी टीम घोषित कर दी थी पर इसमें सूर्यकुमार को शामिल नहीं किया गया। चयनकर्ताओं ने सूर्यकुमार की जग श्रेयस अय्यर को नया कप्तान भी बना दिया। इससे ये कहा जा रहा है कि सूर्यकुमार का अंतरराष्ट्रीय करियर अब समाप्ता हो गया है। उनकी कप्तानी में भारतीय टीम ने 2026 टी20 विश्व कप खिताब जीता था पर इस दौरान उनका स्वयं का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। इसी कारण इस बार उन्हें टीम में जगह नहीं मिली। वहीं प्रसाद का कहना है कि सूर्यकुमार को जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पांड्या की तरह आराम दिया गया है और वह जल्द ही टीम में वापसी करेंगे। प्रसाद ने कहा, आप अपने विश्वकप विजेता कैप्टन को ऐसे नहीं हटाते। जिस प्रकार से बुमराह और हार्दिक पांड्या को आराम दिया गया है। मेरा मानना है कि उसकी प्रकार से ही सूर्यकुमार को भी आराम दिया गया होगा। उन्होंने आगे कहा, "वह बहुत अच्छा और बहुत बड़ा खिलाड़ी है, उसे इस प्रकार से अचानक ही बाहर नहीं किया जा सकता। दूसरी बोर बोर्ड ने सूर्या को किसी भी दौरे के लिए नहीं रखा है जबकि बुमराह का नाम एशियाई खेलों के लिए शामिल है।



# बिजनेस

## टॉप 10 में शामिल सात कंपनियों का मार्केट कैप 1.25 लाख करोड़ से अधिक गिरा

एजेंसी, नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजार में पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में शामिल सात कंपनियों के मार्केट कैप में गिरावट आ गई, जबकि तीन कंपनियों के मार्केट कैप में बढ़ोतरी हो गई। शीर्ष स्थान पर मौजूद इन दस कंपनियों में से सात के मार्केट कैप में सोमवार से शुक्रवार तक के कारोबार के बाद 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आ गई। इनमें सबसे अधिक नुकसान देश में सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ, जबकि मार्केट कैप में गिरावट के मामले में दूसरा स्थान टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने हासिल किया। दूसरी ओर, टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में शामिल कंपनियों में शेष बची तीन कंपनियों के मार्केट कैप में 21 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। मार्केट कैप में बढ़ोतरी होने के मामले में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) सबसे आगे रही, जबकि आईसीआईसीआई बैंक दूसरे स्थान पर रही। इस सप्ताह के कारोबार के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, लार्सन एंड टूब्रो, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मार्केट कैप में 1,25,670.23 करोड़ रुपये की गिरावट आ गई। दूसरी ओर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक के मार्केट कैप में 21,278.42 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। सोमवार से शुक्रवार के बीच हुए चार दिन के कारोबार के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 39,718 करोड़ रुपये घट कर 17,47,321.40 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया। इसी तरह टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 20,134.66 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 7,95,346.09 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसके अलावा, भारती एयरटेल का मार्केट कैप 18,736.04 करोड़ रुपये कम होकर 10,96,150.49 करोड़ रुपये के स्तर पर, लार्सन एंड टूब्रो (एलएंडटी) का मार्केट कैप 16,880.20 करोड़ रुपये की कमजोरी के साथ 5,43,956.44 करोड़ रुपये के स्तर पर, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मार्केट कैप 14,610.74 करोड़ रुपये फिसल कर 5,05,873.32 करोड़ रुपये के स्तर पर, बजाज फाइनेंस का मार्केट कैप 9,681.36 करोड़ रुपये की कमजोरी के साथ 5,53,580.97 करोड़ रुपये के स्तर पर और हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 5,909.23 करोड़ रुपये घट कर 4,98,301.31 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। दूसरी ओर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) का मार्केट कैप 12,692.09 करोड़ रुपये की उछाल के साथ 9,02,523.63 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसी तरह आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 4,484.86 करोड़ रुपये बढ़ कर 9,05,074.77 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा, एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 4,101.47 करोड़ रुपये उछल कर 11,50,743.31 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज 17,47,321.40 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के साथ देश की सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रही। इसके बाद एचडीएफसी बैंक (कुल मार्केट कैप 11,50,743.31 करोड़ रुपये), भारती एयरटेल (कुल मार्केट कैप 10,96,150.49 करोड़ रुपये), आईसीआईसीआई बैंक (कुल मार्केट कैप 9,05,074.77 करोड़ रुपये), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कुल मार्केट कैप 9,02,523.63 करोड़ रुपये), टीसीएस (कुल मार्केट कैप 7,95,346.09 करोड़ रुपये), बजाज फाइनेंस (कुल मार्केट कैप 5,53,580.97 करोड़ रुपये), लार्सन एंड टूब्रो (कुल मार्केट कैप 5,43,956.44 करोड़ रुपये), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) (कुल मार्केट कैप 5,05,873.32 करोड़ रुपये) और हिंदुस्तान यूनिलीवर (कुल मार्केट कैप 4,98,301.31 करोड़ रुपये) के नाम सबसे मूल्यवान टॉप 10 कंपनियों के लिस्ट में दूसरे से दसवें स्थान पर बने रहे।



## घरेलू सर्राफा बाजार में थमा नहीं गिरावट का दौर, सोना और चांदी की घटी चमक

### एक सप्ताह में 4,690 रुपये तक सस्ता हुआ सोना

एजेंसी, नई दिल्ली

घरेलू सर्राफा बाजार में रविवार को जबरदस्त गिरावट का रुख नजर आ रहा है। चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर हिस्सों में आज सोना 2,740 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 2,960 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। चेन्नई में सोने की कीमत में 2,490 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 2,740 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट के बावजूद अभी भी चेन्नई में सोना सबसे महंगा बना हुआ है। सोना की तरह ही चांदी की कीमत में भी आज 9,900 रुपये प्रति किलोग्राम तक की कमजोरी आ गई है। साप्ताहिक आधार पर देखें तो पिछले सप्ताह के कारोबार में सोना की कीमत में कमजोरी दर्ज की गई है। पिछले सप्ताह के कारोबार में 24 कैरेट सोने की कीमत में 4,690 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट आ गई। इसी तरह 22 कैरेट सोना साप्ताहिक आधार पर 4,300 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। चांदी के भाव में भी पिछले सप्ताह के कारोबार में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। इस गिरावट के कारण चांदी पिछले सप्ताह के भाव की तुलना में 15 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ती हो गई। भाव में आई गिरावट के कारण देश के सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,52,760 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,54,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,40,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,42,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,65,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,52,910 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,40,150 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,52,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,40,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,52,810 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,40,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,54,910 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,42,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,52,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,40,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,52,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,40,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।



## केंद्र ने खाने के तेल के लिए स्टैंडर्ड पैकेजिंग साइज किया अनिवार्य, नौ तरह का साइज हुआ तय

एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने खाने के तेल के लिए स्टैंडर्ड पैकेजिंग साइज अनिवार्य किया है, ताकि ग्राहक अलग-अलग ब्रांड की कीमतों की तुलना कर सकें। अब कंपनियों को 200 ग्राम से लेकर 20 किलोग्राम तक के तय पैकेट में ही खाद्य तेल बेचना होगा। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में बताया कि उपभोक्ता मामलों के विभाग ने 'लीगल मेट्रोलॉजी' फ्रेमवर्क के तहत खाने के तेल के लिए स्टैंडर्ड पैक साइज तय किए गए हैं। सरकार की जारी अधिसूचना के अनुसार अब कंपनियों को 200 ग्राम से लेकर 20 किलोग्राम तक के तय पैकेट में ही खाद्य तेल को बेचना होगा। मंत्रालय ने कहा कि इस कदम का मकसद उपभोक्ताओं को अलग-अलग ब्रांड की कीमतों की तुलना करने और सोच-समझकर खरीदारी का फैसला लेने में मदद करना है। मंत्रालय के मुताबिक संशोधित स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर में मुख्य खाद्य तेलों ( जैसे पाम, सोयाबीन, सूरजमुखी, सरसों, मूंगफली, तिल, राइस ब्रान, बिनौला और मक्का का तेल) और ब्लेंडेड खाद्य तेलों के लिए नौ स्टैंडर्ड पैक साइज़ तय किए गए हैं, जिसमें 200 मिली/ग्राम, 500 मिली/ग्राम, एक लीटर/किग्रा, 2 लीटर/किग्रा, 3 लीटर/किग्रा, 4 लीटर/किग्रा, पांच लीटर/किग्रा, 15 लीटर/किग्रा और 20 लीटर/किग्रा शामिल है। अधिसूचना के अनुसार 200 ग्राम या 200 मिलीलीटर से कम के पैकेटों पर कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा।



## अगले सप्ताह सिर्फ एक कंपनी के आईपीओ की लॉन्चिंग, छह कंपनियों के शेयर होंगे लिस्ट

एजेंसी, नई दिल्ली

सोमवार यानी आठ जून से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में मामूली हलचल रहने वाली है। इस सप्ताह सिर्फ एक कंपनी अपना आईपीओ लॉन्च कर रही है। ये आईपीओ एसएमई सेगमेंट का है। इस सप्ताह मेनबोर्ड सेगमेंट का कोई आईपीओ नहीं खुलने वाला है। इस इकलौते आईपीओ के अलावा पिछले सप्ताह खुले चार आईपीओ में भी इस सप्ताह निवेशक बोली लगा सकेंगे। इन चार आईपीओ में से तीन एसएमई सेगमेंट के हैं, जबकि एक आईपीओ मेनबोर्ड सेगमेंट का है। इस सप्ताह छह कंपनियां स्टॉक मार्केट में एंट्री करने वाली हैं। इस सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन 12 जून को हॉरिजॉन रिक्लेम इंडिया का 54.27 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में 16 जून तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 98 रुपये से लेकर 103 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,200 शेयर का है।




आईपीओ की क्लोजिंग के बाद कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग 19 जून को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर हो सकती है। इस नए आईपीओ के अलावा पिछले सप्ताह चार जून को सब्सक्रिप्शन के लिए खुले वाह केमिकल्स के 13.45 करोड़ रुपये के आईपीओ में कल यानी आठ जून तक बोली लगाई जा सकती है। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 60 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 2,000 शेयर का है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 11 जून को कंपनी के शेयर बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। अभी तक इस पब्लिक इश्यू को 6.48 गुना सब्सक्रिप्शन मिल चुका है। इसी तरह चार जून को ही सब्सक्रिप्शन के लिए खुले यूएचएम वैकेसन के 36.02 करोड़ रुपये के आईपीओ में भी कल यानी आठ जून तक बोली लगाई जा सकती है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।